e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 75
शनिवार
16.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
सपने वो नहीं होते हैं जो आप सोने के बाद देखते हैं, सपने वह होते हैं जो आपको सोने नहीं देते।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत
## पश्चिमी सिंहभूम जिला के हाटगम्हरिया एवं बंदगांव में
# डिग्री महाविद्यालय
## तथा अन्य योजनाओं का
# शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह



**मुख्य अतिथि**

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक : 16 मार्च 2024
समय : पूर्वाह्न 10:00 बजे
स्थान : टाटा कॉलेज ग्राउंड, चाईबासा

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री अर्जुन मुंडा**
माननीय मंत्री, जनजातीय कार्य एवं कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री दीपक बिरुवा**
माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और परिवहन विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती गीता कोड़ा**
माननीय सांसद, सिंहभूम लोकसभा

**गरिमामयी उपस्थिति**

**श्रीमती जोबा माझी**
माननीय विधायक, मनोहरपुर

**श्री निरल पुरती**
माननीय विधायक, मझगांव

**श्री दशरथ गागराई**
माननीय विधायक, खरसावां

**श्री सुखराम उरांव**
माननीय विधायक, चक्रधरपुर

**श्री सोनाराम सिंकु**
माननीय विधायक, जगन्नाथपुर

**सुश्री लक्ष्मी सुरेन**
माननीय जिला परिषद अध्यक्षा चाईबासा



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR NO -316098 (IPRD) 23-24

चतरा प्रखंड के पंचायत सिलदाग व हेरहंज प्रखण्ड के तासू पंचायत में संपन्न हुआ शिव गुरु चर्चा

# शिव की शिष्यता स्वयं को करती है सुगंधित व आनंदित : भाई धनंजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चतरा प्रखंड अंतर्गत पंचायत सिलदाग में आयोजित शिव गुरु चर्चा सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में भाई धनंजय ने कहा कि महेश्वर शिव को अपना गुरु बना कर अपने सोए हुए निजी धर्म को जगा लें। शिव की शिष्यता स्वयं को सुगंधित और आनंदित करती है। जो जागा वही जाना, खुद को जानना परम धर्म है। और शिव हमारे परम गुरु हैं। परम गुरु शिव के सानिध्य में परम विचार जाग्रत होते हैं। जिनके फलस्वरूप जीवन में महायात्रा प्रारंभ होती है। जन जन को शिव गुरु से जोड़ना इस जीवन में नेक कार्य है। इस नेक कार्य को जन जन में स्थापित करना है। इस आयोजन में भाई कमलदेव जी, भाई अजीत जी, भाई निर्मल जी, भाई विजय जी, भाई धनेश्वर जी, भाई सुर्य देव जी आदि उपस्थित थे। इससे पूर्व हेरहंज प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत तासू में शिव गुरु चर्चा का आयोजन पंचायत स्तर पर किया गया। यहां अमृत वर्षा करते हुए भाई धनंजय ने कहा कि महेश्वर शिव गुरु की शिष्याता मानव मन को सबल बनाती है और मानसिक बिमारी से मुक्त करती है। आध्यात्मिक गुरु महेश्वर शिव कि सानिध्य में आंतरिक जगत को जानने पहचानने का अवसर प्राप्त होता है, शिव सबके हैं,सब में है, सभी को हक है महेश्वर शिव को अपना गुरु बनाने और जानने का। शिव शिष्यता के शिखर पर विश्व स्वर्ग होगा। आइए इस शिव शिष्यता के अभियान में सम्मिलित होकर अपने निजी धर्म को उपलब्ध हो। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे। बता दें कि शिव शिष्य परिवार के विश्वप्रसिद्ध मठाधीश व वक्ता आचार्य भाई धनंजय इन दिनों झारखंड के विभिन्न जिलों में शिव गुरु चर्चा में भाग ले रहे हैं। वे शिव के प्रति श्रद्धा रखने वाले और शिव को अपना गुरु मानने वाले भक्तों के बीच शिव गुरु चर्चा कर सनातन धर्म को आगे बढ़ा रहे हैं। भाई धनंजय भारत देश के कोने कोने में शिव गुरु चर्चा में भाग लेते हैं। भाई धनंजय नेपाल, भूटान, मलेशिया, टोक्यो आदि देशों में भी जाकर शिव गुरु चर्चा में भाग लेते हैं और वहां के लोगों को शिव की शिष्याता के बारे में बोध कराते हैं।

## एसडीओ ने बीएलओ व पदाधिकारियों के साथ शत प्रतिशत मतदान को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** शतप्रतिशत मतदान, मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को बुनियादी सुविधा व मतदाता सूची से स्थानांतरित, अनुपस्थित व मृत मतदाताओं की संख्या हटाने को लेकर मोहम्मदगंज प्रखंड सभागार में शुक्रवार को हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा ने बीएलओ, बीडीओ, सीओ के साथ बैठक किया। बैठक में चुनाव को पारदर्शी से संपन्न कराने के लिये कई दिशा निर्देश दिया। मतदान केंद्र का रूट चार्ट पर चर्चा की गई। सभी बूथों का भौतिक सत्यापन की जानकारी प्राप्त किया। इस बार का लोकसभा चुनाव का सभी बूथों का क्लस्टर जिला मुख्यालय में होगा.जहा से सीधा मतदान कर्मी अपने बूथों पर निश्चित समय पर मॉक पॉल के बाद मतदान कार्य शुरू करेंगे। शतप्रतिशत मतदान कराना सुनिश्चित करने की जम्मेवारी मतदानकर्मियों को दिया गया. इस मौके पर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ रणवीर कुमार, विवेकानंद पटेल, मोहम्म नौशाद आलम, राजीव कुमार व कई बीएलओ मौजूद थे।

## शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में भंडारे का किया गया आयोजन



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुअरी में श्री शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ के पूर्णाहुति उपरांत विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता महुअरी पंसस बद्रीनारायण सिंह पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर मुखिया लाल बाबू सत्यनारायण सिंह मिथलेश सिंह विनय सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मुस्लिम समुदाय के लोगो ने किया रमजान में पहले जुम्मा कि नमाज अदा



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पवित्र माह ए रमजान के प्रथम शुक्रवार को अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिदों में रमजान की जुम्मा कि नमाज अदा किये. अनुमण्डल मुख्यालय सहित आसपास के विभिन्न मस्जिदों में जुम्मा की नमाज के लिए रोजेदारों की भीड़ देखी गई. पहले जुमे के दिन बड़ी संख्या में नमाजियों ने खुदा की बारगाह में सजदा किया। हजारों सर खुदा की बारगाह में झुके. देश में अमन चैन की दुआए मांगी गई। चेचरिया मस्जिद, बरडीहा मस्जिद, नरही मस्जिद, कधवन मस्जिद, कोइन्दी जमा मस्जिद,सोनवर्षा मस्जिद, जमा मस्जिद हुलहुला सहित अन्य मस्जिदों में भी काफी संख्या में रोजेदारों ने जुम्मे की नमाज अदा किया.चेचरिया मस्जिद के पेशे इमाम मौलाना अब्दुल कादिर साहब ने रमजान के पवित्र महीने की महिमा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिये. उन्होंने कहा कि रमजान के रोजे सभी मुस्लिमों के लिए फर्ज है. इस महीने में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं.जुम्मे के अवसर पर महिलाओं ने घरों में नमाज अदा की। माहे रमजान में पहला जुम्मे के रोजे में नमाज के बाद अल्लाह के रसूल हजरत मोहम्मद साहब की शान में सलाम पेश किया गया। मौके पर सदर तौहीद खान, सरपरस्त शमीम खान, तस्लीम खान सीनियर, प्रतिष्ठित व्यवसायी आमीन खान, आजाद खान, तस्लीम खान, लालबाबु खान, महमूद आलम, फुलटून खान, मेराजुद्दीन खान, बरडीहा सदर मुश्ताक अहमद शेख, हाफ़िज अब्दुल हकीम, हाफ़िज मनउवर अंसारी, मसउवर अंसारी, उस्मान अंसारी, साबिद अंसारी, डॉ रिज़वान अहमद, डॉ असगर अली, साजिद रजा, परवेज, रासिब, शाहिद, मकसूद, इंतजार, असलम, नौसाद सहित अन्य बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बीडीसी की हुई बैठक, अनुपस्थित पदाधिकारी पर होगी करवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (बाजार) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड सभागार मे प्रखंड विकास समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी की अध्यक्षता मे हुई। बैठक की संचालन सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपन ने किया। बैठक मे शिक्षा ,पेयजल एवं स्वच्छता, समाजिक सुरक्षा, बाल विकास, कल्याण, अबुआ आवास, मनरेगा के अलावा सभी विभाग की समीक्षा की गई। समीक्षात्मक बैठक के दौरान खैरादोहार पंचायत समिति सदस्य श्री संतोष कुमार यादव ने मुद्दा उठाया कि झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास मे सबंधित कर्मी और पदाधिकारी के द्वारा जमकर पैसे की उगाही कर के अयोग्य लाभुक की योग्य बनाकर अबुआ आवास के लाभा दिया गया। नावाटांड पंचायत समिति के पति ने बैठक की सदन मे आवाज उठाया कि मनेरगा की पंचायत स्तरीय सोसल ऑडिट मे बिना सूचना की जन सुनवाई किया गया। उन्होंने ओड़िटर पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया की इस ऑडिट मे लीपापोती किया गया। बैठक मे काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने कहा कि बीडीसी की बैठक से गायब पदाधिकारी की विरुद्ध उपायुक्त महोदय पत्र लिखने के लिए प्रस्ताव मे पारित किया। साथी साथ उन्होंने बैठक मे यह भी उजागर किया कि अंचल के प्रधान सहायक अनिल कुमार एवं अंचल अमीन सौरभ कुमार की कार्य शैली से काफी संतोषजनक नहीं पाया गया। कार्यशैली की उदासीन रवैया से नाराज प्रमुख श्री रेशम कुमारी ने हटाने की बात कहा। उन्होंने यह भी कहा कि चेक स्लीप बनाने मे पैसा की उगाही किया जाता है। बैठक मे जीप सदस्य सुदामा पासवान, उप प्रमुख मीरा कुमारी पंचायती राज पदाधिकारी बिनोद कुमार रवि, आवास कॉडीनेटर नितीश कुमार खातरी, बीपीओ, बीपीएम, मुखिया जितेंद्र कुमार पासवान, बीडीसी सदस्य के आलावा कर्मी मौजूद थे।

## कृषक मित्रों ने की नियमित करने की मांग : बोले

## महंगाई में घर खर्च चलाना मुश्किल, मानदेय बढ़ाएं सरकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड कृषि कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रखंड क्षेत्र के सभी कृषकों ने विभिन्न प्रकार की अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को बैठक आयोजित किया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की राज्य सरकार कृषि मित्र को स्थाई कर व मानदेय वेतन बढ़ाए 16 तारीक को राज्य सरकार कैबिनेट में कृषि मित्र का प्रस्ताव नहीं लाती हैं और अगर आश्वासन ही देती रहीं तो हम सभी कृषि मित्र राज्य सरकार के खिलाफ़ हाई कोर्ट जाएंगे। बहाली होने के बाद से ही सभी कृषक मित्र सरकार व विभागीय अधिकारियों के आदेशानुसार सभी प्रकार के कार्य को करते आ रहे हैं। चाहे किसान क्रेडिट कार्ड हो या फसल बीमा हो, मिट्टी जांच, किसान कल्याण अभियान सहित तमाम प्रकार के कार्यों में तमाम प्रकार से सहयोग करते आ रहे हैं। इसके एवज में कृषक मित्रों को मात्र 12000 रुपये वार्षिक भुगतान किया जा रहा है। जो आज के इस महंगाई के दौर में एक मजदूरों की मजदूरी से भी यह काफी कम राशि है। इस प्रकार कृषक मित्रों को परिवार के भरण - पोषण करने, बच्चों की पढ़ाई लिखाई करने, बेटी की शादी करने सहित तमाम प्रकार के जीविकोपार्जन में काफी परेशानी हो रही है। मौके पर बैठक में शामिल किसान मित्र के ज़िला अध्यक्ष विनोद बैठा, किसान मोर्चा के ज़िला उपाध्यक्ष मनोज दास, सचिव राजेंद्र यादव, अनुज सिंह, जारद हुसैन, महेंद्र प्रसाद, शिव शंकर प्रसाद, महेंद्र चौरसिया, सरफुदीन अंसारी, अखिलेश यादव सहित कई लोग शामिल थें।

## लोकसभा कोर कमिटी व प्रबंधन समिति की बैठक में भाजपा नेता हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** राँची में रांची क्लस्टर अंतर्गत राँची खूंटी एवं लोहरदगा लोकसभा एवं विधानसभा कोर कमेटी एवं चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कार्यकर्ताओं को झारखंड के लोकसभा के 14 में से 14 लोकसभा सीट जीतने का आवाहन किया और कहा कि अबकी बार 400 पार के नारे को हकीकत में बदलने के लिए झारखंड के 14 कमल रूपी सांसद को मोदी जी के गले का हार बना कर भेजें। मौके पर खूंटी लोकसभा प्रभारी रविन्द्र राय खूंटी लोकसभा संयोजक कोचे मुंडा सह संयोजक ओमप्रकाश साहु जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक पूर्व मंत्री विमला प्रधान पूर्व विधायक निर्मल कु बेसरा सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव रामअवध साहु दुर्गाविजय सिंहदेव अमरनाथ बामलिया संजय ठाकुर भोला साहू श्रद्धानंद बेसरा सुजान मुंडा मनोज साय प्रणव कुमार रवि गुप्ता नरेंद्र बड़ाईक रामविलास बड़ाईक दिलेश्वर सिंह मोतीलाल सिंह अजय जायसवाल सुरेंद्र प्रसाद मंगल सिंह भोक्ता प्रतिमा देवी दीपनारायण दास जोगिंदर मांझी सुमंत बीसी मौजूद थे।

## सिमडेगा कॉलेज के छात्रो को मिला डिग्री सर्टिफिकेट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** रांची यूनिवर्सिटी रांची मे आयोजित 37 दीक्षांत समरोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि झारखण्ड के राज्यपाल और विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा भारत सरकार के गरिमाई उपस्थित मे सम्पन हुवा। इस बार सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा के भूगोल से 11 लोग और एक फ़िलोस्फ़ी बिभाग के विद्यार्थी को रांची यूनिवर्सिटी रांची के दीक्षांत समारोह मे मास्टर डिग्री का सर्टिफिकेट और उपाधि दिया गया। उपाधि पाने वाले विद्यार्थी में संजय ग्वाला, सूरज मिश्रा, लवलीन टेटे, सुगंती सुरीन, अनुग्रहित, दुर्गा कुमारी, बबिता लुगुण, रोश्मनी, एडलीन आदि स्टूडेंट ने प्राप्त किया। सभी बहुत खुश नजर आये।

## नव पदस्थापित सीओ मधूश्री मिश्रा का उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** जिले के कुडू अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह का तबादला होने के बाद कुडू अंचलाधिकारी के तौर पर राज्य सरकार की ओर से मधूश्री मिश्रा को कुडू अंचल की बागडोर सौंपी है। इधर नव पदस्थापित अंचलाधिकारी मधूश्री मिश्रा को कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने उनके कार्यकाल कक्ष में मिलकर बुके एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। यहां पर नये सीओ मधूश्री मिश्रा का स्वागत समारोह कार्यक्रम के उपरांत उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने क्षेत्र में जमीन संबंधी सभी तरह के मामलों तथा जाति,आवासीय, आय ,एवं अन्य मामले के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने को लेकर बात रखी उन्होंने नव पदस्थापित अंचलाधिकारी मधूश्री मिश्रा से आग्रह करते हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को तरजीह देते हुए सरकार के गाइडलाइंस का अनुपालन करते हुए ससमय लंबित पड़े जमीन संबंधी मामलों का निपटारा किए जाने की मांग रखी। जिसपर नव पदस्थापित अंचलाधिकारी मधूश्री मिश्रा ने उप प्रमुख ऐनुल अंसारी को आश्वस्त करते हुए अपने दायित्वों का शत-प्रतिशत निर्वहन करने की बात कही। नये सीओ मधूश्री मिश्रा ने उप प्रमुख ऐनुल अंसारी को भरोसा दिलाया और कहा कि क्षेत्र में जमीन संबंधी मामलों के निपटारे हेतु हमेशा कटिबद्ध रहूंगी और जनता को ससमय उन्हें उनका हक अधिकार दिलाने का प्रयास करूंगी।

## विद्युत विभाग ने बकाएदारों को शीघ्र भुगतान करने की हिदायत दी



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रत्येक माह की 26 तारीख को हैदरनगर में लगने वाला विद्युत कैंप होली पर्व के मद्देनजर 29 मार्च को लगेगा। इस माह के बाद से पूर्व की तिथि लागू रहेगी। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं को अपने बिल का भुगतान किसी कार्य दिवस को विद्युत कार्यालय जपला में या 29 मार्च को हैदरनगर में आयोजित कैंप में कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया जायेगा, साथ ही दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुक्तान ससमय करने की हिदायत दी। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को भी चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर भी दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

# धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण शुद्ध और पवित्र हो जाता है : बीडी राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** महाशिवरात्रि पर्व पर उंटारी रोड प्रखंड के प्रसिद्ध देव स्थल शिव संपत धाम परिसर में आयोजित रासलीला कार्यक्रम में अंतिम दिन पलामू सांसद विष्णु दयाल राम बतौर मुख्य अतिथि शामिल आई। उन्होंने राधाकृष्ण की आरती कर रासलीला कार्यक्रम की शुरुआत की। इससे पहले सांसद बी डी राम शिव संपत धाम मंदिर के गर्भगृह में जाकर भगवान शंकर की विशेष पूजा अर्चना की। वे भगवान भोले की आरती में भी शामिल रहे.उन्होंने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण शुद्ध और पवित्र हो जाता है। अनुष्ठान से जहां आम लोगों को सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है,वहीं क्षेत्र में अमन चैन कायम रहता है.इसलिए धार्मिक अनुष्ठान हमेशा होते रहना चाहिए। सांसद ने धाम विकास समिति के अध्यक्ष सह जिलापर्षद अरविंद सिंह की जमकर तारीफ की। कहा कि इन्होंने इस धार्मिक स्थल को काफी विकसित किया है। इन्ही के प्रयास से शिव संपत धाम को काफी धार्मिक प्रसिद्धि भी मिली है। और अब वे धाम क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु प्रयासरत हैं। उनके प्रयासों को हमारा भी भरपूर समर्थन है। वरीय भाजपा नेता अरविंद सिंह ने कहा कि सांसद विष्णु दयाल राम ने अपने दस वर्षो के कार्यकाल में विकास की एक बड़ी रेखा खींची है.इन्होंने पलामू संसदीय क्षेत्र में हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं को धरातल पर उतारा है। पलामू की आवाज को देश में ही नही विदेशों में भी बुलंद किया है। इसीलिए पार्टी ने इन्हे तीसरी बार प्रत्यासी बनाया है। श्री राम इस बार और भी ज्यादा अंतर से जीत हासिल करेंगे। मथुरा वृंदावन के कलाकारों ने राधे कृष्ण के लीलाओं का जिवंत चित्रण किया। इस दौरान धाम समिति द्वारा सांसद सहित सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सांसद ने भी कलाकारों का माल्यार्पण कर हौसला अफजाई किया। मौके पर भाजपा नेता विभाकार नारायण पांडेय, प्रफुल्ल सिंह, अलख दुबे, ईश्वरी पांडेय, रघुवीर सिंह यादव, अगस्त तिवारी, बाबू राम दीक्षित, विश्वंभर दीक्षित, डा योगी सिंह, सुनील कुमार सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# स्कूल में अर्जित किया गया ज्ञान आता है जीवन भर काम : कुलपति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** स्कूल से अर्जित किया गया ज्ञान बच्चों को जीवन भर काम आता है, उन्हें पढ़ाई के साथ अनुशासन भी बनाए रखने की जरूरत है। जीवन में कामयाब होने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है। केवल डिग्रियां नौकरियां नहीं दे सकती, हमें योग्य बनना होगा। उक्त बातें रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलपति डां कल्याण कुमार ने कहा। वे गुरुवार को विश्रामपुर के भंडार गांव स्थित माउंट टेरा स्कूल के दुसरे वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वर्तमान शिक्षा व शैक्षणिक व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति में बहुत कुछ बदलाव हुआ है उसके अनुरूप छात्रों को शिक्षा प्राप्त करना होगा। वहीं संस्थान को भी आगे बढ़कर का बदलाव के अनुरूप शैक्षणिक कार्य करने की जरूरत है। भविष्य का नींव यहीं तैयार होता है। इसके पूर्व रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलपति कल्याण कुमार, शिक्षाविद अशोक पांडेय, संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सचिव शशि नाथ चौबे, भृगूनाथ सिंह, प्रोफेसर बिजय शुक्ला, संस्थापक सह विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनोद पांडेय, विद्यालय के निदेशक शिवाशीष पांडेय, रमेश पांडेय, रजनीकांत पांडेय, श्रीनारायण पांडेय, उप प्रमुख सत्येन्द्र नारायण सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सचिव शशि नाथ चौबे ने कहा संस्कार विद्यालय में ही संभव है, अच्छे संस्कार से हीं बच्चों में सारे गुण आते है विद्यालय अपने नाम के अनुरूप बच्चों में शिक्षा देने का कार्य करें। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक सह विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन विनोद पांडेय व संचालन प्रोफेसर बिजय शुक्ला ने किया, संस्थापक सह विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने कहा कि पैसों के अभाव में हम बेहतर शिक्षा नहीं प्राप्त कर सकें। मन में बनी टीस आज विद्यालय खोलने को मुझे प्रेरित किया, जहां ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से बेहतर शिक्षा दी जा रही है। मौके पर कई गण्यमान सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक व अभिभावक कार्यक्रम में मौजूद थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 75
शनिवार
16.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

सपने वो नहीं होते हैं जो आप सोने के बाद देखते हैं, सपने वह होते हैं जो आपको सोने नहीं देते।

**रोजा का समय**

इफ्तार (15.03.24): शाम 06:00 बजे

सेहरी (16.03.2024) 04 : 34 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## क्विक न्यूज

### लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले सीएम नीतीश ने लगाई सेंचुरी, कैबिनेट ने खोला पिटारा

**पटना :** बिहार कैबिनेट की बैठक में 108 एजेंडों पर मुहर लगी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। नीतीश सरकार ने राज्यकर्मियों को होली का तोहफा दिया है। राज्य को डीए चार फीसदी बढ़ा दिया गया है। यानी अब डीए अब 46 फीसदी से बढ़कर 50 फीसदी हो गया।

### देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो शुरू, यात्रियों ने लगाए भारत माता के जयकारे

**नई दिल्ली :** 6 मार्च को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकता में देश की पहली ऐसी ट्रेन का उद्घाटन किया था, जो पानी के अंदर चलती है. उद्घाटन के बाद से ही इस मेट्रो की चर्चा हर जगह होने लगी थी. ऐसे में आज से आम लोगों के लिए सेवाएं शुरू हो चुकी हैं. कोलकता मेट्रो ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया है. इस वीडियो में देखा जा सकता है कि लोग इस अंडरवाटर मेट्रो में सफर करने के लिए उत्साहित हैं. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि सफर करने के दौरान लोग वंदे भारत और भारत माता की जय के नारे लगा रहे हैं. इसमें सफर करने के लिए उत्साहित यात्रियों की लंबी लाइनें देखी गई.

### तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** दिल्ली शराब घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को गिरफ्तार कर लिया है. उन्हें तेलंगाना से दिल्ली लाया जा रहा है. जांच एजेंसी ईडी के सूत्र के मुताबिकङ्क बीआरएस नेता के.कविता को हिरासत में लेकर तेलंगाना से दिल्ली लाया गया. सूत्र के मुताबिक इस मामले में पूछताछ की तमाम कार्रवाई और अन्य औपचारिकता को दिल्ली में पूरा किया जाएगा. इससे पहले ईडी ने कविता के आवास सहित अन्य लोकेशन पर बड़ी कार्रवाई की. जांच एजेंसी ईडी के द्वारा किया गया सर्च ऑपरेशन हैदराबाद स्थित कविता के आवास सहित अन्य लोकेशन पर हुआ. यह एक्शन दिल्ली सरकार की पूर्व आबकारी नीति से जुड़े कथित हवाला लेनदेन के मामले में किया गया है.

### इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को दिया नोटिस, जताई निराशा

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़े यूनिक अल्फान्यूमरिक कोड नहीं बताने के मामले में नोटिस जारी किया है. इसी कोड के ज़रिए इलेक्टोरल बॉन्ड्स से चुनावी चंदा देने वालों और राजनीतिक पार्टियों के बीच मिलान संभव होगा. यानी पता चलेगा कि किस कंपनी या व्यक्ति ने किस राजनीतिक पार्टी को चुनावी चंदे के रूप में कितनी रक़म दी है. शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने एसबीआई से कहा,हमने इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी सभी अहम जानकारी सार्वजनिक करने के लिए कहा था. इनमें बॉन्ड के ख़रीदार, बॉन्ड की रक़म और ख़रीदने की तारीख़ शामिल हैं. बॉन्ड के सीरियल नंबर को आपने नहीं बताया है. हमने अपने फ़ैसले में सभी जानकारी सार्वजनिक करने के लिए कहा था.जस्टिस चंद्रचूड़ ने निराशा जताते हुए कहा कि अभी जब सुनवाई चल रही है तो एसबीआई को यहाँ मौजूद होना चाहिए था.

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

# आज होगा लोस चुनाव की तारीखों का एलान

**लोकसभा चुनाव का आयोजन 6 से 7 चरण में कराया जा सकता है।**

**चुनाव आयोग दोपहर 3 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका एलान करेगा।**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान आज यानी शुक्रवार को कर दिया जाएगा। इसके साथ ही कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा भी की जाएगी। चुनाव आयोग की ओर से बताया गया कि लोकसभा चुनाव और कुछ राज्य विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कल की जाएगी। चुनाव आयोग दोपहर 3 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका एलान करेगा।

मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और उससे पहले नई सरकार के गठन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। लोकसभा चुनाव के साथ आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव की तारीखों का भी एलान हो सकता है। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर में चुनाव होंगे या नहीं? यह भी कल साफ हो जाएगा। चुनाव की तारीखों के एलान को ईसीआई के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

### 2019 में कब-कब हुई थी वोटिंग?

2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो चुनाव आयोग ने 10 मार्च, 2019 को चुनाव की तारीखों की घोषणा की थी। चुनाव आयोग द्वारा 7 चरणों में 2019 के चुनाव कराए जाने की घोषणा की गई थी। ये चुनाव 11 अप्रैल से 19 मई तक चले थे। सभी चरणों की वोटों की गिनती एक साथ 23 मई को हुई थी।

### आचार संहिता होगी लागू

दोपहर चुनाव आयोग प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लोकसभा चुनाव और कई राज्यों में विधानसबा चुनाव के कार्यक्रम का पूरा शेड्यूल साझा करेगा। संभावना जताई जा रही है कि इस बार लोकसभा चुनाव का आयोजन 6 से 7 चरण में कराया जा सकता है। बता दें कि चुनाव तारीखों की घोषणा होने के साथ ही पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी।




**निर्वाचन आयोग के आयुक्तों के पद के खाली होने के बाद केंद्र सरकार पर विपक्ष लगातार हमले कर रहा था।**

### नए चुनाव आयुक्तों ने संभाला कार्यभार

वर्तमान में निर्वाचन आयोग का नेतृत्व राजीव कुमार कर रहे हैं। इनके अलावा दो नए चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने भी अपना कार्यभार संभाल लिया है। देशभर में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही है। इस बीच निर्वाचन आयोग के आयुक्तों के पद के खाली होने के बाद केंद्र सरकार पर विपक्ष लगातार हमले कर रहा था।

**सीएम ने डिग्री महाविद्यालय पोटका सहित 100 योजनाओं का किया शिलान्यास**

# आधुनिक युग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी : चंपाई सोरेन

**119 करोड़ 19 लाख 291 रुपए राशि की विभिन्न योजनाओं की दी सौगात**

**पूर्व की भाजपा की सरकार ने राज्य के भीतर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रहे 5 हजार सरकारी विद्यालयों को बंद करने का कार्य किया था**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका क्षेत्र में डिग्री महाविद्यालय का शिलान्यास किया गया है। निश्चित रूप से आने वाले दिनों में इस डिग्री महाविद्यालय में उच्च शिक्षा की पढ़ाई शुरू की जाएगी।

इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अब जमशेदपुर या अन्य शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। राज्य के आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन उपलब्ध कराया जा सके इस निमित्त उनकी सरकार निरंतर प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका में डिग्री महाविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की समृद्ध जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषाओं के विकास एवं संवर्धिकरण के लिए अब प्राथमिक विद्यालयों से ही इन भाषाओं में पढ़ाई शुरू होगी।

### हर स्तर पर शिक्षा व्यवस्था में हो रहा है सुधार

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में शिक्षा व्यवस्था के हर स्तर पर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने राज्य के भीतर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रहे 5 हजार सरकारी विद्यालयों को बंद करने का कार्य किया था। प्राइमरी विद्यालय बंद होने से यहां के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, मजदूर, किसान सहित सभी-वर्ग समुदाय के बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा से वंचित हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु कृत संकल्पित है।

### बुनियादी व्यवस्थाओं के विकास पर हो रहा है कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में बुनियादी व्यवस्थाओं को मजबूत और सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में सोना, यूरेनियम, तांबा, लोहा, पत्थर, कोयला सहित अन्य खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में पाई जाती है फिर भी यहां के लोग गरीबी में जीने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार प्रधानमंत्री आवास से वंचित पात्र 8 लाख परिवारों को ही नहीं बल्कि राज्य के पात्र 20 लाख आवासविहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरों का पक्का मकान उपलब्ध कराएगी।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार, जिला 20सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, पूर्वी सिंहभूम जिला के उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# नरेंद्र मोदी को तीसरी बार ही नहीं,चौथी बार भी भारत का प्रधानमंत्री बनना चाहिए : राजनाथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व को आज पूरा विश्व लोहा मान रही है। उनके कुशल नेतृत्व के कारण रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारतीय बच्चों को सकुशल वापस लाया गया था। इसके लिए भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन तथा यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ऑलेक्जैंड्रोविच जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति वाईडेन से बात कर यूक्रेन-रूस युद्ध को साढ़े चार घंटे के लिए रोक दिया गया और वहां फंसे भारतीय छात्रों को सकुशल भारत वापस लाया गया। यह बातें झारखंड के इटखोरी में शुक्रवार को बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व को हर मोर्चे पर सफल बताया। उन्होंने कहा कि सिर्फ तीसरी बार ही नहीं, नरेंद्र मोदी को चौथी बार भी भारत का प्रधानमंत्री बनना चाहिए। क्योंकि दस वर्ष के शासनकाल में नरेंद्र मोदी ने देश को करिश्माई नेतृत्व दिया है। उनके शासनकाल में दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। देश का कद ऊंचा हुआ है। आर्थिक मामले में भारत पांच टाप देशों में शामिल हो गया है। वर्ष 2027 तक भारत प्रथम तीन देशों की सूची में शामिल हो जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि उनकी तमन्ना है कि भारत सुपर इकोनामिक पावर बने। ऐसा करिश्मा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही हासिल हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का लोहा पूरी दुनिया मानती है। कार्यकर्ता सम्मेलन को प्रतिपक्ष के नेता अमर बाऊरी, स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास, पांकी के विधायक शशि भूषण मेहता ने भी संबोधित किया।

### अफगानिस्तान और पाकिस्तान से आए शरणार्थियों ने कांग्रेस मुख्यालय के बाहर किया जोरदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी):** राजधानी में नागरिकता कानून पर घमासान जारी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान के बाद दिल्ली में रह रहे पाकिस्तानी हिन्दू बेहद आक्रोशित हैं। शुक्रवार को अफगानिस्तान और पाकिस्तान से आए शरणार्थियों ने कांग्रेस मुख्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। दिल्ली में रह रहे हिंदू शरणार्थियों ने अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय के बाहर राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस मुख्यालय के बाहर भारी पुलिस बल भी तैनात था जो हिंदू शरणार्थियों को बीच में ही रोक रहा था।

# अकीदत के साथ अदा हुई जुमे की पहली नमाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** रहमतों, बरकतों व मगफिरतों का महीना माह-ए-रमजान चल रहा है। शुक्रवार को रमजान के पहले जुमे की नमाज सभी मस्जिदों में अदा की गयी। जिला मुख्यालय डालटनगंज शहर के छः महान स्थित जामा मस्जिद, बाजार स्थित चौक बाजार, पहाड़ी मुहल्ला स्थित नूरी, कुंड मुहल्ला स्थित मिल्लत, मुस्लिमनगर स्थित मदीना, अहले हदीस, मोहम्मदिया, शाहपुर स्थित तैबा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में अकीदत के साथ नमाज-ए-जुमा अदा की गई। मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद शाहनवाज कासमी ने कहा कि रमजान का रोजा फर्ज है। जो रमजान में सवाब के नियत से रोजा रखता है, अल्लाह ताला उसके पिछले गुनाह माफ कर देते हैं। रमजान में कुरान-ए-करीम की तिलवत ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए। जनाब कासमी ने कहा कि अल्लाह के प्यारे नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा सलल्लाहो अलैहे वसल्लम ने फरमाया रमजान में सदका करना सबसे ज्यादा सवाब है। रमजान में गरीबों और मिस्कीनों की ज्यादा से ज्यादा मदद करना चाहिए। उन्होंने बताया कि नबी सलल्लाहो अलैहे वसल्लम ने बताया जब रमजान आता है तो जन्नत के दरवाजे खोल दिये जाते हैं और जहन्नम के दरवाजे बंद कर दिये जाते हैं।मुफ्ती मो कासमी ने बताया कि रमजान में रोजा रखने के लिए कामों में कमी ला देनी चाहिए। रमजान का रोजा फर्ज है, रमजान का रोजा नहीं छोड़ सकते।

**बीपीएससी शिक्षक नियुक्ति परीक्षा-3 प्रश्न पत्र मामला**

# हिरासत में लिए गए 100 छात्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित शिक्षक नियुक्ति परीक्षा-3 में प्रश्न पत्र मामले की जांच को लेकर बिहार से आर्थिक अपराध इकाई की पटना टीम हजारीबाग पहुंची. जानकारी के मुताबिक बिहार पुलिस को टिप मिली कि अलग अलग बसों में भरकर कुछ अभियर्थी बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा देने जा रहे हैं. जिनके पास पहले से प्रश्न पत्र मौजूद होने की संभावना है। सूचना पर बिहार पुलिस ने हजारीबाग पुलिस की सहायता से कार्रवाई करते हुए बरही में बसों को रुकवा कर तलाशी शुरू कर दी। शक होने पर अभियार्थियों के रुकने के स्थान कोहिनूर बैंक्विट हॉल में छापेमारी की गई। छापामारी में परीक्षा संबंधित ओएमआर शीट, प्रश्न पत्र और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद किए जाने की सूचना है।

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## उत्क्रमित मध्य विधालय विजैन में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय विजैन मे समारोह आयोजित कर कक्षा अष्टम के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई।विदाई सह सम्मान समारोह मे स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे शामिल हुए।इस समारोह की अध्यक्षता एवं संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपनाथ उरांव ने किया।इस समारोह के आयोजन के दौरान कक्षा षष्ठम एवं सप्तम वर्ग के छात्र-छात्राओं के द्वारा गीत संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गई एवं विद्यालय के जूनियर छात्र-छात्राओं के द्वारा विदाई होने वाले छात्र-छात्राओं को माला व उपहार प्रदान कर विदाई दी गई।इस दौरान विद्यालय के विदाई होने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर अपनी विदाई स्वीकार की गई।विदाई समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपनाथ उरांव ने कहा कि शिक्षा को हथियार बनाकर देश सेवा मे योगदान देकर विकसित भारत निर्माण में सहयोगी की भूमिका निभाई जा सकती है, साथ ही विदाई होने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।इस समारोह में विदाई होने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सहायक अध्यापिका चुन्नी कुमारी,सहयोगी शिक्षिका मिस जेबा,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बालेश्वर राम,कौशिला दैवी,पुनम देवी, पुलित देवी,सावित्रि देवी सहित काफी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद थे।

## नौकरी की मांग को लेकर रैयत आज से करेगे बन्दी

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के विभिन्न ग्राम के रैयतों ने नौकरी की मांग को लेकर 16 मार्च से बंदी का आहवान किया है।इस संबंध मे रैयतो ने कहा कि पूर्व में ही बंदी की सूचना दी थी,जिसके बाद प्रबंधन द्वारा लिखित आश्वासन देकर 15 मार्च समय मांगा गया था और मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया था,लेकिन तय समय बीत जाने के बावजुद अभी तक कोई पहल नही की गई है।रैयत कार्यालय जाते हैं तो उन्हें किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी जा रही है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने स्थगित किए गए बंदी को 16 मार्च से पुनः शुरू करने का आह्वान किया है।रैयतों ने कहा कि यह बंदी शांतिपूर्ण तरीके से होगी।

## नव निर्वाचित राज्य सभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा का हुआ भव्य स्वागत

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड से राज्यसभा सांसद के रूप में निर्विरोध निर्वाचन पर डॉक्टर प्रदीप वर्मा का भव्य तरिके से नामकुम में ट्रक गुड्स एसोशियेसन व टाटीसिल्वे में दुर्गा पूजा समिति, दशहरा समिति,श्री कृष्ण जन्माष्टमी समिति ,छठ पूजा समिति,व्यपार संघ इत्यादि की ओर से पुष्पगुच्छ, माला, अंगवस्त्र, माता का चुनरी देकर स्वागत व अभिनंदन किया गया।डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने कहा की राज्यसभा में मैं जनता का आवाज बनूगां।इस शुभ अवसर पर राजन शाहू, राजदेव सिंह, रासेश्वरनाथ मिश्र, राजेंद्र प्रमाणिक, अरविंद सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, सिल्वे मुखिया नूतन पाहन,विनोद अग्रवाल,राम चरण पाहन,सीदाम सिंह मुंडा,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो,अमित मिश्रा,गिरिधर मिश्र, राजेश मिश्रा ,के डी शर्मा,भोला मिश्रा,थाना प्रभारी मनोज कुमार इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सुनिता कुमारी सिल्ली प्रखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह के निर्देशानुसार रांची जिला ग्रामीण महिला कांग्रेस अध्यक्ष मेरी तिर्की ने सिल्ली प्रखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनिता कुमारी को नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, कोषाध्यक्ष मंजूर मोमिन,उपाध्यक्ष मनीराम दास, सचिव बलराम महतो, योगेंद्र कोईरी, भगीरथ महतो, सिल्ली पश्चमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, सिल्ली पूर्वी मंडल अध्यक्ष भूतनाथ मंडल, सिल्ली अल्पसंख्यक अध्यक्ष शाहबुद्दीन अंसारी, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक,सिल्ली प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित मुंडा, श्रीप्रसाद बड़ाईक, दुर्गा यादव, मोहन उपाध्याय, हरिचरण करमाली, निताई महतो, जमीलउद्दीन मोमिन, लालू कोईरी, पिनाकी बनर्जी, सदानंद सोनार, दीपक कर, घासीराम पातर, अशोक महतो, चैतन मुंडा, सुरेश गोन्झु, शिवचरण मुंडा, मो कलाम अंसारी, रमजान अंसारी, मो विलाल, शिवनाथ अहीर, सोनाराम मुंडा, गफुर मोमिन, अरविंद यादव, इत्यादि कांग्रेसजनों ने हर्ष जताया।

## माह-ए-रमजान के पहले जुम्मा पर मोमिनों ने खुदा की बारगाह में अकीदत से पढ़ी नमाज

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कराँजी, जराटोली, चचकोपी, केशा, घाघरा, नरकोपी, बिल्टी, महरू, दिघिया गांव के मस्जिदों में शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने रमज़ानुल मुबारक महीने के पहले जुम्मा की नमाज अकीदत और एहतराम से साथ अदा की। माह का पहला जुम्मा व रोजा होने के कारण मोमीन अल सुबह से ही नमाज अदा करने की तैयारियों में जुट गए। जो दोपहर 12 बजे से रंग बिरंगे साफ कपड़े पहन, खुशबूदार इत्र की महक से सरोबार होकर व सिर पर विभिन्न प्रकार की टोपी लगाकर मस्जिद के लिए निकले। दोपहर को 2 बजते ही शहर की सभी मस्जिदें मोमिनों से लबरेज हो गई और पेश इमामों ने रमज़ानुल मुबारक महीने की फजीलत पर तकरीर पेश की। इधर प्रखंड के कराँजी गांव के जमा मस्जिद के इमाम हाफिज इमदाद ने रमजान उल मुबारक के इस विशेष महीने पर मोमिनों से ख़िताब करते हुए कहा की इस महीने में रोजा रखना, नमाज पढ़ना, गरीबों को उनका हक जकात के रूप में अदा करना और कुराने पाक की तिलावत करना चाहिए। यह महीना मोमिनों को खुशियां बांटने का महीना है। इस महीने में हर एक नेकी के बदले मोमिन को 70 नेकियों का शवाब मिलता है। वहीं मौलाना ने खुत्बा पढ़ा व मोमिनों ने जुम्मा की विशेष नमाज अदा कर क्षेत्र में अमन चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी गई।

## शंकर कच्छप की हत्या दुर्भाग्यपूर्ण, अपराधियों की जल्द गिरफ्तार हो : शिल्पी नेहा तिर्की

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बजार टांड़ में गुरूवार की देर शाम बेड़ो बस्ति निवासी शंकर कच्छप की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक शंकर कच्छप का शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुए। श्रीमती तिर्की मृतक के परिजनों से मुलाक़ात की और गहरी संवेदना प्रकट की। पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया और दिलासा दी कि अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि बेड़ो के बाजार टांड़ में जिस प्रकार से शंकर कच्छप की हत्या की गई है वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने के साथ उसे सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिये। विधायक दिवंगत शंकर कच्छप के मिट्टी संस्कार में भी शामिल हुई। इस अवसर पर हजारों शोकाकुल लोग उपस्थित थे।

## खलारी के मस्जिदो मे अता की गई पहले जुम्मे की नमाज

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड क्षेत्र मे शुक्रवार को पहले जुम्मे की नमाज अता की गयी. खलारी क्षेत्रकेजीटाईप, डकरा, जेहलीटाड़, राय, बाजारटांड़ ,धमधमिया सहित अन्य मस्जिदों में रमजान महीने के पहले जुम्मे की नमाज अता की गयी. सोमवार की शाम को रमजान उल मुबारक का चांद दिखने के बाद मंगलवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहला रोजा रखा था.इसके साथ ही रमजान महीने के पहले जुमे की नमाज भी अता की गयी. खलारी जामा मस्जिद मे जुम्मे की नमाज पढ़ने के लिए काफी संख्या मे नमाजि लोग पहुँचे.खलारी जामा मस्जिद के मौलाना नेहाल अख्तर जेयाई ने जुम्मे की नमाज पढ़ायी.नमाज से पूर्व उन्होंने अपने तकरीर मे रोजा व नमाज के महत्व पर प्रकाश डाला.उन्होंने कहा कि बालिग हुए प्रत्येक मुस्लमानो पर रोजा व नमाज फर्ज है.करीब एक वर्ष के लंबे अंतराल के बाद रमजान का पवित्र महीना आता है.एक महीने तक लोग रोजा,नमाज, फितरा,जकात, सदका, तरावीह की नमाज पर विशेष ध्यान देकर खुदा की ईबादत व कुरान पाक की तिलावत करते है.उन्होंने कहा कि माहे रमजान का यह महीना बरकत वाला होता है और इस एक महीने मे लोगो के गुनाहो का फैसला होता है.रमजान महीने मे गरीबो की मदद करना भी शवाब का काम होता है.उन्होने रमजान महीने मे सभी से रोजा रखने,नमाज पढ़ने,फितरा व जकात बांटने,गरीबो की मदद करने की अपील की.अंत मे क्षेत्र,राज्य व देश की खुशहाली एंव अमन चैन और भाईचारगी के लिए दुआ मांगी

# कोयला तस्करी के रोकथाम के लिए सीआईएसएफ ने चलाया छापेमारी अभियान

## *आरसीएम साईडिंग के पास तीन टन अवैध कोयला जब्त*

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में कोयला तस्करी के रोकथाम को लेकर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ के द्वारा छापेमारी अभियान लगातार चलाया जा रहा है।इस दौरान सीआईएसएफ को सफलता भी प्राप्त हुई है।शुक्रवार की सुबह सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस. के निर्देश पर डिप्टी कमांडेंट मृत्युंजय स्वामी डी के नेतृत्व में पिपरवार के आरसीएम साईडिंग सहित आस पास के एरिया मे छापेमारी अभियान चलाया गया,इस दौरान सीआईएसएफ के जवानों ने करीब



तीन टन अवैध कोयला को जब्त किया।इस संबंध में सीआईएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि आरसीएम साइडिंग के आस पास के इलाकों में तस्कर कोयला को जमाकर बोरा में बंद कर उसे तस्करी करने की योजना बनाया था,इसकी सूचना मिलने के बाद विशेष अभियान चलाकर अवैध कोयला को बरामद किया गया है।जब्त कोयला को स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया है।इधर सीआईएसएफ कमांडेंट संदीप कुमार एस. ने बताया कि कोयला तस्करी के रोकथाम को लेकर विभाग के द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। और इस तरह की छापेमारी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगी।इस अभियान के बाद कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।इस अभियान मे निरीक्षक नागेंद्र कुमार,सरफराज आलम, आसूचना के उप निरीक्षक डीके चौधरी सहित कई जवान शामिल थे।

## आजसू नामकुम प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नामकुम :** वाईबीएन यूनिवर्सिटी राजाउलातु में नामकोम प्रखण्ड स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो जी के अध्यक्षता में की गयी।संचालन केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह ने किया। जिसमें नामकोम प्रखण्ड कमिटी का विस्तार किया गया। साथ हीं 17/03/2024 को लोक सभा स्तरीय अनगड़ा खोपी सरना स्कुल मैदान अनगड़ा में होने वाली प्रशिक्षण को लेकर 23 पंचायत के पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारीयों को अनिवार्य रूप से उपस्तिथि को लेकर भी दिशा निर्देश दिया गया।नामकोम प्रखण्ड कमिटी इस तरह विस्तार किया गया। नामकोम प्रखंड अध्यक्ष रतनलाल सिंह होण्डा,महासचिव राजू उराँव,सचिव विनोद मुण्डा, विशाल सिंह,बिरेन्द्र पांडेय, संभु वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, विनोद महतो, प्रवक्ता विवेक कुमार गोप, सह सचिव अमीरजीत सिंह, राजकिशोर महतो, अघनु महतो, मधु सिंह बिझिया, शैलेन्द्र सिंह बिंझिया, कोषाध्यक्ष अचल राय तिर्की, उपाध्यक्ष मंटू पाहन, जयपाल सिंह मुंडा, प्रमोद सिंह, दिलीप महतो, दूधेश्वर प्रामाणिक,आकाश महतो, विक्रांत सिंह, राजेश मुंडा, कार्यकारिणी सदस्य में 11 सदस्य बनाये गए। इस मौके पर अतिथि के तौर पर केंद्रित महासचिव रामजी यादव, केंद्रीय प्रवक्ता डॉ सुधीर यादव, केंद्रीय सचिव राम दुर्लभ सिंह मुंडा, केंद्रिय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव, महिला जिला अध्यक्ष वीणा देवी, केंद्रीय सदस्य संजीव कुमार सिंह, जलनाथ चौधरी, कर्नल भगवान यादव, माथुर प्रसाद, मृतुन्जय प्रसाद, सावित्री देवी, वीणा देवी, सारदा देवी,अनिता देवी, सुनीता देवी, पिंकी देवी,दसमी देवी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# बालिग होने के साथ सभी पर रोजा और नमाज फर्ज : हाफिज मुमताज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे शुक्रवार को रमजान महीने के पहले जुम्मे की नमाज अदा की गई।नमाज अदा करने के लिए क्षेत्र के सभी मस्जिदो मे नमाजियो की काफी भीड़ देखी गई।जानकारी के अनुसार रमजान महीने के पहले जुमे की नमाज अदा करने को लेकर नमाजियो की भीड़ 12 बजे से मस्जिदो मे आना शुरु हो गया।बचरा जामा मस्जिद मे जुम्मे की नमाज पढ़ने के लिए भारी संख्या मे नमाजियो की भीड़ देखी गई।बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज आलम ने जुम्मे की नमाज पढ़ायी।नमाज से पूर्व उन्होंने अपने तकरीर मे रोजा व नमाज के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि बालिग हुए प्रत्येक मुस्लमानो पर रोजा व नमाज फर्ज है।करीब एक वर्ष के लंबे अंतराल के बाद रमजान का पवित्र महीना आता है।एक महीने तक लोग रोजा,नमाज, फितरा,जकात,सदका, तरावीह की नमाज पर विशेष ध्यान देकर खुदा की ईबादत व कुरान पाक की तिलावत करते है।उन्होंने कहा कि माहे रमजान का यह महीना बरकत वाला होता है और इस एक महीने मे लोगो के



गुनाहो का फैसला होता है।रमजान महीने मे गरीबो की मदद करना भी शवाब का काम होता है।उन्होने रमजान महीने मे सभी से रोजा रखने, नमाज पढ़ने,फितरा व जकात बांटने,गरीबो की मदद करने की अपील की।अंत मे क्षेत्र,राज्य व देश की खुशहाली एंव अमन चैन और भाईचारगी के लिए दुआ मांगी गई।पिपरवार क्षेत्र के बचरा,राय,बेहरा,कल्याणपुर, न्युमंगरदाहा,पुरानीराय सहित अन्य जगहो पर रमजान महीने के पहले जुम्मे की नमाज अदा की गई।ज्ञात हो कि पवित्र माहे रमजान के महीने मे जुम्मे की नमाज का काफी महत्व है।जिसको लेकर कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदो मे लोगो की काफी भीड़ देखी गई।

## झारखण्ड कौशल प्रतियोगिता 2023-2024 का समापन, इंडिया स्किल में हिस्सा लेंगे विजेता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा झारखण्ड कौशल प्रतियोगिता 2023-2024 का पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह रैडिसन ब्लू, राँची में आज आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि श्री मुकेश कुमार, सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार ने विजेता प्रतिभागियों को अपने हाथों से पुरस्कृत किया। समापन समारोह का शुभारंभ विभागीय अधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत तथा अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। श्री राजीव खरे, प्रोजेक्ट मैनेजर, यूएनडीपी द्वारा स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। गत 11 मार्च 2024 को आईएचएम राँची में उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होकर राजधानी के पांच संस्थानों में आयोजित की गई पांच दिवसीय प्रशिक्षण सह प्रतियोगिता में राज्य भर से चयनित कुल 237 प्रतिभागियों ने राज्य विशिष्ट 14 ट्रेड में भाग लेकर अपना हुनर दिखाया। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार स्वरूप रु. 21000, द्वितीय पुरस्कार स्वरूप रु. 11000 एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप रु. 6000 की राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर 'इंडिया स्किल्स 2023-2024' में भाग लेंगे, जहां देश भर के



अलग अलग राज्यों के चयनित प्रतिभागी प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को इस साल फ्रांस के ल्योन शहर में आयोजित होने वाले 'वर्ल्ड स्किल्स 2023-2024' में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। मुख्य अतिथि मुकेश कुमार, सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार ने अपने अभिभाषण में विजेताओं को बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर पर 'इंडिया स्किल्स 2023-2024' प्रतिस्पर्धा के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, ÷कौशल, किसी भी शिक्षा पद्धति में वैल्यू एडिशन करता है। झारखण्ड कौशल प्रतियोगिता 2023-2024 का पुरस्कार सह समापन समारोह में मुख्य रूप से प्रतियोगिता के ज्यूरी मेंमबर्स, मेंटोर्स, विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि, प्रशिक्षण सेवा प्रदाता, झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के अधिकारी, यूएनडीपी प्रतिनिधि, प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागी एवं मीडियाकर्मी मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। इसमें पिछले एक माह के दौरान अवैद्य खनन की रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। निर्देशित किया गया कि खनिजों अवैद्य खनन स्थलों को चिन्हित कर अवैद्य परिवहन के मार्गो पर विशेष निगरानी रखी जाय।जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान पत्थर, बालू सहित कोयला के अवैध खनन/परिवहन के विरुद्ध 84 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ 103 प्राथमिकी दर्ज की गई। 122 वाहनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई और 56 वाहनों से 87.15 लाख की राशि दंड शुल्क के तौर पर वसूल की गई। बताया गया कि 04 वाहन जप्त किये गये तथा 9 वाहनों के संबंध में निलामी की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिला खनन कार्यालय द्वारा बताया गया कि 22 फरवरी 2024 से अबतक अवैध खनिज परिवहन के मामले में कर्रा थाना में 02 प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। इस मामले में 08 वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज है। मामले में 01 वाहन से 10 हजार रुपये दंड शुल्क की वसूली की गई। बताया गया कि खूंटी थाना में खनिज के परिवहन के मामले में 03 वाहनों से 25 हजार रुपये दंड शुल्क वसूली की गई। बैठक में खूंटी वन प्रमंडल, कार्यालय, खूंटी द्वारा बताया गया कि मार्च में 01 अभियुक्त के खिलाफ वनवाद दर्ज किया गया।समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, खान निरीक्षक, मोटर यान निरीक्षक, खूंटी सहित अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## सुबोधकांत सहाय से मिलकर सेवानिवृत कर्मचारियों ने अपने आशियाना बचाने का लगाया गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** अपने आशियाना को बचाने के लिये एसीसी सेवानिवृत कामगार संघ का एक प्रतिनिधि मंडल गुरूवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से आवास में मिलकर गुहार लगाया. मौके पर सेवानिवृत कर्मचारियों ने उन्हे एक ज्ञापन देते हुए बताया कि एसीसी कम्पनी की लीज लगभग 34 वर्ष पूर्व समाप्त हो गया है. वर्तमान में सिमेंट फैक्ट्री बंद है और सिमेंट का उत्पादन 4-5 वर्ष से नही हो रहा है.फैक्ट्री प्रबंधन फैक्ट्री के मशीन सहित अन्य चीजों को स्क्रैप कर बेच रही है.बताया कि सेवानिवृति वृद्ध कामगार व मृत कामगार के आश्रित अपना घर नही होने के कारण 40-50 वर्षो से अधिक समय से उक्त क्वार्टर में रहते आ रहे है. कहा कि मुख्यमंत्री व राज्य सरकार वर्ष 2027 तक राज्य के 20 लाख वृद्ध,विधवा और जरूरतमंदों को आवास देने की घोषणा किये है. वहीं जमीन की लीज समाप्ति के बाद भी फैक्ट्री प्रबंधन बूढ़े व बीमार सेवानिवृत कामगार को कम्पनी एक्ट में फंसाकर क्वार्टर खाली करने को विवश कर रहा है. खलारी क्वार्टरों को प्रबंधन दुसरे बाहरी लोगो को कब्जा के रूप में बेच रहा है. बताया कि आर्थिक तंगी से जुझ रहे 70-80 वर्ष के दर्जनों वृद्ध कामगार अपना आशियाना बचाने को कोर्ट का चक्कर लगाने को विवश है. कामगारों ने बताया कि कानुन के अनुसार खनन के लिये दी गई लीज भूमि को ना तो बेचा जा सकता है और ना ही किसी दुसरे को ट्रांस्फर ही किया जा सकता है. कहा कि लीज समाप्ति के बाद उक्त जमीन स्वतः सरकार की हो गयी है. कामगारों ने कहा कि एसीसी कम्पनी 33 वर्ष पूर्व खलारी का सीमेंट कारखाना बेचकर जा चुकी है ऐसे में कम्पनी का लीज नवीकरण का औचित्य भी नही है.कर्मचारियों ने उनसे अनुरोध करते हुए कहा कि राज्य सरकार के संज्ञान में उक्त सारी बातें को लाकर लीज भूमि के आवेदन को निरस्त कराया जाये. साथ ही उक्त क्वाटरों में रहने वाले लोगो के नाम बंदोबस्ती या लीज में देने का काम किया जाये जिससे लोगो का आशियाना भी बच जायेगा और सरकार को राजस्व की प्राप्ति भी होगी. कामगारों की बात सुनकर सुबोधकांत सहाय ने कहा कि लीज समाप्ति के बाद जमीन पर सरकार का अधिकार स्वतः हो गया है।

## नल जल योजना में हो रही अनियमित पर ग्रामीणों में आक्रोश

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कटहल टोली कर्रा में हो रहे नल जल योजना के तहत किया गया बोरिंग से पानी नहीं निकालने के बावजूद संवेदक क द्वारा कार्य किया जा रहा है जिसे लेकर कर्रा पंचायत पूर्व मुखिया अजय टोप्पो सहित ग्रामीणों में काफी आक्रोश है. जिसे लेकर ग्रामीणों ने बैठक कर निर्णय लिया है कि जब तक दूसरा बोरिंग नहीं हो जाता पाइपलाइन बिछाने का कार्य नहीं होना चाहिए मौके पर उपस्थित ग्रामीणों का कहना है नल जल योजना के तहत किया गया बोरिंग से पानी नहीं के बराबर निकला है. इसके बावजूद घर-घर कनेक्शन देने का काम किया जा रहा है जिसे लेकर ग्रामीण ने कहा कि पहले दुसरा बोरिंग हो तभी कनेक्शन का काम किया जाए वही संवेदक द्वारा ग्रामीणों को स्वस्थ किया गया है कि इस बोरिंग में मोटर डालकर पानी चेक किया जाएगा. उसके बाद ही काम किया जाएगा. मौके पर पूर्व मुखिया अजय टोप्पो, लॉरेंस भेंगरा, सुशील होरो, कार्तिक उरांव, शशि अनुग्रह भेंगरा, महादेव तिर्की, गेब्रियल होरो, सरस्वती तिर्की, लखमनी तिर्की के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

## वोट बहिष्कार करने को लेकर कसगढिया समाज की बैठक

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जरिया गढ़ गांव में बरगद पेड़ स्थित शेट पर वोट बहिष्कार को लेकर शुक्रवार को कसगढिया समाज की बैठक युधिष्ठिर कंसारी कि अध्यक्षता में किया गया. जिसमें समाज के सैकड़ों लोगों ने कहा कि हमलोग कसगढिया जाति को अनुसूची 2 मे समावेशित करने के लिए लगभग 20 वर्षो सरकार को आवेदन पत्र लिखकर दे रहे हैं. सभी फाईल अभी तक तबा हुआ है. इस लिए इस बार के चुनाव में कसगढिया जाति के लोग अपना मतदान नहीं करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया है. बैठक में झारखंड प्रदेश के कसगढ़िया समाज के रांची, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा एवं गुमला के कसगढ़िया समाज के लोग जुटे थे. पिछड़ा राज आयोग के पुर्व सदस्य सह भाजपा नेता ब्रजेन्द्र हेमरोम के द्वारा कसगढ़िया जाति के संबंध में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी जाति को पिछड़ी जाति में शामिल करने के लिए जो प्रक्रिया है उसके अनुसार पुरे प्रदेश के जाति की संख्या एवं खतियान के आधार पर निवास स्थान एवं जिला का उल्लेख करना पड़ेगा।

# सिल्ली पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली थाना प्रभारी मोहीत कुमार के नेतृत्व में रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग पर थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दो पहिया वाहन चला रहे चालक को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने को कहा गया है। बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोड वाहनों को पकड़ कर थाना में रखा गया है। मुरी ओपी एवं सिल्ली थाना के द्वारा पिछले कई दिनों से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है फिर भी दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के ही घर से निकल जा रहे हैं, किसी भी तरह गाइडलाइंस का पालन नहीं कर रहे हैं। जबकि रोजाना देखने या सुनने को मिलती है सड़क दुघर्टना में कई लोगों की मौत की खबर, एवं ज्यादातर मौत हेलमेट नहीं पहनने वालों की हुई है। सिल्ली थाना प्रभारी मोहीत कुमार ने जनता से अपील की है की जब भी वाहन लेकर घर से निकले हेलमेट जरुर पहने और साथ ही 18 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों को वाहन चलाने ना दें। अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# खलारी-मैकलुस्कीगंज में दो पुल निर्माण व आठ सड़कों के सुदृढ़ीकरण का हुआ शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी प्रखंड अंतर्गत खलारी तथा मैकलुस्कीगंज क्षेत्र में बुरूवार को दो पुल तथा सात सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए शिलान्यास किया गया. स्थानीय सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल व समाजसेवी सुरेन्द्रनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर तथा षिलापट्ट से परदा हटाकर किया. तीन योजनाओं का शिलान्यास कर सांसद रांची लौट गए वहीं चार योजनाओं के शिलान्यास के बाद रांची लौट गए.शेष सभी पांच योजनाओं का शिलान्यास सुरेन्द्रनाथ पांडेय व विधायक प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सिंह ने किया. मालूम हो कि ये सभी योजनाएं सांसद संजय सेठ व विधायक समरीलाल के पहल तथा सुरेन्द्रनाथ पांडेय के प्रयास से संभव हो पाई है. सुरेन्द्रनाथ पांडेय ने कहा कि मैकलुस्कीगंज एक पर्यटक स्थल है. जो भी योजनाएं ली गई है वह पर्यटन के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण हैं. कहा कि वर्षो से हरहु बसरिया के ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग करते रहे हैं.आजादी से आज तक बसरिया एक टापू बनकर रहा.जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया उनमें चामा मैक्लुकीगंज आरसीडी पथ (दुल्ली) से रमदगा तक वाया छापर टोली जोड़ाकाठ पुल तक पथ का सुदृढ़ीकरण. हरहू नाला में पुल निर्माण. चामा मैक्लुस्कीगंज आरसीडी पथ से बिजुपाड़ा आरसीडी पथ वाया नकटा पहाड़, हरहू बसरिया, अम्बा टांड़, चारा ग्राम, बलसांगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण. शिलान्यास कार्यक्रम में लपरा मुखिया पुतुल देवी, मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो, भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, जिला ग्रामीण महामंत्री प्रीतम साहू, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, सांसद प्रतिनिधि कांके विधानसभा मनोज गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सिंह, भरत रजक, अनिल गंझू, कार्तिक पांडेय, अरविंद सिंह, दिलीप पासवान, प्रदीपकुमार ठाकुर, आदि थे।

## साढ़े पांच मीटर चौड़ी पक्की सड़क बनाएगा ग्रामीण कार्य विभाग

**खलारी :** ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा खलारी और मैकलुस्कीगंज में जिन सड़कों के निर्माण के लिए गुरूवार को शिलान्यास किया गया है, उसकी पक्कीकरण की चौड़ाई साढ़े पांच मीटर यानि 18 फिट 4 ईंच चौड़ी होगी. इसके अलावा दोनो ओर का फ्लैंक मिलाकर 14 फिट होगा.इस तरह सड़क की कुल चौड़ाई 32 फिट 4 इंच हो जाएगी. इस संबंध में शिलान्यास को लेकर खलारी आए विभाग के सहायक अभियंता मनोजकुमार सिन्हा तथा कनीय अभियंता शंभू सिंह ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग अब आरसीडी (सड़क निर्माण विभाग) के मानक पर सड़क का निर्माण कराएगी. ग्रामीण कार्य विभाग अपनी पुरानी सड़कों का चौड़ीकरण व मजबूतीकरण करा रही है. आवश्यकतानुसार कालीकरण तथा पीसीसी किया जाएगा. इसके अलावा जरूरत के अनुसार सड़क के दोनो ओर आरसीसी नाली बनाई जाएगी.चौड़ीकरण में जीएसबी तथा ग्रेड वन बिछाया जाएगा. जहां कालीकरण किया जाएगा वहां 5.5 मीटर में फ्रंट लेयर 150 एमएम डब्लूएमएम, इसके बाद 50 एमएम बीएम तथा 25 एमएम एसडीबीसी किया जाएगा.जहां पीसीसी करना है वहां 200 एमएम यानि 8 इंच मोटी कंक्रीट ढलाई किया जाएगा. पूर्व की 12 फिट चौड़ाई वाली सभी सड़कें ग्रामीण कार्य विभाग से बनने के बाद 14 फिट फ्लैंक के साथ 18 फिट चौड़ी हो जाएंगी।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आदिवासी कल्याण आयुक्त को लिखा पत्र

# लावा के ग्राम प्रधान बृंदावन दास को हटाने को लेकर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड सरकार के आदिवासी कल्याण आयुक्त को पत्र लिखकर पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा प्रखंड अंतर्गत लावा मौजा स्थित करीब 11 एकड़ जमीन के विवाद को लेकर विचार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सीएनटी एक्ट 1908 का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों की सामुदायिक और जोत भूमि का संरक्षण प्रदान करना है । किंतु यह देखा जाता रहा है कि इस अधिनियम की भावनाओं से परिचित नहीं रहने के कारण राजस्व अधिकारी भी संरक्षण की इस मूल भावना को निरंतर क्षरित करते रहे हैं। इस संदर्भ में एक खेदजनक उदाहरण लावा मौजा में प्राप्त हुआ है। लावा मौजा की करीब 11 एकड़ जमीन भूमिज मुंडा समाज की शमशान भूमि रही है जहां वे सैकड़ों वर्षों से हड़गड़ी का अनुष्ठान करते रहे



हैं। मेरी सूचना के अनुसार 1908 के सर्वे सेटलमेंट के बाद बने खतियान में पटमदा प्रखंड के मौजा लावा के पुराने खाता नंबर 4, प्लॉट नंबर 855, रकवा 11.40 एकड़ किस्म जमीन शमशान दर्ज थी। जिसे 1964 के रिवीजनल सर्वे सेटलमेंट के बाद बने खतियान में अनाबाद दर्शाया गया है। इस प्रकार भूमि की प्रकृति ही बदल दी गई है। स्पष्ट है कि यह भूमि का स्वरूप परिवर्तन सीएनटी एक्ट 1908 की मूल भावना का स्पष्ट उल्लंघन है। संविधान



के अनुच्छेद 244 (1) में निहित प्रावधान जिसके तहत अनुक्षेत्रों एवं अजजा के प्रशासन और नियंत्रण पर पांचवीं अनुसूची के प्रावधान लागू होते हैं। जिसके तहत अनुसूची क्षेत्रों में आदिवासियों की भाषा संस्कृति, जीवन शैली उनके पारंपरिक रूढ़िवादी व्यवस्था एवं ग्राम सभा के अधिकारों के संरक्षक राज्यपाल होते हैं, के अनुरूप निर्णय लिया जाना आवश्यक है। प्रसंगाधीन उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 164 (1) विशेष रूप से उपबंधित किया गया है कि झारखंड, ओड़ीसा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ राज्यों में जनजातियों के कल्याण का भार साधक एक मंत्री होगा। इसके साथ ही साथ जनजातीय कल्याण आयुक्त का पद भी अजजा क्षेत्र के इन सभी कठिनाइयों के समाधान हेतु सृजित किया गया है। ऐसे में संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारियों का यह दायित्व है कि पूर्व में वर्णित मौजा लावा के उपर्युक्त उल्लेखित भूमि जो हाल के सर्वे में कथित रूप से अनाबाद भूमि दर्ज किया गया है जो 1932 के सर्वे में शमशान भूमि दर्ज था को पुनः भूमिज मुंडा के शमशान भूमि के रूप में खतियान में दर्ज करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि सीएनटी एक्ट की मूल भावना संरक्षित रहे। इसके आलावा लावा गांव के ग्राम प्रधान बृंदावन दास जो गैर आदिवासी हैं उसके बारे में हटाने की सिफारिश आदिवासी कल्याण आयुक्त से किए जाने के बाद क्षेत्र में चर्चा का बाजार गर्म है। क्योंकि लावा में उक्त विवादित जमीन पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी की अनुशंसा पर राज्य सरकार से स्वीकृत स्टेडियम के निर्माण हेतु लावा के ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने ही महीनों पूर्व ग्राम सभा करते हुए प्रस्ताव पारित करने का प्रयास किया था जिसके बाद भूमिज मुंडा समाज के लोगों द्वारा भारी विरोध भी जताया गया था। पत्र में कहा गया है कि लावा गांव से जुड़ा आदिवासी संस्कृति और परंपरा के प्रति अवमानना का एक मामला मेरे ध्यान में लाया गया है। इस आदिवासी बाहुल्य गांव का ग्राम प्रधान एक गैर आदिवासी को बना दिया गया है। मेरी सूचना के अनुसार वह व्यक्ति आदिवासी परंपराओं, रूढ़िगत नियमों से नितांत अपरिचित है तथा यह पेसा एक्ट के उल्लंघन का मामला है। अतएव आदिवासी बहुल गांव लावा में आदिवासी समुदाय का ही ग्राम प्रधान हो, इस दिशा में भी आवश्यक कार्रवाई कर मुझे सूचित किया जाय।

### संविधान सम्मत बने हैं ग्राम प्रधान, मंत्री को गुमराह करने का प्रयास : बृंदावन दास

इस संबंध में ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने बताया कि वे कोई मनोनीत नहीं हैं बल्कि वर्षों पूर्व अर्जुन मुंडा के मुख्यमंत्रीत्व काल में ही ग्रामीणों द्वारा चुनाव करते हुए संविधान सम्मत उन्हें ग्राम प्रधान बनाया गया है। दास ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को गलत जानकारी देकर गुमराह करने का प्रयास किया गया है। लावा गांव आदिवासी बहुल नहीं है बल्कि यहां 60 प्रतिशत से अधिक आबादी गैर आदिवासी समुदाय की है। उन्होंने ग्राम प्रधान की हैसियत से विकास योजना का ग्राम सभा करते हुए कोई गलत नहीं किया है।

## श्रीलेदर्स श्रीशक्ति अभियान का भव्य आयोजन के साथ हुआ समापन

*- 50 शॉर्टलिस्ट प्रविष्टियों को एसएल- स्पोर्ट्सवियर टी-शर्ट से किया गया सम्मानित*



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का जश्न मनाते हुए श्रीलेदर्स ने अपने बिष्टुपुर के रोड स्थित शोरूम में महिला ग्राहकों के लिए श्रीशक्ति नामक अभियान का भव्य आयोजन के साथ समापन किया। महिलाओं को समर्पित श्रीशक्ति अभियान 8 मार्च को प्रारंभ हुआ था जिसका आज बिष्टुपुर के रोड स्थित शोरूम के बिप्लबी सुरेश डे भवन सभागार में भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पर्वतारोही पद्मश्री प्रेम लता अग्रवाल, सारेगामा लिटल चैंप्स फेम गायिका श्रद्धा दास और कॉमेडियन एंड डांसर नंदिता श्रीवास्तव उपस्थित हुई।कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी सह श्रीलेदर्स की ज्योत्सना डे ने किया। मौके पर ज्योत्सना डे एवं मुख्यतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। मौके पर अतिथियों ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने को कहा। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा 50 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को एसएल-स्पोर्ट्सवियर टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। वही उपस्थित महिलाओं के लिए कई खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमे वे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बता दें, कि श्रीशक्ति अभियान 08 से 15 मार्च तक चला। इसमें भाग लेने के लिए श्रीलेदर्स के फेसबुक और इंस्टा पेज को फॉलो करना था और एसएल मोबाइल ऐप डाउनलोड करना था।

## धोखाधड़ी मामले से चचेरी बहन बरी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्यायिक दंडाधिकारी नरेंद्र प्रसाद के न्यायालय में धोखाधड़ी के एक मामले से चचेरी बहन सुधा प्रसाद बरी कर दी गई।सोनारी वेस्ट लेआउट रोड नंबर 7 की सुधा प्रसाद के विरुद्ध चाईबासा में रहने वाले चचेरे भाई रजनीश प्रसाद ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। जगदीश प्रसाद के अनुसार सुधा प्रसाद से उसका मकान खरीदने के लिए 37 लाख रुपए सौदा हुआ और 12 लाख रूपया एडवांस दे दिया। तय हुआ कि बकाया रकम को 6 महीने के अंदर भुगतान करने पर रजिस्ट्री कर दी जाएगी। सुधा ने मकान की चाबी फरवरी 16 में दी। चार दिन बाद वह वहां गए तो पाया कि सुधा प्रसाद उक्त मकान में अपने भाइयों के साथ प्रवेश कर रहने लगी है। पारिवारिक स्तर से सुलह सफाई नहीं होने पर अप्रैल 2016 में सोनारी थाना में मामला दर्ज हुआ।लेकिन इस मामले में कोई भी गवाह अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में उपस्थित नहीं हुआ और शुक्रवार को इस मामले से सुधा प्रसाद को रिहा कर दिया गया।अदालत में सुधा प्रसाद का बचाव अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू एवं अधिवक्ता बबिता जैन ने किया।

## ओटीसी एंटेसिड ब्रांड ईनो ने ईनो च्यूई बाइट्स लॉन्च किया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेलीऑन (तत्कालीन ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) के अग्रणी डाइजेस्टिव ब्रांड, ईनो ने अपनी तरह का पहला चबाने वाला एंटेसिड, ' ईनो च्यूई बाइट्स' पेश किया है, जो दो स्वादिष्ट फ़्लेवर, टैंगी लेमन और ज़ेस्टी ऑरेंज में उपलब्ध है। नए ईनो च्यूई बाइट्स ग्राहकों की मुख्य ज़रूरत को पूरा करते हैं, और सुविधा एवं आसानी से उपलब्ध हैं। ईनो च्यूई बाइट्स प्राकृतिक तत्वों से बने हैं। इनमें 1000 मिलीग्राम खटिका चूर्ण की शक्ति है, जो 1 मिनट के अंदर एसिडिटी से राहत देती है। ईनो च्यूई बाइट्स पेट के लिए हल्के हैं, और इनका सेवन वयस्क एवं 12 साल से बड़े बच्चे कर सकते हैं। यह तीन आकार के पैक - सिंगल पिलो पाउच, 10 बाइट्स के पैक और 30 बाइट्स के पैक में उपलब्ध है।नए च्यूएबल फॉर्मेट में ईनो के लॉन्च के बारे में मार्केटिंग हेड, मिस अनुरिता चोपड़ा ने कहा, %डाइजेस्टिव केयर में लीगेसी ब्रांड की अपनी विरासत के साथ ईनो अपने ग्राहकों की जरूरतों को समझता है। ईनो च्यूई बाइट्स आसान फॉर्मेट में ग्राहकों की दैनिक सेहत सुधारने में मदद करने और इनोवेशन के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने गुमला में किफायती स्वास्थ्य सुविधाओं को बनाया सक्षम



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील फाउंडेशन ने हाल ही में झारखंड के गुमला जिले के जिला अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की है। जिला प्रशासन और टाटा स्टील फाउंडेशन के बीच इस सहयोग से जिला अस्पताल में पहली बार सीटी स्कैन और एक्स-रे मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, जहां पहले लोगों को सस्ती दरों पर सीटी स्कैन कराने के लिए रांची जाना पड़ता था।सदर अस्पताल, गुमला में सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन समारोह 15 मार्च, 2024 को आयोजित हुआ। विधायक भूषण तिर्की ने सीटी स्कैन साइट का उद्घाटन किया, जिसमें कर्ण सत्यार्थी, उपायुक्त, गुमला और अनुज भटनागर, हेड, पब्लिक हेल्थ, टाटा स्टील फाउंडेशन शामिल हुए।इस अवसर पर डॉ. भटनागर ने कहा राज्य भर के अन्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ सहयोग ने हमें झारखंड के सुदूर कोनों तक नवाचार को ले जाने में मदद की है। हमारा कार्यान्वयन गुमला जैसे आकांक्षी जिले में चुनौतियों का समाधान करने के लिए हमारी आंतरिक टीमों द्वारा किए गए बेसलाइन सर्वेक्षण के परिणाम पर आधारित है। फाउंडेशन के योगदान से गुमला जिले के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य पर स्थायी प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, जिससे 12 ब्लॉकों में रहने वाले लगभग 12 लाख निवासियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित होंगे।

## उपाध्यक्ष पद के लिए सुधीर कुमार पप्पू ने नामांकन दाखिल किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर बार एसोसिएशन के वरीय सदस्य अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने चुनाव 2024 के उपाध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रपत्र दाखिल किया।चुनाव कमेटी के अधिवक्ता अर्जुन सिंह, अधिवक्ता एनवी सिंह देव और बीरेंद्र शर्मा को प्रपत्र दिया।उनके प्रस्तावक बार एसोसिएशन के वरीय सदस्य एवं पूर्व लोक अभियोजक अधिवक्ता पीएन गोप और बबीता जैन भी साथ में थे।पूर्व जिला लोक अभियोजक पदाधिकारी एवं अधिवक्ता जगत विजय सिंह, पूर्व जिला लोक अभियोजक अधिवक्ता ललित जायसवाल, बार एसोसिएशन के पूर्व जिला सह सचिव मोहम्मद कासिम, अधिवक्ता मूर्ति, अधिवक्ता बाबू नंदी, अधिवक्ता सलीम, अधिवक्ता विक्रम सिंह, अधिवक्ता राहुल कुमार, अधिवक्ता कुलविंदर सिंह आदि साथ में थे।

## कृषि परिभ्रमण में रायपुर जाने वाले 50 किसानों के दल को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा रवाना किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत जिले के चयनित 50 किसानों के दल को राज्य के बाहर इंस्टीट्यूट आफ हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी, रायपुर, छत्तीसगढ़ में निर्धारित बागवानी प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण के लिए उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। परिभ्रमण के दौरान कृषकों को टिश्यू कल्चर बनाना, लैब, बीएनआर, अमरुद बागान, प्रगतिशील कृषकों के खेत इत्यादि का भ्रमण कराया जायेगा। इस दल को 9 मार्च तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी विश्वजीत सिन्हा एवं अन्य सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सरायकेला एवं चांडिल प्रखंड के पीओ पी1, पी2 एवं पी3 का प्रशिक्षण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिले के सरायकेला एवं चांडिल प्रखंड के पीओ, पी1, पी2 एवं पी3 का शुक्रवार को प्रशिक्षण संपन्न हुआ। पहली पारी में चांडिल प्रखंड के 167 पीओ ,136 पी1, 156 पी2, 138 पी3 प्रशिक्षण प्राप्त किए। पहली पारी में ही चांडिल प्रखंड के 50 महिला पीओ, 61 महिला पी1, 50 महिला पी2 एवं 46 महिला पी3 प्रशिक्षण प्राप्त किए। दूसरी पारी में सरायकेला प्रखंड के पीओ , पी1, पी2 , पी3 का प्रशिक्षण हुआ जिसमे 141 पीओ, 207 पी1 , 279 पी2, 191 पी3 सम्मिलित हुए जबकि इसी प्रखंड से 40 महिला पीओ, 55 महिला पी1 , 57 महिला पी2, 40 महिला पी3 प्रशिक्षण प्राप्त किए। मिली जानकारी अनुसार आज से जिले में प्रशिक्षण का द्वितीय चरण प्रारंभ हो गया। इस चरण में सभी मतदान पदाधिकारी को डमी पेपर के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है । ज्ञात हो इस बार सभी लिफाफा के लिए बुकलेट मिलेंगे। सभी डमी बुकलेट से मतदान पदाधिकारियों का परिचय कराया गया ।

## फूलों की होली के साथ साकची रामलीला मैदान में चल रहे भागवत कथा का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची श्री रामलीला मैदान में चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिन शुक्रवार को कथावाचक स्वामी सर्वज्ञानन्द जी महाराज ने तुलसी वर्षा, हवन-पूजन, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा, पूजा और विसर्जन कराया। साथ ही भागवत कथा के सारांश, उपसंहार, भगवान श्री कृष्ण की सोलह हजार एक सौ आठ रानियों व इनसे विवाह के पीछे के वास्तविक दर्शन, भगवान कृष्ण के द्वारका में राजपाठ, सुदामा से मित्रता, सुदामा की दरिद्रता के हरण प्रसंगों सहित भगवान श्रीकृष्ण की सबसे मधुर लीला महारास लीला की कथा सुनाकर महोत्सव को विराम दिया गया। श्री श्री रामलीला उत्सव समिति द्वारा आयोजित भागवत कथा के समापन पर शुक्रवार को होली उत्सव मनाया गया। इस दौरान



संगीतमयी धुनों पर भक्त खूब झूमे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो कोई श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करे, घर में गाय व तुलसी का महत्व समझे और घर में श्रीमद् भागवत ग्रंथ रखे, उसे दैविक, दैहिक और भौतिक ताप से मुक्ति मिल जाती है। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## ग्रामीण जलापूर्ति योजना का विधायक ने किया भूमिपूजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सोड़ो पंचायत अन्तर्गत जारगोडीह में बृहत जल मीनार का भूमिपूजन सह शिलापट्ट का अनावरण विधायक सविता महतो ने किया । विधायक ने ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत बन रहा बृहत जलमीनार का भूमी पुजन नारियल फोड़कर व शिलापट्ट अनावरण कर किया। बृहत जल मीनार से सोड़ो, लेपाटांड़, टीकर , सितु पंचायत सहित 6 पंचायतों के 75 राजस्व गांवों व उसके टोला में घर घर नल से पेय जल आपूर्ति किया जाएगा। क़रीब 1 सौ करोड़ 5 लाख रुपए की लागत से बृहत जल मीनार, फिल्टर प्लांट आदि का निर्माण किया जाएगा। 7.2 एम एलडी क्षमता वाले इस जल मीनार से हर घर नल जल योजना से ग्रामीणों को सुद्ध पेयजल आपूर्ति कराने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं विधायक सविता महतो ने बताया कि ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत सोड़ो टोला जारगोडीह में बृहत जल मीनार का पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा आनलाइन शिलान्यास



किया गया था, जिसका आज भूमिपूजन कर शिलापट्ट का अनावरण किया गया। उन्होंने कहा कि इस जल मीनार का निर्माण हो जाने से 6 पंचायतों के 75 गांवों में हर घर जलापूर्ति किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक वर्ष के बाद ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। मौके पर जिप सदस्य सुभाषिनी देवी, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव,मुखिया नयन सिंह मुंडा,झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलू महतो, प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, अनिल सिंह, अमित सिन्हा,अघोर महतो , पशुपति बागची, हाकीम महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एमजीएम ब्लड बैंक ने रक्तदान करने वाले समाजसेवी संगठनों को सम्मानित किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल के सभागार में एमजीएम ब्लड बैंक में वर्ष 2022-23 रक्तदान शिविर आयोजित करने वाले समाजसेवी संगठनों के लिए समान समारोह का आयोजन किया गया। एमजीएम अस्पताल के डॉ के एन सिंह प्रिंसिपल, डॉ रवीन्द्र कुमार अधीक्षक, डॉ एन पी चौधरी डीएस, डॉ नारायण ओरावन, डॉ वी बी के चौधरी एचओडी ब्लड बैंक, डॉ नतासा देवगम, डॉ ई ए सोरेंग, डॉ श्वेता सहाय की उपस्थिति में शनि देव भक्त मंडली , यात्रा नए जीवन की शुरुआत रीना सिंह , आनंद मार्ग सुनील सिंह ,ओबीसी कांग्रेस सुरेंद्र शर्मा , प्रयास एक कदम रेनू शर्मा , बजरंग दल पूनम रेड्डी , अंतर्राष्ट्रीय मानवता अधिकार एवं मीडिया संगठन के जिला



अध्यक्ष एसआरके कमलेश एवं अन्य को एमजीएम ब्लड बैंक के लिए रक्तदान करने वाले समाजसेवी संगठनों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एमजीएम ब्लड बैंक से राघव कुमार , प्रभात गुप्ता, संजय कुमार , रोशनी कुमारी ,करिश्मा गुप्ता, राजेश बहादुर इत्यादि शामिल थे।

## चिलगु में क्रिकेट प्रीमियर लीग का हुआ शानदार आगाज, शामिल हुए हरेलाल महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चिलगु में प्रीमियर लीग (सीपीएल सीज़न 3 )क्रिकेट प्रतियोगिता का शुक्रवार को शानदार आगाज हुआ. लीग में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो शामिल हुए। इस दौरान सरायकेला जिलाध्यक्ष सचिन महतो, केंद्रीय सचिव सत्यनारायण महतो, प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप आदि उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। हरेलाल महतो ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा की ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए हमेसा प्रयास करनी चाहिए. तभी उन्हें को मंच मिलेगा और उनका भविष्य उज्वल होगा। सीपीएल में पहला मैच चांडिल टाइगर व आरके वरियर्स के बीच



खेला गया. कुल 10 टीमों के बीच एक माह तक खेला जायेगा। प्रत्येक मैच 10-10 ओवर का होगा. पूरे लीग में प्रत्येक टीम को 9 मैच खेलने का अवसर मिलेगा. लीग का फाइनल मैच रात में खेला जाएगा. जो भव्य रूप में आयोजन किया जाएगा, इसके लिए आयोजकों द्वारा तैयारी की जा रही हैं. मौके पर शिब प्रसाद महतो,बुलेट नाग आदि उपस्थित थे

## डुमरिया प्रखंड के कुमड़ाशोल में वनोत्पाद सूक्ष्म उद्योग प्रसंस्करण केन्द्र का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डुमरिया :** डुमरिया प्रखंड के कुमड़ाशोल पंचायत अंतर्गत ग्राम करनसाई में आयोजित समारोह में 6 वनोत्पाद सूक्ष्म उद्योग प्रसंस्करण केन्द्र का उद्घाटन-सह-शिलान्यास पार्वती मुंडा, जिला परिषद सदस्य एवं पारोमिता बनर्जी, निदेशक सी.एस.आर. एण्ड एलाइड प्रोजेक्ट्स (आर.एन.एम.सी) कोलकाता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बनर्जी ने कहा कि यह स्वाभिमान परियोजना महिलाओं को समर्पित है, प्रखंड में इस प्रसंस्करण केन्द्र के खुलने से अब महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी एवं वनोत्पाद का उचित मूल्य भी मिलेगा। पार्वती मुंडा ने कहा कि



प्रखंड के लगभग तीन हजार महिलाऐं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार से जुडेंगे और वनोत्पाद इमली, चिरौंजी, हर्तती, महुआ, खरंज, जीम, नींबू एवं अन्य उत्पाद का प्रसंस्करण कर उसे बाजार में उलब्ध करवारया जाएगा। इस उद्घाटन कार्यक्रम में सांसद विद्युत वरण महतो व्यवस्था किसी कारण शामिल नहीं हो पाया लेकिन प्रतिनिधि के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं को परियोजना सफल होने की शुभकामनाऐं दी। इस कार्यक्रम का संचालन बोसलो बेसरा ने किया। शिलान्यास कार्यक्रम में सीएसआर एवं एलॉएड प्रोजेक्ट्स, आरएनएमसी कोलकाता के अमिताभ दास गुप्ता, आदिवासी हो समाज युवा महासभा, केंद्रीय अध्यक्ष डॉ बबलु सुंडी, सचिव बिरसा युवा सेवा समिति, सचिव पार्वती रूरल डेवलपमेंट सोसाईटी, सचिव संजय देव शर्मा फाउंडेशन, शकुंतला केराई, संजय गोप, मधुसुदन बिरूवा, मधुसुदन महाकुड़, बिक्रम घल, लक्ष्मण हाँसदा, संजय गोप, सुमन हाँसदा, देवानंद दास एवं कई गाँव के ग्राम प्रधान उपस्थित हुए।

## विधायक दशरथ ने किया 2.78 करोड से बनने वाली तीन चेकडेम, एक सड़क का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड के बडासरगीडीह, बनाइकेला, तुडियांग नाला में एक-एक चेकडेम और बालियाटांड में पीसीसी पथ का निर्माण 2.78 करोड के लागत से बनेगा। जिसका शिलान्यास खरसावां विधायक दशरथ गागराई आदि के द्वारा किया गया। विधायक ने खरसावां के बडासरगीडीह के स्थानीय नाला में 77 लाख की लागत से बनने वाले चेकडेम, खरसावां के जोरडीहा में जिला अनाबंद्ध निधि से 69 लाख की लागत से बनने वाले जोरडीहा



सीएमएम पब्लिक स्कूल से जोरडीहा मुख्य सडक निर्माण कार्य, बनाईकेला के सतीकुदर गांव में 60 लाख और तुडियांग में 72 लाख की लागत से एक एक चेकडेम निर्माण होगा। मौके पर गागराई ने कहा कि लाखो के लागत से बनने वाली चेकडेम निर्माण से लोगों को काफी सुविधा होगी। स्थानीय ग्रामीणों को इस चेकडेम का वृहद लाभ मिलेगा। उन्होने स्थानीय ग्रामीणों से चेकडेम निर्माण कार्य की निगरानी करने और गुणवत्ता पर ध्यान देने की अपील किया। यह कार्य लघु सिंचाई योजना के तहत की जा रही है। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप, अरूण जामुदा, मुजाहिद खान, विवेकानंद प्रधान,प्रशांत महतो, कृवर सिंह बानरा,अजय सामड, समाजसेवी बासंती गागराई, संजू हाईबुरू, मुखिया सिनी गागराई, सानगी हेम्ब्रम, सुनाय बानरा, रंगबाज बेहरा, यमुना तांती, हिमांशु महतो, अमरेश महतो,यशवंत प्रधान समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

संपादकीय

## जम्मू-कश्मीर में मोदी-मोदी

**अलगाव** की भावना पैदा करनेवाले अनुच्छेद-370 एवं 35ए के निष्प्रभावी होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब पहली बार जम्मू-कश्मीर पहुंचे तो वहां अलग ही वातावरण देखने को मिला। श्रीनगर में प्रधानमंत्री मोदी के लिए जनसैलाब उमड़ आया था। कभी अलगाववादी नारों से गूंजनेवाली घाटी मोदी-मोदी के नारों से गूंज रही थी। जम्मू-कश्मीर के ये दृश्य आशा का संचार करते हैं। जम्मू-कश्मीर में सकारात्मक एवं आनंददायक इस वातावरण की प्रतीक्षा राष्ट्रभक्त नागरिक वर्षों से कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर आज विकास की नयी ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह खुलकर सांस ले रहा है। नये जम्मू-कश्मीर की आँखों में भविष्य की चमक है। नये जम्मू-कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे जम्मू-कश्मीर में जी-20 का शानदार आयोजन हुआ। आज जम्मू-कश्मीर में पर्यटन के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं। अकेले 2023 में ही 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक यहां आए हैं। पत्थरबाजी की घटनाएं शून्य हो गई हैं। रोजगार के अवसर बढ़ गए हैं। अनेक सर्वेक्षणों के परिणाम भी यही सिद्ध करते हैं कि अनुच्छेद-370 को हटाने के बाद से आतंकवाद से लेकर अलगाववाद तक की घटनाएं नगण्य हो गई हैं और खुशहाली की बयार बहना शुरू हो गई है। निःसंदेह, जम्मू-कश्मीर की बदली हुई तस्वीर के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार की दूरदर्शी सोच और नीतियां जिम्मेदार हैं। प्रधानमंत्री की पहल पर सबसे पहले जम्मू-कश्मीर से विवादित अनुच्छेद-370 को निष्प्रभावी बनाया गया और उसके बाद प्रदेश को मुख्यधारा में शामिल करके विकास कार्यों की एक श्रृंखला प्रारंभ की गई। विकास कार्यों को देखकर जम्मू-कश्मीर के उन नागरिकों के हृदय भी परिवर्तित हुए हैं, जिन्हें अब तक भारत विरोध की घुट्टी पिलाई जा रही थी। अपने कार्यों से मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर की जनता का हृदय जीता है। भारतीय जनता पार्टी के प्रति जिस प्रकार का द्वेष स्थानीय लोगों के मन में पैदा किया गया था, उसको दूर करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीनगर के बख्शी मैदान में विशाल रैली को संबोधित करते हुए कश्मीर से कमल और क्रिकेट का संबंध भी बतला दिया। उन्होंने कहा कि यहां की झीलों में जगह-जगह कमल देखने को मिलते हैं। 50 साल पहले बने जम्मू कश्मीर क्रिकेट एशोसिएशन के शुभंकर (लोगो) में भी कमल है। ये सुखद संयोग है या कुदरत का कोई संकेत कि भाजपा का चिन्ह भी कमल है और कमल के साथ तो जम्मू-कश्मीर का गहरा नाता है। साफ तौर पर प्रधानमंत्री मोदी ने यह दावा कर दिया कि कमल का कनेक्शन कश्मीर से बहुत पुराना है। ऐसे में माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने बातों-बातों में कश्मीर के लोगों से इस बात का आह्वान कर दिया कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान उन्हें कमल के फूल को ही वोट देना चाहिए। भाजपा जम्मू में तो अच्छा प्रदर्शन करती हैं लेकिन कश्मीर में आज भी वह संघर्ष करती हुई दिखाई दे जाती है। ऐसे में मोदी को उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर में किये जा रहे विकास कार्यों के बाद भाजपा को राज्य में बढ़त मिलेगी। स्मरण रखें कि पिछले कुछ दिनों से सुप्रसिद्ध क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी राज्य में है। क्रिकेट के साथ जम्मू-कश्मीर के रिश्ते को देश-दुनिया के सामने लेकर आए। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे ने उस सब अप-प्रचार को खंडित कर दिया, जिनमें जम्मू-कश्मीर की छवि को गलत ढंग से प्रस्तुत किया जाता है। जम्मू-कश्मीर के दृश्य बता रहे हैं कि वहाँ सबकुछ सामान्य है।

श्रीनगर में प्रधानमंत्री मोदी के लिए जनसैलाब उमड़ आया था। कभी अलगाववादी नारों से गूंजनेवाली घाटी मोदी-मोदी के नारों से गूंज रही थी। जम्मू-कश्मीर के ये दृश्य आशा का संचार करते हैं। जम्मू-कश्मीर में सकारात्मक एवं आनंददायक इस वातावरण की प्रतीक्षा राष्ट्रभक्त नागरिक वर्षों से कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर आज विकास की नयी ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह खुलकर सांस ले रहा है। नये जम्मू-कश्मीर की आँखों में भविष्य की चमक है। नये जम्मू-कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे जम्मू-कश्मीर में जी-20 का शानदार आयोजन हुआ। आज जम्मू-कश्मीर में पर्यटन के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं। अकेले 2023 में ही 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक यहां आए हैं। पत्थरबाजी की घटनाएं शून्य हो गई हैं। रोजगार के अवसर बढ़ गए हैं। अनेक सर्वेक्षणों के परिणाम भी यही सिद्ध करते हैं कि अनुच्छेद-370 को हटाने के बाद से आतंकवाद से लेकर अलगाववाद तक की घटनाएं नगण्य हो गई हैं और खुशहाली की बयार बहना शुरू हो गई है। निःसंदेह, जम्मू-कश्मीर की बदली हुई तस्वीर के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार की दूरदर्शी सोच और नीतियां जिम्मेदार हैं। प्रधानमंत्री की पहल पर सबसे पहले जम्मू-कश्मीर से विवादित अनुच्छेद-370 को निष्प्रभावी बनाया गया और उसके बाद प्रदेश को मुख्यधारा में शामिल करके विकास कार्यों की एक श्रृंखला प्रारंभ की गई।

### हमेशा एक लड़की या एक औरत को ही अपना सब कुछ छोडना पड़ता है

## कितनी स्वतंत्र हैं आधुनिक महिलाएं?

लक्ष्मी अग्रवाल

जीवन व समाज के हर क्षेत्र में वह पुरुषों में भी बढ़कर प्रदर्शन कर रही हैं। आज उन्हें सब ओर से स्वतंत्रता मिली हुई है। उन पर किसी तरह की रोक-टोक पाबंदी नहीं है, वह पूरी तरह से स्वतंत्र हैं। लेकिन क्या वाकई ऐसा है? क्या जिस आजादी का ढिंढोरा हम पीट रहे हैं, वह सच में महिलाओं को मिली हुई है। महिलाओं के विकास की ओर बढ़ते कदम तथा बदले रूप-रंग को देखकर ऊपर से सबको भ्रम हो रहा है कि आधुनिक महिलाएं पूरी तरह से स्वतंत्र हैं।

**आज** चारों तरफ शोर मचा हुआ है कि आज की महिला किसी भी मामले में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। जीवन व समाज के हर क्षेत्र में वह पुरुषों में भी बढ़कर प्रदर्शन कर रही हैं। आज उन्हें सब ओर से स्वतंत्रता मिली हुई है। उन पर किसी तरह की रोक-टोक पाबंदी नहीं है, वह पूरी तरह से स्वतंत्र हैं। लेकिन क्या वाकई ऐसा है? क्या जिस आजादी का ढिंढोरा हम पीट रहे हैं, वह सच में महिलाओं को मिली हुई है। महिलाओं के विकास की ओर बढ़ते कदम तथा बदले रूप-रंग को देखकर ऊपर से सबको भ्रम हो रहा है कि आधुनिक महिलाएं पूरी तरह से स्वतंत्र हैं। वो जैसा चाहती हैं, वैसा ही करती हैं। उन्होंने अपने जीवनशैली अपनी इच्छानुसार बनाई हुई है। जीवन के हर क्षेत्र में मिल रही कामयाबी इस बात की गवाह है कि अब हमारा समाज पुरुष प्रधान नहीं रहा। आधी आबादी को उसके हिस्से के अधिकार मिल रहे हैं। पर क्या सच में आधी आबादी को वह मिला है, जिसकी वह हकदार है या फिर सागर में से कुछ बूंदें उन्हें देकर बहला दिया गया है कि ताकि वे आगे अपने किसी अधिकार की लड़ाई न लड़ सकें। आज हमारा समाज बहुत आगे बढ़ चुका है, काफी विकसित हो चुका है, इसमें दो राय नहीं है लेकिन यह भी उतना ही सच है कि आधुनिक महिलाएं आज भी अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रही हैं। हम यदि अपनी समाज व्यवस्था पर एक विहंगम दृष्टि डालें तो हम पाएंगे कि आज भी उनकी आजादी अधूरी ही है। सामाजिक व्यवस्था- कहने को तो हमारा समाज काफी उन्नत और जागरूक हुआ है और आधी आबादी भी अपना जीवन अपने ढंग से जी रही है। लेकिन फिर भी आज भी शादी के बाद एक बेटी को ही अपना घर छोड़कर जाना पड़ता है, पुरुष आज भी उसी पुराने ढर्रे पर चल रहे हैं। जब हम आजाद हैं तथा स्त्री और पुरुष दोनों को बराबरी का अधिकार दिया गया है तो फिर क्यों हमेशा एक लड़की या एक औरत को ही अपना सब कुछ छोडना पड़ता है? फिर वह शिक्षित हो या अशिक्षित इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसे ही अपना सब कुछ छोडना पड़ता है। शादी के बाद एक लड़की अपना घर, माता-पिता, भाई-बहन यहां तक कि अपनी पढ़ाई, अपना भविष्य भी वह अपने ससुराल वालों के लिए छोड़ देती है। वह हर सांचे में खुद को ढाल लेती है। वह शादी के बाद अपने



ससुराल वालों के रंग-ढंग में रच-बस जाती है और वह ये सब अपने परिवार की खुशी के लिए करती है। आज का समाज इतना आगे निकल चुका है, परंतु फिर भी आधी आबादी के मामले में हमारा समाज क्यों पुराने रिवाजों को ही मानता है? क्यों हमारी सामाजिक व्यवस्था में स्त्रियों के लिए बनाए गए रिवाजों में कोई परिवर्तन नहीं हुए? आज भी अगर किसी स्त्री के साथ कोई शर्मनाक घटना घटती है तो उसमें दोष स्त्री को ही दिया जाता है। उसी के चाल-चलन व चरित्र पर ही उंगली उठती है। हर बात में उनके ऊपर पाबंदी लगाई जाती है। उनकी जीवनशैली में हस्तक्षेप व रोक-टोक की जाती है। क्यों यह सब स्त्री को ही झेलना पड़ता है और फिर भी हम कहते हैं कि हमने औरतों को पूरी आजादी व उनके हक दिए हुए हैं। ऐसे में ऊपर तौर पर स्वतंत्र दिखने वाली इन महिलाओं को कैसे पूर्णतः स्वतंत्र माना जा सकता है। महिलाओं की इस स्वतंत्रता में भी तो आखिरकार उसकी परतंत्रता ही छिपी हुई है। कहने को तो हमारा देश प्रत्येक क्षेत्र में विकास की ओर उन्मुख है तथा कई क्षेत्रों में तो हमने आशातीत कामयाबी हासिल भी कर ली है। विश्व के कई देशों ने इस बात को स्वीकार किया है कि राष्ट्र के विकास से संबंधित कई मुद्दों को महिलाएं बेहतर समझ सकती हैं। हमारे देश की तथा विदेशी राजनीतिज्ञ महिलाओं ने अपनी प्रतिभा से इस बात को सिद्ध भी किया है। लेकिन फिर भी छोटे से लेकर बड़े स्तर पर महिलाओं की योगयता को कम ही आंका जाता है। माना हमारे देश में अन्य देशों के मुकाबले महिलाओं को मतदान का अधिकार काफी पहले ही मिल गया था, लेकिन उसका स्वतंत्र प्रयोग करने की सामथ्र्य उसमें आज भी नहीं है। आज भी वह अपने परिवार, पिता या पति की इच्छानुसार ही मतदान करती है। यदि वह ऐसा न करे तो उनके आपसी रिश्तों में दरार आ जाती है। अपने परिवार में सौहार्द, शांति व प्रेम बनाए रखने के लिए वह खुशी-खुशी अपने इस अधिकार को भी त्याग देती है। इस तरह सभी क्षेत्रों में उन्हें मिली आजादी पर कोई न कोई प्रत्यक्ष व परोक्ष प्रतिबंध लगा ही हुआ है, उन्हें आगे बढने के पर्याप्त अवसर नहीं उपलब्ध कराए जाते, तो ऐसे में किस मुंह से कहें कि आधुनिक महिलाएं पूरी तरह से स्वतंत्र हैं। किसी भी देश के विकास में वहां की शिक्षित महिला का बहुत बड़ा योगदान होता है। एक शिक्षित महिला न केवल स्वयं को बल्कि अपने पूरे परिवार को शिक्षित करती है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में महिलाओं के शिक्षा स्तर में काफी सुधार हुआ है लेकिन फिर भी स्थिति संतोषजनक नहीं है। माना दो दशक पहले की तुलना में आज की महिलाएं शिक्षा के प्रति कहीं ज्यादा जागरूक हैं। महिलाओं में शिक्षा का स्तर बढने से उनकी सोचने व समझने की क्षमता का विकास हुआ है लेकिन यह स्थिति शहरी महिलाओं की है। जबकि आज भी हमारे देश का ज्यादातर हिस्सा गांवों में बसता है। इन इलाकों में देश की ६० फीसदी महिलाएं रहती हैं, जिन्हें विकास की परिभाषा तक मालूम नहीं है। शिक्षा के नाम पर इन महिलाओं में शायद कुछ ही कॉलेज क्या, स्कूल तक पहुंची हों। क्या विकासशी भारत की ये महिलाएं सच में आजाद हैं जिन्हें दो वक्त का खाना बनाने और घर के सदस्यों की देखभाल करने के अलावा और कुछ भी पता नहीं है। भारत के दूर-दराज के इलाकों की बात तो बहुत दूर है शहरी क्षेत्रों में भी लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए काफी पापड़ बेलने पड़ते हैं। शहरी क्षेत्रों में भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो कि शिक्षा के मामले में बेटे व बेटियों में फर्क करते हैं। बेटों के लिए ऊंचे सपने देखते हैं तथा उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बड़े-बड़े स्कूलों में पढ़ाने के लिए जी-जान लगा देते हैं। जबकि लड़कियों को किसी भी सरकारी स्कूल में पढने के लिए भेज देते हैं, उन्हें इस बात से कोई सरोकार तक नहीं होता कि वहां पढ़ाई ठीक से हो रही है या नहीं। वे तो बस स्कूल में दाखिला कराकर ही अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ लेते हैं।

दृष्टि कोण

## डिजिटल कौशल से सशक्त बनती महिलाएं

**वर्तमान** युग यदि महिलाओं का युग कहा जाए तो गलत नहीं होगा। इस युग में महिलाओं ने हर क्षेत्र में खुद को साबित किया है। उन्होंने जीवन के सभी पहलुओं में हर संभव तरीके से अपनी योग्यता साबित की है। डिजिटल विकास ने महिला सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में काम किया है। अपने चारों ओर देखने पर, हमें बहादुर और दृढ़ निश्चयी युवा महिलाओं के कई ऐसे उदाहरण मिल सकते हैं जिन्होंने अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए न केवल स्वयं कड़ी मेहनत की है बल्कि अपने साथियों और परिवार के सदस्यों के सपनों और लक्ष्यों को प्राप्त करने में उन्हें प्रोत्साहित भी किया है। आज, डिजिटल साक्षरता जीवन के विभिन्न पहलुओं में महिलाओं की क्षमताओं और अवसरों को बढ़ाकर उन्हें सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। तेजी से तकनीकी प्रगति के इस युग में, डिजिटल रूप से साक्षर होना अब एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता बन चुका है। इस साक्षरता के माध्यम से, महिला सशक्तिकरण का आकलन शिक्षा, रोजगार, सामाजिक जुड़ाव और अन्य विभिन्न दृष्टिकोणों से किया



जा सकता है। आजकल डिजिटल साक्षरता देश के दूर दराज के ग्रामीण इलाकों तक पहुंच चुकी है जिसका महिलाएं और किशोरियां भी भरपूर लाभ उठाकर न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि आर्थिक रूप से भी मज़बूत बन रही हैं। इसका एक उदाहरण जम्मू के सीमावर्ती जिला पुंछ का बांडी चेचियां गांव है। जहां फरहीन कौसर, आफरीन बतूल और सिफ़त कोहली जैसी किशोरियां हैं जिन्होंने डिजिटल साक्षरता का भरपूर लाभ उठाते हुए इसे आत्मनिर्भर बनने का माध्यम बनाया है। 11वीं कक्षा की छात्रा 17 वर्षीय फरहीन कौसर के पिता पेशे से दर्जी का काम करते हैं। पढ़ाई के साथ साथ फरहीन ने अपने पिता से सिलाई का काम भी सीखा। लेकिन अपने पिता के काम का विस्तार करने और अपनी कला में उत्कृष्टता हासिल करने की चाह में, उसने इंटरनेट का सहारा लिया। उसने यूट्यूब प्लेटफॉर्म का उपयोग किया और अपने काम को सुंदर बनाने के लिए नए डिजाइन और पैटर्न सीखना शुरू किया। फरहीन कहती है, "मेरे पिता एक माहिर दर्जी होने के कारण क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध हैं। लेकिन उनका काम पुराने जमाने और पुरानी तकनीक पर ही आधारित था। मैं इसे नए ज़माने से जोड़ना चाहती थी ताकि उनके कौशल और मेरी कला कपड़े सिलने के इस काम को और बेहतर बना सके तथा मैं अपने पिता के काम को और भी उन्नत कर सकूं। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए मैंने यूट्यूब का उपयोग किया। अपने पिता और यूट्यूब से एक साल सीखने के बाद, मैंने अपने काम में और अधिक महारत हासिल कर ली है और अब मैं इसे उत्साह के साथ करती हूं।" महिला कौशल सशक्तिकरण का एक और उदाहरण 16 वर्षीय आफरीन बतूल है, जो वर्तमान में 10वीं कक्षा में पढ़ रही है। उसने अपने फोन का सदुपयोग किया और यूट्यूब से मेहंदी लगाने की कला सीखी। आफरीन बताती है कि "यूट्यूब पर स्क्रॉल करते समय मुझे मेहंदी कलाकारों के कई वीडियो मिले, जिनकी मेहंदी लगाने की कला ने मेरे अंदर की रुचि को बढ़ा दिया। मुझे हाथों पर मेहंदी लगाना बहुत पसंद है। मैंने सोचा कि शायद मुझे इसे पेशेवर रूप से सीखना चाहिए और अपनी रुचि का उपयोग किसी तरह आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के लिए करना चाहिए। फिर मैं इस कौशल में महारत हासिल करने के लिए यूट्यूब और गूगल का इस्तेमाल किया और मेहंदी लगाने की विभिन्न कलाएं सीखी। अब मैं दुल्हन मेहंदी लगाने में बहुत पारंगत हो गई हूं। जब भी मेरे गांव में कोई शादी या कोई उत्साह का अवसर होता है, तो मुझे मेहंदी लगाने के लिए बुलाया जाता है और इसके लिए मुझे भुगतान भी किया जाता है।" आफरीन एक बार में मेहंदी लगाने का ढ़ाई से तीन हज़ार रूपए तक का चार्ज करती है जो इस दूर दराज़ गांव में उसकी लोकप्रियता को दर्शाता है। वहीं 20 वर्षीय सिफ़त कोहली बांडी चेंचियां के नोनाबांदी क्षेत्र की रहने वाली है। इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर स्क्रॉल करते समय एक दिन उसने एक मेकअप आर्टिस्ट का काम देखा और इससे प्रेरित हुई।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**भुरकुंडा :** भुरकुंडा के जवाहर नगर स्थित कार्यालय में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रमुख सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पतरातू प्रखंड अध्यक्ष मुकेश लाल सिंदूरिया एवं संचालन प्रखंड महासचिव भुनेश्वर साव ने किया।इस बैठक में वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसाद, संगठन सचिव लखन अग्रवाल, केंद्रीय सदस्य राजाराम प्रसाद एवं जिला कार्यवाहक अध्यक्ष बसंत प्रसाद साहु बतौर अतिथि उपस्थित थे. बैठक में ओबीसी को 27त्न आरक्षण देने, जाति आधारित जनगणना कराने, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋृण माफ करने, वैश्य समाज की लूटी गयी जमीन वापस दिलवाने, बलकुदरा छाई डैम के विस्थापित ग्रामीणों को उचित मुआवजा एवं नौकरी आदि मांगों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कहा गया कि सरकार अब तक किसी की भी रही हो, हमेशा वैश्यों के साथ छल किया गया है. अलग राज्य बनने के बाद भी वैश्य समाज को दोयम दर्जे का नागरिक समझा जाता रहा है. राजनीति दलों द्वारा चुनाव में झूठे वायदे करके वोट लिया जाता है और फिर वैश्य समाज को दरकिनार कर दिया जाता है. इस बात को लेकर वैश्य मोर्चा लगातार लड़ती रही है. और आगे भी यह लड़ाई जारी रहेगा।बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि वैश्य समाज को चुनाव में धोखेबाजी से बचाने और एकजुट होकर रहने के लिए 29 मार्च को भुरकुंडा में वैश्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद 31 मार्च को जिला कमिटि का विस्तार किया जायेगा।बैठक में प्रस्ताव पारित कर एनटीपीसी एवं राज्य सरकार को बलकुदरा छाई डैम के विस्थापित ग्रामीणों की समस्याओं को तत्काल हल करने की मांग की गई।इस बैठक में प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष मद्धेश्वर केशरी, प्रखंड उपाध्यक्ष कैलाश साव, अशोक साव, प्रखंड सचिव देवकुमार पड़ित, संजय अग्रवाल, ओम प्रकाश साव, भरत केशरी, जीवन गुप्ता, अजय कुमार, महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष गीता देवी राणा आदि उपस्थित थे।

## भुरकुंडा पुलिस के द्वारा भुरकुंडा बाजार के दुकानदारों को दी गई चेतावनी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिला के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडा मेन रोड के दुकानदारों को भुरकुंडा ओपी के द्वारा दुकान के सामने फुटपाथ पर सामान रखना को लेकर अभियान चलाया। जिसमें कई दुकानदारों के समान को फुटपाथ पर रखने के कारण उन लोगों को सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। सब इंस्पेक्टर निर्भय गुप्ता के द्वारा दुकानदारों को कहा गया कि अगर नेक्स्ट टाइम से आपके दुकान का सामान फुटपाथ पर नजर आया तो सारा सामान को उठाकर थाना ले जाया जाएगा और आप पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी साथ ही रोड पर वहन मालिकों को भी चेताया गया कि अगर आप चार चक्का या दो चक्का वाहन सही से नहीं खड़ा करेंगे तो टायर की हवा निकल दी जाएगी। बताते चले की शाम के वक्त भुरकुंडा मेन रोड का मार्केट काफी व्यस्त रहता है जिसके कारण कई बार एंबुलेंस तक जाम में फस जाती है जिससे मरीजो को और उसके परिजनों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ता है इसी को लेकर भुरकुंडा ओपी के द्वारा अभियान चलाया गया।

## रमजान के पहले जुम्मे की नमाज अरगड्डा- सिरका के जामा मस्जिदों में बड़े ही अकीकत के साथ हुई अदा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** रमजान महीने के पाक पहले शुक्रवार मौके पर कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, बुधबाजार सिरका, चपरी, हेसला, फुलसराय के जामा मस्जिदों में बड़े ही अकीकत के साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने कतार में बैठकर नमाज अदा की। मस्जिदों के इमामो के द्वारा अल्लाह के पैगाम को रमजान महीना में किस प्रकार इबादत से पाया जा सकता है, इसके बारे में बतलाया, साथ ही जरूरतमंदो, गरीबों को हर मदद करने की बातें कही गई, सभी ने अमन चैन के लिए दुआएं भी मांगी, रमजान के पहले जुमें की नमाज को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों में चहल पहल दिखी, रोजेदारों ने तय समय के मुताबिक शाम को अपना रोजा तोड़ा। इस मौके पर अरगड्डा सदर एमडी साजिद, सेक्रेटरी इस्लाम खान, केसियर एमडी साज्जीद अंसारी, हारून रशीद, इस्लाम अंसारी, मोहम्मद एहसान अंसारी, मोहम्मद इम्तियाज समेत कई उपस्थित थे।

## रामगढ़ महाविद्यालय में इन्हांसिंग द वैल्यू ऑफ गर्ल चाइल्ड विषय पर जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ के सेमिनार हॉल में झारखंड सरकार के उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग और रामगढ़ महाविद्यालय के आई क्यू ए सी के संयुक्त तत्वाधान में इन्हांसिंग द वैल्यू ऑफ गर्ल चाइल्ड (बालिका सम्मान संवर्धन) विषय पर दस दिनों का एक श्रृंखला कार्यक्रम प्रायोजित है जिसकी दूसरी कड़ी का कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय और संचालन डॉ बक्शी ओम प्रकाश सिन्हा ने किया। प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय ने कहा कि आज बालिका किसी से कम नहीं है ये हमारी समाज की बदलती सोच और बालिकाओं निरंतर प्रयास और प्रयत्न का परिणाम है। थोड़ी बहुत कमी जो रह गई है उसे पूरा करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ के के पंडित, डॉ रणविजय देव प्रसाद, डॉ राजेश कुमार उपाध्याय ने भी संबोधित किया। झारखंड सरकार के उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा अनुदानित संस्था बिहरा इनोवेशन नेटवर्क प्रोग्राम के स्टेट मैनेजर ब्रज बिन कुमार ने स्मार्ट बोर्ड में डिस्प्ले के द्वारा बालिका सम्मान संवर्धन विषय को और इसकी जरूरत को विस्तृत से समझने की कोशिश की है। इस पर आनंदी नामक एक लड़की की कहानी का विडियो भी दिखाया गया जिसमें उनके माता पिता के बेटे की इच्छा से लेकर आनंदी की मंजिल तक पहुंचने तक की कहानी द्वारा बेटी की समाज में उपेक्षा, कानूनी प्रावधान, समाज की सोच, सामाजिक कुरीति आदि को समझाते हुए जागरूकता पैदा करने की कोशिश की गई।छात्राओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा आदि से जुड़े मुद्दों पर अपने सवाल रखे जिसका विशेषज्ञों एवं शिक्षकों के द्वारा समुचित उत्तर दिया गया। अंत में प्रचार्या डॉ रत्ना पांडेय के नेतृत्व में सभी अतिथियों और प्रतिभागियों ने बेटे-बेटियों के बीच फर्क नहीं करने और बेटियों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा के बारे में समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ नीतू मिंज, डॉ शाहनवाज खान, डॉ साजिद हुसैन, डॉ गोपाल कुमार, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।



## विधि व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन करना पहली प्राथमिकता : हरिपद टुडू

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के गोला थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में गुरुवार की संध्या हरिपद टुडू ने पदभार ग्रहण किया।उन्हें प्रशिक्षु डीएसपी सह पूर्व थानेदार फौजान अहमद ने पदभार सौंपा। उनके स्थान पर हरिपद टुडू को यहां पर नया प्रभारी बनाया गया। गोला थाना में योगदान देने के बाद नए थाना प्रभारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता कोयला, बालू, लोहा सहित अन्य अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के साथ विधि व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करना है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से क्षेत्र में अमन चैन कायम किया जाएगा। आम जनता से वातावरण बनाया जाएगा।



## वरिये पदाधिकारी के निर्देश पे वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भदानी नगर ओपी के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिले के वरिये पदाधिकारी के द्वारा पूरे जिले में यह वाहन जांच अभियान चलाया जाता है। ट्रैफिक पुलिस के एस आई शंकर कुमार ने बताया कि इस वाहन जांच में दुपहिया वाहन चालकों का हेलमेट गाड़ी का कागजात और लाइसेंस चेक किया जाता है। वही चार पहिया वाहन और बड़ी गाड़ियों का सीट बेल्ट के साथ-साथ सारे कागजात को चेक किया जाता है। इस तरह के वाहन जांच से अपराध तो नियंत्रित होता ही है साथ ही साथ दुर्घटना से वाहन चालकों की बचाव भी होती है। इस वाहन जांच में कई गाड़ियों का चालान काटा गया।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संक्षिप्त खबरें

## मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल रेफर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के बनियों ग्राम के पास शुक्रवार को मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया .घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गौतम कुमार रजक उम्र 40 वर्ष पिता खेदन रजक ग्राम टमटमटोला थाना बालूमाथ निवासी हेरहंज से बालूमाथ की ओर आ रहा था। इसी दौरान तीखे मोड़ में अनियंत्रित होकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया।

## मां संतोषी मंदिर बन सकता है पर्यटन स्थल अगर हमारे सांसद विधायक की हो इस पर नजर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के पत्थलगड़ा गिद्धौर के सटे सीमाने बंदरचुमा पहाड़ी घने जंगलो के बीच जहां सेकडो बंदरो की झुड़ हिरण, मोर यदि पशु पंक्षियो से अपनी असीम सुंदरता से मनमोहक दृश्य के बीच विराजमान मां संतोषी का मंदिर जो झारखंड के चतरा जिला के इकलौता मंदिर मेसे एक है।जो चतरा जिला से सटे दूर -दूर तक हजारीबाग,कोडरमा,रामगढ़ जैसे जिला के आसपास कहीं और किसी जिलो में नहीं है ।मां संतोषी मंदिर की एक लंबी इतिहास है जो इनमें कई भक्त अपना श्रद्धा से तन मन धन से मां संतोषी की मंदिर बनाने में अपना योगदान दिए थे।जिसमे नागेश्वर राम दांगी सेवानिवृत शिक्षक ( सिंघानी) सेवानिवृत शिक्ष चमारी राम (पत्थलगड़ा) का अपना श्रेष्ठ योगदान रहा कई भक्त अभी हमारे बीच नहीं रहे प्रभु के चरणों में चले गए उनमें से स्वर्गीय बलदेव महतो, स्वर्गीय लखन महतो, स्वर्गीय रामदास दांगी और उन में से और भी भक्त है जिनका



अपना श्रेष्ठ योगदान रहा जो हस्त चिन्ह से व शीला लेख में अपना नेव रखा था उन मेसे पत्थलगड़ा के अपने दो सहोदर भाई चंद्रहास कुशवाहा व प्रमोद कुशवाहा क्ष स्ज्ञष्ठढ्ढह्ल जो दूर दूर तक अपने पहचान का मोहताज नहीं। इन दोनो भाईयों का भी इस कार्य में अहम योगदान रहा मां संतोषी मंदिर की इतिहास तीन दशक पहले की है। जो शिक्षक नागेश्वर राम दांगी व चमारी राम, द्वारा बताया जाता है। इन सभी का कहना है कि अगर ऐसे घने जंगलों के बीच मां संतोषी की मंदिर है उनमें अगर हमारे सांसद विधायक इन सभी का योगदान रहा तो यह एक अच्छा पर्यटक स्थल का निर्माण हो सकता है जहां दूर-दूर से श्रद्धालु अपना दर्शन के लिए आ सकते हैं और यह एक पर्यटक स्थल के नाम से विख्यात हो सकता है जैसा की पहाड़ी मंदिर मां भगवती के नाम से दूर-दूर तक लोग जानते हैं।

## राजनीतीक दल व बीएलओ के साथ बीडीओ सह सीओ ने किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम की अध्यक्षता मे राजनीतीक दल व बीएलओ के साथ बैठक की गई. बैठक मे प्रखंड क्षेत्र के बुथो मे बुनियादी सुविधा के संबंध मे चर्चा की तथा बुथ स्तर पर पानी बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया. बीडीओ सह सीओ राम ने बैठक मे उपस्थित बीएलओ को एएसडी से सम्बंधित जानकारी देते हुए बताया कि अफसेंट वोटर जो इट भट्ठे या कोई मजदूरी कार्य हेतु दो तीन माह के लिए बाहर गया हो, शीफ्टेड यानि यहां वोटर लिस्ट मे नाम हो और हमेशा के लिए दूसरे जगह स्थानांतरित हो गए हो, डेथ वोटर यानि मृत वोटर को मतदाता सूची से नाम हटाने, दिव्यांग व वरिष्ठ वोटर जिनका उम्र 85 वर्ष से अधिक हो उक्त सभी सभी अध्यतन रिपोर्ट एक दिन मे सौंपन का निर्देश दिया। मौके पर, विजय, अलोक दुबे, प्रकाश कुमार, चंदन कुमार के अलावे बीएलओ सबिता कुमारी, अनिता कुमारी, देवांति देवी सुषमा देवी रेखा सहित कई बीएलओ उपस्थित थे. दुसरी तरफ राजनीतीक दल के कार्यकर्त्ताओं की बैठक मे नंद कुमार राम मे चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी होने के बाद अचार सहिंता के सम्बन्ध मे नियम नीति के बारे जानकारी देते हुए बताया कि अधिसूचना जारी होने के बाद सभी राजनीतीक दल को नियम संगत कैसे कार्य करना है. राजनीतीक दल के कार्यकर्ताओं को अपने-अपने राजनीतीक पार्टी की छवि स्वच्छ रखने के लिए चुनाव आयोग के बनाए गए नियम नियमवली को पालन करने का निर्देश दिया साथ ही कहा कि नियम विरुद्ध कार्य करने वाले पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी. मौके पर राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष लव कुश यादव, आजसू प्रखंड अध्यक्ष विनोद सहित अन्य लोग शामिल थे।

## कालीकरण रोड से सटे दिया जा रहा है चार दिवारी गांव के ग्रामीणों ने किया विरोध



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बरियातू पंचायत के भुरकुंडा गांव निवासी बलदेव भुइंया के पुत्र संजय भुइंया अपने घर के चार दिवारी दे रहा है। जो कालीकरण रोड के सटे दिया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि रोड से 3 फीट दूरी में चार दिवारी करने कि बात कही।परंतु इस व्यक्ति ने किसी का नहीं सुन रहा है।साथ ही साथ ग्रामीणों को तुम तडाक करके अपना रोब दिखा रहा है। पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर भुइंया दिनेश्वर भुइयां ने संजय भुइंया को समझने का प्रयास किया।तो उसकी भी बात नहीं सुनी जिससे ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया।ग्रामीणों का कहना था की इसके घर के बगल में पीएचडी विभाग से चांपाकल बोरिंग करवाया गया है।वह बोरिंग भी चारदीवारी कर अपने घर के भीतर किया जा रहा है।जो गलत है इसकी सूचना गिद्धौर थाना को भी दिया गया।थाना से गए प्रशासन के बाद भी इस व्यक्ति ने नहीं माना है।प्रशासन ने तत्काल काम को रोक लगा दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बतलाया कि पेट्रोलिंग में गए प्रशासन भुरकुंडा गांव गई थी।गांव के लोग आवेदन देते हैं तो कानून कारवाई की जाएगी। ब्रह्मदेव भुइयां मंटू भुइयां अर्जुन भुइयां अजय भुइयां व अन्य महिला पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुखिया संघ ने पीएचडी विभाग से संचालित जलनल योजना का किया विरोध



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के किसान भवन में मुखिया संघ की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष बिनोद महतो ने किया। बैठक में प्रखण्ड के सभी 17 पंचायतों में पीएचडी विभाग द्वारा संचालित जलनल योजना में भारी अनियमितता होने की बात कहा। मौजूद मुखियाओं ने कहा कि जलनल योजना केवल दिखावा योजना है इससे गांव ग्रामीणों को प्यास नहीं बुझेगी। चुकी पुराने चापानल में हीं मोटर लगा दिया गया है। बहुत ऐसे चापानल है जो पूर्व से हीं ड्राई हो चुका है। लेकिन ठीकेदार किसी तरह अपना ढांचा खड़ा कर रुपये की निकाशी करने में लगी है। और तो और उक्त जलनल में सबसे घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। घर घर नलका लगाने में 6 कड़ाही छर्री 6 बालू के साथ एक कढ़ाई सीमेंट लगाया जा रहा है। वैसे में उसकी गुणवत्ता क्या होगी यह समझने वाली बात है। हम सभी मुखिया इस योजना का विरोध करते हुए उपायुक्त से गुहार लगाएंगे साथ हीं जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग करेंगे।

## ग्रामीणों की शिकायत पर आंगनबाड़ी केंद्रों का प्रमुख रोहन साहू ने की जांच

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड के शिला और बिरहु के कई आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण प्रमुख रोहन साहू ने किया। निरीक्षण के दौरान शिला के आंगनबाड़ी कोड नम्बर 310 बन्द था वहीं धात्री और गर्भवती महिलाओं के बीच दी जाने वाली पोष्टिक फूड पैकेट एक्सपायरी था। आगे आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम में 311 में 13 बच्चे मौजूद थे साथ हीं आंगनबाड़ी केंद्र निजी घर में बिल्डिंग के अभाव में चलाया जा रहा है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र शिला के 310 द्वितीय में 12 बजे हीं सेंटर बन्द कर दी गयी साथ हीं बच्चों को किसी तरह का पोष्टिक आहार से दूर रखा जा रहा है। अंत में बिरहु कोड 314 में मात्र दो बच्चे और चना नदारद, और तो और 12–30 बजे हलवा



बनाया जा रहा था। साथ हीं ठंड से बचने के लिए बच्चों को दी जाने वाली स्वेटर तक बच्चों को नहीं दी गयी थी जबकि अब अत्यधिक गर्मी हो गयी है। वैसे में सुदूरवर्ती क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ियों में बच्चों को दी जाने वाली पोष्टिक आहार एवं प्राथमिक शिक्षा से दूर रखा जा रहा है। इधर आंगनबाड़ी के इस तरह का रवैया देख प्रमुख रोहन साहू ने बताया कि मैं जितना भी आंगनबाड़ी केंद्र का जांच किया हूँ सभी में घोर अनियमितता है। जिससे आंगनबाड़ी सेविका माला माल हो रही है और सुपरवाइजर उक्त सेविकाओं से रुपये की उगाही कर रही है। वैसे में मैं उपायुक्त चतरा, एसडीओ सिमरिया से शिकायत कर इसे सुदृढ करने का प्रयास करूंगा। आखिर सिमरिया बाल विकास पदाधिकारी क्या करते हैं। क्यों नहीं सभी केंद्रों पर जांच की जाती है। अगर जांच नहीं कि जाती है तो इससे साफ है कि कहीं ना कहीं गोरख धंधा के पीछे इन पदाधिकारियों का भी हाथ है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का हुआ आयोजन, कई कार्यक्रम किए गए

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत संचालित जेएसएलपीएस के महिलाओं ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 15 मार्च को धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत फिता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि गिद्धौर पंसंस सरिता देवी को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।जहां कई अन्य अतीत के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएलएफ के अध्यक्ष शीला कुमारी ने किया। संचालन सीसी सुनील पासवान ने किया। कार्यक्रम के तहत एक से बढ़कर एक नृत्य डांस गीत संगीत भाषण भी किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 1908 ई से अमेरिका के न्यूयॉर्क से एक महिला के द्वारा शुरूआत किया गया था।जिस महिला ने इस कार्यक्रम को शुरूआत किया उनका नाम क्लारा जेटकिंग है। महिला दिवस पूरे देश



में 1975 से मनाया जा रहा है। जो सावित्रीबाई ने पूरे भारत में शुरूआत किया। और आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरे विश्व में संपूर्ण तरीके से 8 मार्च को मानते हैं। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने भाषण में महिला सशक्त हो पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर साथ चले किसी भी तरह से महिला कमजोर नहीं है।उन्हें अपनी ताकत पहचान की जरूरत है। जैसे कई भाषण दिए गए। जेएसएलपीएस से जुड़कर महिलाएं अत्यंत सशक्त है। और अपनी आजीविका पालन में अनेकों कार्य अपना रही है। कृषि से संबंधित पशु से संबंधित एवं व्यवसाय कर महिला सशक्त हो रही है। जैसे कई कार्यक्रम सम्मिलित है। उपस्थित एफसी अनिल प्रजापति सीसी सुमित्रा देवी एडमिन अमरजीत सिंह सीएलएफ सचिव सुमन कुमार कोसा अध्यक्ष गुड़िया देवी पीआरपी सुनीता देवी सिसी निशान्त कुमार सिआरपी सुमन वर्मा बैंक सखी सरोज देवी निर्मला देवी रिंकु कुमारी सक्रिय महिला प्रतिमा देवी गिता देवी लक्ष्मी देवी निर्मला देवी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## 253 दिन बाद काम पर लौटे स्वयं सेवक संघ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के स्वयं सेवकों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी को आवेदन सौंप व बुके भेंट करते हुए 253 दिन बाद सभी काम पर वापस लौट गए. ज्ञात हो की 8 जुलाई 2023 से राज्य स्तरीय स्वयं सेवकों द्वारा स्वयं सेवक का नाम बदल कर पंचायत सहायक करने सहित अन्य प्रमुख मांग को लेकर अनिश्चित कालीन धरना पर चले गए थे. जिसमे 12 मार्च को प्रोजेक्ट भवन की बैठक मे संघ की कुछ मांगो को पूरी कर दी है. जिससे सभी स्वयं सेवक काम लौट गए. स्वयं सेवक को को धारना मे जाने के बाद पंचायत वार सम्बंधित कार्यो मे परेशानी हो रही थी। मौके पर लवकुश यादव, पूनम देवी, मनोज ठाकुर, कृष्णा प्रसाद,अजय यादव, अजय गंझु, कुलदीप गंझु, सरफ़राज़ अहमद, उर्मिला देवी, रुपैन कृस्फोटा, सुमन सिन्हा, अमन यादव, सरिता देवी, किरण देवी, शैलेश उरांव सहित राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष लव कुश यादव के अलावे अन्य स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### मुखिया ने पंचायत सेवक पर आवास के नाम पर पैसा लेने का लगाया आरोप

## अबुआ आवास में पंचायत सेवक कर रहे हैं पैसे की मांग : मुखिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** झारखंड सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना में लूट की छूट मची है आवास का लाभ देने के नाम पर पंचायत सेवक के द्वारा दस दस हजार रुपए लेने का मामला प्रकाश में आया है। यह मामला तब सामने आया जब चटकपुर पंचायत के मुखिया रेखा नगेशिया क्षेत्र भ्रमण के लिए निकली तब ग्रामीणों ने मुखिया को अपनी सारी आपबीती बताई कि किस तरह से पंचायत सेवक के द्वारा आवास देने के नाम पर पैसे की मांग की जा रही है। मुखिया रेखा नगेशिया ने बताया कि पंचायत सेवक अनेश्वर प्रसाद पर अबुआ आवास के लाभुकों की सूची तैयार करने में पैसा लेकर हेराफेरी किया गया है। मुखिया ने इस संबंध में डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह को एक आवेदन भी दिया है। दिये गये आवेदन में लिखा है कि पंचायत सेवक अनेश्वर प्रसाद किसी के घर



का निरिक्षण किये बिना ही अपने मनमाने तरीके से घर में बैठ कर अबुआ आवास लाभुकों के सूची में स्कोर बना दिया व स्कोर का हवाला देते हुए अपनी मर्जी से आवास की स्वीकृति दिलाई हैं। जो जरूरतमंद व्यक्ति है वे लोग पैसा नहीं दिए तो उन लोगों का सूची से नाम हटा दिया गया जिन लोगों का सूची में नाम है उन लोगों से भी आवास के नाम पर 10 हजार की मांग की जा रही है जिसकी कार्रवाई को लेकर हमने डीडीसी को लिखित आवेदन भी दिया है जब इसका पता चला तो पंचायत सेवक द्वारा मेरे ऊपर दबाव बनाया जा रहा है ताकि मामले को दबा दिया जा सके।यहां तक की पंचायत सेवक द्वारा केस में भी फंसाने की धमकी दी जा रही है।उन्होंने जांच कर जिला प्रशासन से उचित कार्रवाई करने की मांग की हैं।आगे मुखिया ने बताया कि चटकपुर पंचायत में कुल 40 आवास आवंटित किए गये हैं। जिसमें चटकपुर ग्राम में 9 लोगों का ही आवास सूची में नाम आया है जिसके नाम पर पंचायत एवं गांव में घूम कर लाभुकों से पंचायत सेवक द्वारा पैसे की मांग किया जा रही है। धरातल पर जाने के बाद एक बड़ी मामला सामने देखने को मिला चटकपुर निवासी जगनारायण प्रसाद पत्नी सुनीता देवी का घर नहीं होने के कारण पिछले 10 वर्षो से किराए के मकान में रह रहे हैं। वहीं जगनरायण ने बताया कि आवास के नाम पर पंचायत सेवक अनेश्वर प्रसाद द्वारा दश हजार रुपए मांगा गया है बोला गया है की पैसा नहीं दोगे तो आवास नहीं मिलेगा।जबकि झारखंड सरकार के द्वारा चलाई जा रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आवेदन भी जमा किया गया था।क्या कहते हैं पंचायत सेवक इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जो भी आरोप मेरे ऊपर लगाए गए हैं सारे बेबुनियाद हैं।

## किराना दुकान में छत तोड़कर नकद सहित खाद्य समान की चोरी



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के कार्मेल अस्पताल मोड़ स्थित कान्हा मशाला किराना दुकान में गुरुवार रात को अज्ञात चोरों के द्वारा दुकान के छत में अलबेस्टर को तोड़कर नकद सहित खाद्य समान की चोरी कर ली। इसकी जानकारी देते दुकानदार विजय जायसवाल ने बताया की रात को छत तोड़कर लगभग 10 हजार नकद सहित अन्य लगभग 50000 रुपए की समान चोरी कर ली। उन्होनें बताया कि इससे पूर्व भी दुकान एक बार और चोरी हो चुकी है। चोरी की घटना को लेकर थाने में सुचना दे दिया गया है। चोरी की घटना से कार्मेल अस्पताल मोड़ क्षेत्र में डर का माहौल बना हुआ है।

## नि:शुल्क दवा एवं चश्मा का किया गया वितरण



**महुआडांड़ (लातेहार)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड स्थित बस स्टैंड में चतरा लोकसभा से निर्दलीय उम्मीदवार सांसद प्रत्याशी डॉ अभिषेक कुमार सिंह द्वारा चिकित्सा शिविर लगाकर निशुल्क इलाज दवा एवं चश्मा का वितरण किया गया। चतरा लोकसभा क्षेत्र में लगातार गरीब लोगों के बीच पिछले तीन वर्षो से अपना जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं, निशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से गरीब लोगों के दिल में बस चुके हैं। चतरा संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत, गांव, टोला में चिकित्सा शिविर लगाकर मुफ्त इलाज समेत दवा एवं चश्मा का वितरण करते आ रहे हैं साथ ही लगातार लोगों के संपर्क में रहते हुए अपनी एक अच्छी जगह बना ली है। निर्दलीय सांसद प्रत्याशी डॉ अभिषेक ने चतरा लोकसभा के नागरिकों से अपील की है की इस बार एक ईमानदार सांसद चुने और क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार का लाभ उठाएं। डॉक्टर अभिषेक ने आगे बताया कि क्षेत्र में आज तक जितने भी सांसद हुए हैं सभी ने यहां के खनिजों को लूटने का कार्य किया है। लेकिन अब जनता जागरुक हो रही है, और पिछले 4 वर्षो से मेरे द्वारा जो निशुल्क चिकित्सा शिविर के साथ जनसंपर्क अभियान की मुहीम चलाई गई थी। जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता की आज्ञा से चुनाव में भाग लेने जा रहा हूं। और मुझे पूरा विश्वास है की क्षेत्र की जनता मुझे अवश्य ही अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख जॉन वॉल्टर तिर्की, शिवनाथ प्रसाद, रफत जहां समेत सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्याएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** शुक्रवार को उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया।जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। ज्ञात हो की आज के जनता दरबार में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से अबुआ आवास, वज्रपात, मुआवजा, नियोजन आदि




से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। एवं जनता दरबार में विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## रमजान के पहले जुमे पर महुआडांड़ के मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़, रोजेदारों ने मांगी बरकत की दुआ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ :** पवित्र माहे रमजान के पहले जुम्मे पर प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में नमाजियों की खासी भीड़ उमड़ी दिखी। तपती धूप और गर्मी के बीच नमाजियों और रोजेदारों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। वहीं छोटे छोटे बच्चों में भी नमाज़ पढ़ने को लेकर काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान रोजेदारों ने अदबो एहतराम के साथ पहले जुम्मा की विशेष नमाज अदा की। जामा मस्जिद में मुफ्ती शब्बर रजा ने नमाज अदा कराई। वही प्रखंड क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के मस्जिदों में रोजेदारों ने पूरे अकीदत के साथ जुम्मा की नमाज अदा कर शांति और बरकत की दुआ मांगी।

## मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर प्रखंड सभागार में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड सभागार में स्वीप (एस.वी.ई.ई.पी) कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान की बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता विष्णुगढ़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने किया,तथा संचालन जनसेवक उमेश कुमार ने किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बीडीओ ने स्वास्थ्य सहियाओं से कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य मतदान केंद्रों में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाना तथा मतदान वृद्धि को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना है। कार्यक्रम की उद्देश्य की पूर्ति के लिए बैठक में करीब 150 स्वास्थ्य सहियाओं के मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप्प डाऊनलोड कराने के बाद,प्रपत्र-06 के तहत नए वोटरों को जोड़ना,प्रपत्र- 07 के तहत मृत अथवा,दूसरे जगहों पर निवास करने वालों को मतदाता सूची से हटाना तथा प्रपत्र-08 के माध्यम मतदाता सूची में अशुद्धियों को ठीक करने को लेकर स्वास्थ्य सहियाओं से चर्चा की गई।

# हजारीबाग यूथ विंग को उपायुक्त ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** यूथ विंग के द्वारा बीते 28 फरवरी को भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 130 रक्त संग्रह किया गया था। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल के द्वारा रक्त संग्रह किया गया था। इस नेक पहल के बाद शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में हजारीबाग यूथ विंग को उपायुक्त के द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीसी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा की आप सभी सदैव सामाजिक सेवा में सर्वोपरि रहे। आने वाले दिनों में अवश्य रक्तदान शिविर का आयोजन करें रक्तदान शिविर के आयोजन के साथ स्वीप के तहत मतदान करने की भी अपील करें। आपके कार्यक्रम को जिला प्रशासन अपने तरीके से भी जनता के बीच पेश करेगी आप सभी को नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने डीसी नैंसी सहाय एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह के प्रति आभार जताते हुए कहा कि समाज के प्रति हम सबों की सेवा सदैव प्रारंभ रहेगी। मौके पर अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि समाज की सेवा ही हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य है इसी के दृष्टिकोण से हम सभी लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। हर लोगों को समाज के प्रति सजक होकर लोगों की मदद करनी चाहिए। मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हजारीबाग यूथ विंग सामाजिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रही है। मौके पर अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, जयप्रकाश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य विकास तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में मौके पर युवक की मौत

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के खरना रोड पर कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के समीप गुरुवार की शाम करीब 07:15 बजे हुए एक हादसे में बाइकसवार राजेश कुमार, पिता हेमलाल महतो,25 वर्षीय की मौत हो गई। मृतक भेलवारा पंचायत के उरगी गांव का रहने वाले था। बताया जाता है,कि युवक बाइक पर सवार होकर सियारी से पड़वापोखर होते हुए सातमील मोड़ की ओर आ रहे थे। इसी दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पास बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई। युवक के सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोग तथा स्थानीय पुलिस भी पहुंची। पुलिस युवक को लेकर विष्णुगढ़ सीएचसी पहुंची। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि बाइकसवार युवक के हेलमेट पहने रहने से उसकी जान बच सकती थी। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। शव को शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत दो संतान छोड़ गए हैं।

## शौचालय में महीनों से लटका ताला



**दारू ।** प्रखंड मुख्यालय के बाहर ओर अंदर बने शौचालय मे भी महीनों से लटका है ताला ,दरवाजे के सामने उग गयी है झाडी। जनता की सेवा के लिए लाखों की लागत से बने भवन का नही हो पा रहा है इस्तेमाल। जिस कारण से प्रखंड में आये काम करने ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा। वही प्रखंड के मुख्यालय के सभी कर्मी मोन बैठे है।

## खैरा मे एग्री स्मार्ट के सौजन्य से दस दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**टाटीझरिया :** प्रखंड के खैरा पंचायत सचिवालय परिसर में 15 मार्च शुक्रवार को बिडिओ सह सीईओ रश्मि खुशबू मिंज के अध्यक्षता में एग्री स्मार्ट ग्राम योजना अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । जिसमे कई कृषको ने भाग लिया प्रशिक्षण की अवधि 10 दिनों तक की थी। प्रशिक्षण में कृषकों को कृषि विशेषज्ञ द्वारा कृषि से सबंधित विभिन्न जानकारी दिया गया। इस एग्री ए स्मार्ट ग्राम योजना का संपूर्ण विभाग से सभी कृषकों को जानकारी देकर कृषकों को विकास की ओर ले जाना है इसी उद्देश्य से कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार द्वारा ग्राम उत्थान का एक महत्वपूर्ण अनोखा पहल है, प्रशिक्षण में कृषि पशु पालन बागवानी आदि की प्रशिक्षण किसानों ने लिया ।

## झारखंड पार्टी के सांसद प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रभारी सह झारखंड पार्टी के भावी सांसद प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा उर्फ बबलू कुशवाहा ने हजारीबाग लोकसभा अंतर्गत पेलावल, रोमी, आजाद नगर आदि गांवों में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस बीच लोगों ने उन्हें चुनावी समर में सहयोग करने की बात भी कही। वहीं झील परिसर में भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं जनशिकायत परिषद के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर होली मिलन समारोह की खुशियों को साझा किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी ने उन्हें हजारीबाग लोकसभा का प्रभारी बनाया है साथ ही उन्हें हजारीबाग लोकसभा से सांसद प्रत्याशी बनाया जा सकता है ऐसे में सभी से सहयोग की अपील है। कहा कि झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है झारखंड के मूल वासियों, आदिवासियों की हक अधिकार की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई है। कहा कि राष्ट्रीय पार्टियों सिर्फ झारखंड के मूलवासियों को ठगने का काम कर रही है। ऐसे में तीसरे विकल्प के रूप में झारखंड पार्टी इस बार के लोकसभा चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराएगी। मौके पर झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा ने कहा कि झारखंड पार्टी ने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई है झारखंड के जल, जंगल और जमीन की लड़ाई में झारखंड पार्टी की अहम भूमिका रही है।

## सदर विधायक ने किया कई विकास योजनाओं का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग और हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के कई इलाके का तुफानी दौरा किया और करीब साढ़े तीन करोड़ की विकास योजनाओं का उद्घटान- शिलान्यास किया। उन्होंने अपने दौरे की शुरुआत कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सालगांवा में डीएमएफटी मद अंतर्गत करीब 01 करोड़ 86 लाख़ रुपए की लागत से ग्राम सलगांवा के बैंक ऑफ बडौदा से ग्राम लूटा के पीपल चौक तक जानेवाली पथ पर पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यहां ग्रामीणों से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल फूल निशान पर मतदान करने का अपील किया। सलगांवा और लूटा ग्राम में पदयात्रा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इसी पंचायत के ग्राम नवाडीह में विधायक निधि की राशि 02 लाख रुपए की लागत से निर्मित पीसीसी पत्र एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। जिसके बाद सुल्ताना पंचायत के ठाकुर मोहल्ला में विधायक निधि की राशि 4 लाख रुपए के सांस्कृतिक भवन और पुराना पंचायत भवन परिसर में 7 लाख़ रुपए की लागत के सामूदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खपरियावां में विधायक निधि की 3 लाख रुपए की लागत से बने पूरनी आहर में सीढ़ी निर्माण कार्य का उद्घाटन एवं खपरियावां +2 उच्च विद्यालय भवन के समीप डीएमएफसी मद के करीब 15 लाख रूपए की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ कार्य का शिलान्यास किया। तत्पश्चात हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या- 33 स्थित सिरसी-2 इलाके में विधायक निधि के 07 लाख रुपए से निर्मित पीसीसी पथ का शिलान्यास, वार्ड संख्या- 34 में जयप्रभा नगर में करीब 07 लाख की विधायक निधि से बने पीसीसी पथ और नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन और वार्ड संख्या 25 स्थित खिरगांव श्मशान घाट परिसर में डीएमएफटी मद से बनने वाले रेलवे स्टेशन को जोड़ने हेतु पुल और पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास शिलापट्ट अनावरण कर किया ।

## झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता को लेकर की गई ब्रिफिंग



**हजारीबाग।** झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गई। 15 मार्च को नगर भवन में हुई आयोजित बैठक में जिला अंतर्गत आगामी झारखंड संयुक्त और सैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आलोक में आयोजित होने वाले झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा में संलग्न सूची के अनुसार सभी केंद्रो के केंद्राधीक्षकों के साथ परीक्षा कदाचार मुक्त एवं सुगमता पूर्वक संचालन हेतु तैयारी के निमित्त ब्रीफिंग की गई। इस दौरान उन्हें आवश्यक सामग्रियों का भी वितरण किया गया। ब्रीफिंग के दौरान सभी केंद्राधीक्षकों को केंद्र में आयोजित होने वाले परीक्षा के समयावधि का विशेष ध्यान रखना को कहा गया.

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में विश्वविद्यालय के सीएस एंड आईटी विभाग एवं स्कूल ऑफ डिजिटल लर्निंग के संयुक्त तत्वावधान में आईक्यूएसी के सहयोग से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार शामिल हुए। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, सीएस एंड आईटी डीन उदय रंजन, एचओडी तारा प्रसाद, निदेशक स्कूल ऑफ डिजिटल लर्निंग रविकांत कुमार समेत अन्य के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर डीन उदय रंजन व निदेशक स्कूल ऑफ डिजिटल लर्निंग रविकांत कुमार ने मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार, कुलपति डॉ पीके नायक एवं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद को बुके भेंट कर स्वागत किया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की मौजूदगी में बोल रहे मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार ने आईटी विभाग से जुड़ी कई महत्वपूर्ण तकनीकों की बारीकियां बताई और कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट का प्रयोग तो बड़े पैमाने पर हो रहा है लेकिन इसे अपडेट करने की दिशा में काम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट का प्रयोग करने के लिए विभिन्न ऐपों और वेबसाइट का सहारा लेना पड़ता है और सबसे मजेदार बात है कि अलग अलग कॉन्टेंट के लिए अलग-अलग ऐप्स का सहारा लेकर इंटरनेट प्रयोग में लाया जा रहा है, जिसे अपडेट कर केवल एक ऐप का प्रयोग कर सभी सामग्रियों के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है। इस तथ्य के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके ने कहा कि आईटी का क्षेत्र क्रिएटिविटी से भरा क्षेत्र है, विद्यार्थियों को इस ओर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। इससे तकनीकों के अपडेट में मदद मिलेगी। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दुनिया डिजिटल की ओर तेजी से बढ़ रहा है और इसमें आईटी क्षेत्र की भूमिका अहम है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में कुछ नया करने की उत्सुकता जगे, इसे लेकर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समय समय पर कराया जाता है। डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, डीन उदय रंजन, स्कूल ऑफ डिजिटल लर्निंग के निदेशक रविकांत कुमार सहित अन्य ने भी अपने अपने मंतव्य रखे। मंच संचालन तारा प्रसाद ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उदय रंजन, रविकांत कुमार के अलावा विजय लाल, प्रभात कुमार, राहुल कुमार, तारा प्रसाद, अमित कुमार सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जीएम इवनिंग कॉलेज में पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नेहरू युवा केन्द्र द्वारा जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम जी एम इवनिंग महाविद्यालय में शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुश्री सुलोचना मीना, सहायक समाहर्ता विशिष्ट अतिथि डॉ जॉनी रुफिना तिर्की विभागाध्यक्ष, मानवशास्त्र, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, किशोरी राणा राष्ट्रीय अध्यक्ष नव झारखण्ड फाउंडेशन, विनय कुमार निदेशक, जी एम इवनिंग महाविद्यालय, पुष्कर कुमार शोधार्थी, विनोबा भावे विश्वविद्यालय व उमेश ठाकुर कार्यक्रम पदाधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, जी एम इवनिंग महाविद्यालय उपस्थित रहे। विषय प्रवेश नेहरू युवा केन्द्र हजारीबाग के जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर ने किया।

## आगामी 20 मार्च को कर्जन ग्राउंड में इलेक्शन थीम आधारित फूड फेस्टिवल का होगा आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कोषांग के माध्यम से कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इन गतिविधियों द्वारा मतदाताओं के बीच मतदान के महत्व और उनके अधिकारों की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में 20 मार्च को जिलास्तर पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत इलेक्शन फ़ूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम का पूरा थीम इलेक्शन इन इंडिया पर आधारित है। कायक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार,अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी संदीप सिंह एवं नेहा अरोड़ा होगें। उक्त कार्यक्रम 20 मार्च को स्थानीय कर्जन ग्राउंड में आयोजित होगें।इसका उद्देश्य शहरी मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने एवं शमावेशी चुनावी प्रक्रिया में उत्साहवर्धन के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना है। यही उद्देश्य के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

फूड फेस्टिवल के अंतर्गत रॉक बैंड शो, ग्रुप डांस, फैशन शो, मिमिक्री शो, फोक डांस, फ्यूजन म्यूजिक, पेंटिंग प्रदर्शनी, कविता प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक एवं स्वादिष्ट झारखंडी पकवान का लुत्फ शामिल है। वैसे नागरिक जिन्होंने अपने मोबाईल पर वोटर हेल्प लाइन एप्प डाउनलोड किया हो एवं अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आई एम वेरिफाइड वोटर पोस्ट किया हो वें निशुल्क इस कार्यक्रम में प्रवेश पा सकेंगे।अन्यथा पांच सौ रु प्रवेश शुल्क देना होगा।

## इलेक्शन थीम आधारित फूड फेस्टिवल का हुआ आयोजन

**हजारीबाग।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में जनभागीदारी बढ़चढ़ हो इसे लेकर जिला प्रशासन,हजारीबाग द्वारा स्वीप कोषांग के माध्यम से कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इन गतिविधियों द्वारा मतदाताओं के बीच मतदान के महत्व और उनके अधिकारों की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में 20 मार्च को जिलास्तर पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत इलेक्शन फ़ूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का पूरा थीम इलेक्शन इन इंडिया पर आधारित है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार,अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी संदीप सिंह एवं नेहा अरोड़ा होगें। कब और कहां होगा आयोजन यह कार्यक्रम 20 मार्च को स्थानीय कर्जन ग्राउंड में आयोजित होगें। इलेक्शन फूड फेस्टिवल का उद्देश्य शहरी मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने एवं शमावेशी चुनावी प्रक्रिया में उत्साहवर्धन के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें यही उद्देश्य के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस फूड फेस्टिवल को पूरी तरह से इलेक्शन के थीम पर आधारित रखा गया है,जिसके अंतर्गत विभिन्न आकर्षक कार्यक्रमों को शामिल किया गया है। मसलन रॉक बैंड शो, ग्रुप डांस, फैशन शो, मिमिक्री शो, फोक डांस, फ्यूजन म्यूजिक, पेंटिंग प्रदर्शनी, कविता प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक एवं स्वादिष्ट झारखंडी पकवान का लुत्फ शामिल है। इस पूरे आयोजन में स्थानीय कलाकार,विद्यार्थी और युवा प्रतिभागी होंगे जो इलेक्शन आधारित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। वैसे नागरिक जिन्होंने अपने मोबाईल पर वोटर हेल्प लाइन एप्प डाउनलोड किया हो एवं अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया हो वें निशुल्क इस कार्यक्रम में प्रवेश पा सकेंगे। अन्यथा 500 रु एंट्री चार्ज देने होगें।

## अभाविप आनंदा महाविद्यालय इकाई का पुनर्गठन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

हजारीबाग। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आनंदा महाविद्यालय इकाई का पुनर्गठन किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित सोनू राय ने विषय प्रवेश करवाया और संगठन के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। जिला सह संयोजक मंदीप यादव ने कहा विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र हित में कार्य करते रहती है और राष्ट्रवाद की विचारधारा कॉलेज कैंपस विश्वविद्यालय कैंपस में छात्र-छात्राओं के अंदर उत्पन्न करने का काम करती है। नगर मंत्री रुद्र राज ने पुरानी कार्यकारणी को भंग कर नई कार्यकारणी की घोषणा की जो इस प्रकार है महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष कारण कुमार, उपाध्यक्ष ऋषि कुमार,शुभांगी कुमारी,वंश कुमार, महाविद्यालय इकाई मंत्री सचिन मेहता,सह मंत्री अमन कुमार,हर्ष राज,विशाल कुमार एसएफडी प्रमुख आदर्श कुमार सह प्रमुख यशु कुमार, एसएफएस प्रमुख अमन पाठक,सह प्रमुख सचिन यादव, छात्रा प्रमुख निधि कुमारी सह प्रमुख श्रृष्टि कुमारी,सोशल मीडिया प्रमुख विपुल तिवारी सह प्रमुख हर्ष कुमार, बीबीए प्रमुख श्रेया कुमारी,सह प्रमुख निशु कुमारी,प्लस टू प्रमुख खुशी कुमारी,सह प्रमुख सुप्रिया कुमारी, बारवी कॉमर्स प्रमुख मनीष यादव,कॉलेज कार्यकारणी सदस्य सृष्टि कुमारी, लोकेश कुमार, उत्सव संजना कुमारी,चंदन यादव,हिमेश बक्शी,विशाल गुप्ता ,पिंटु यादव है। प्रदेश सह मंत्री रितेश यादव ने सभी नई कार्यकारिणी को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में धन्यवाद ज्ञापन विभाग छात्रा प्रमुख अंजली यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सह मंत्री रितेश यादव,सोनू राय, जिला सह संयोजक मंदीप यादव,विभाग छात्रा प्रमुख अंजली यादव, नगर मंत्री रुद्र राज, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य निशांत अग्रवाल,नगर सह मंत्री साहिल कुमार, राहुल यादव, साक्षी सिन्हा, जिला कला संस्कृति प्रमुख तुषार सिन्हा,नगर एसएफएस प्रमुख संकेत कुमार,मोहित यादव,सत्यम सिंह,लालजीत यादव,विवेक यादव,अनीश यादव,विक्रांत वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## आयरन मैन प्रवीण तेवतिया पहुंचे हजारीबाग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्वास्थ्य ही जीवन है स्वास्थ्य है तो सब कुछ है स्वास्थ्य नहीं तो कुछ भी नहीं एक समय सैनिक बनकर देश सेवा में योगदान दिया जब मुंबई के ताज होटल पर आतंकवादियों ने हमला किया तब सैनिक बनकर अपने साथियों के साथ 185 लोगों की जीवन रक्षा की।घटना में एक आतंकवादी मेरी गोली का शिकार होकर मारा गया मगर इसमें मुझे अपने गुर्दे और कान गंवाने पड़े।उक्त बातें हजारीबाग झील परिसर में संचालित भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ के योग शिविर में बतौर मुख्य अतिथि आयरन मैन प्रवीण तेवतिया ने कही।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से सैनिक बनकर देश सेवा करने का मौका मिला ठीक उसी प्रकार एक साधक के रूप में योगी बनकर आज योग का पाठ पढ़ा रहे हैं और लोगों के प्राण योग के माध्यम से बचाने का काम कर रहे हैं। आज हजारीबाग पहुंचा हूं जहां तीन झीलों के बीच इस योग स्थल पर आकर काफी आनंद की अनुभूति हो रही है। कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन है। मौके पर पतंजलि राज्य प्रभारी रामजीवन, पतंजलि जिला प्रभारी राम लखन साहु, संजीव कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कर्णपुरा महाविद्यालय के छात्र विकास ने खेलो इंडिया में कांस्य पदक जीत कर बड़कागांव का नाम किया रौशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय, बड़कागांव के बीए सेकंड ईयर का छात्र धावक विकास कुमार राय ने असम के गुवाहाटी में खेलो इंडिया 5000 मीटर की दौड़ 14 मिनट 25 सेकंड में पूरी कर कांस्य पदक जीता। सफलता हासिल करने पर कर्णपुरा महाविद्यालय सभागार भवन में स्वागत सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर बालेश्वर महतो व अन्य लोगों के हाथों शील्ड व उपहार देकर विकास को सम्मानित किया गया। मौके पर लोकनाथ महतो ने कहा कि एक बड़ी स्पर्धा में जीत हासिल करना हमारे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। वहीं प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो ने कहा कि मैं विकास की एम ए तक की पढ़ाई निशुल्क होगी। एक पैसे भी खर्च कहीं करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इनके अलावा कई प्रोफेसर ने सभा को संबोधित किया। मौके पर विकास ने मोटिवेशनल स्पीच दिया जिससे छात्र-छात्राएं काफी प्रभावित हुए। आगे बढ़ने के लिए कठिन परिश्रम करने का संदेश दिया। विकास ने बताया कि मैं 2018 राज्य स्तरीय खेलो इंडिया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, 2022 में नेशनल जूनियर में चौथा स्थान, 2023 में विनोबा भावे विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, के अलावा अन्य प्रतिस्पर्धा में भी सफलता हासिल की है। आगे कहा राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर देश के लिए खेलना मेरा मुख्य लक्ष्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य महतो एवं संचालन प्रोफेसर सुरेश महतो ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर ज्योति जलधर, प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज, प्रोफेसर फजरुद्दीन, प्रो. नरेश कुमार दांगी, प्रो .ऋतुराज दास, प्रो .पवन कुमार, प्रोफेसर डॉक्टर चंद्रशेखर राणा, प्रोफेसर ललिता कुमारी, प्रोफेसर रामकिशोर प्रसाद दॉगी, प्रोफेसर लालदेव महतो, नेमधारी राम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## पांच अप्रैल को उरीमारी में सरहुल मनाने का लिया गया निर्णय



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के हेसाबेडा स्थित गांव में शुक्रवार को मांझी हडाम राजू पावरिया की अध्यक्षता में बैठक की गई। वहीं इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी पांच अप्रैल को धुम धाम से सरहुल पुजा मनाया जाएगा। वहीं पुजा के अगले दिन छह अप्रैल को सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें उरीमारी के सभी ग्रामीण शामिल होंगे। वहीं इस बैठक में गांव के नाइके सोधन मांझी,परानिक कार्तिक मांझी,गुडम नायके संजय कुमार टुडू एवं कृष्णा सोरेन, दिनेश करमाली, लालजी मांझी,शनि कुमार बेसरा, शिकारी टुडू, परमेश्वर सोरेन,तालों मांझी, सुरेश प्रजापति, गोपाल मांझी,सोमोन हांसदा, दिनेश कुमार प्रजापति,सिवा सोरेन, गोविंद पावरीया,तालों मांझी, जुगल करमाली,मनी करमाली, उमेश प्रजापति,बुधन करमाली, महावीर मांझी,मोहन मांझी, नरेश पावरीया, प्रवेश टुडू,बिजय हांसदा,बसंत सोरेन, रमेश प्रजापति आदि लोग मौजूद थे

## राजेश गरमागरम शुद्ध शाकाहारी होटल का उद्घाटन हुआ



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला मुरी मार्ग के डभातू पुल के समीप शुक्रवार को राजेश गरमागरम शुद्ध शाकाहारी होटल का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक पंकज महतो के द्वारा फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व उनका स्वागत होटल के संचालक राजेश कुमार साव व स्थानीय लोगों द्वारा माला पहनाकर किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस होटल के खुलने से स्थानीय लोगों सहित चौक चौराहे में हमेशा रहने वाले चालक व उप चालकों को शुद्ध शाकाहारी गरमागरम भोजन मिलेगा। मौके पर संतोष पांडेय, विनोद कुशवाहा, कौलेश्वर कुशवाहा, अनवर अंसारी, मो अफजल अंसारी, संतोष प्रजापति, बाबू भाई सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## भदानीनगर पुलिस ने 40 किलो जावा महुआ नष्ट किया



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध महुआ शराब के खिलाफ भदानीनगर पुलिस ने शुक्रवार को चोरधरा में अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व भदानीनगर ओपी के एएसआई हेमन्श पूर्ति ने 40 किलो के जावा महुआ को नष्ट किया। पुलिस ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि चोरधरा में अवैध महुआ शराब बनाने का काम किया जा रहा है। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अभियान चलाया गया। पुलिस ने कहा कि किसी भी प्रकार का अवैध शराब बनाने वालों पर पकड़े जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान में सशस्त्र बल शामिल थे।

## उत्कर्मित उच्च विद्यालय बरियातू में विद्यालय विकास समिति की बैठक संपन्न

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू में विधायक प्रतिनिधि अंगद महतो की अध्यक्षता में विद्यालय विकास समिति का बैठक किया गया। बैठक में विद्यालय विकास समिति के सदस्य एवं सभी शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालय की विकास के विषय में महत्वपूर्ण चर्चा किया गया। बैठक में कुल महत्वपूर्ण 21 प्रस्ताव आया जिसे पारित करते हुए शीघ्र कार्य को करने की निर्णय लिया गया।प्रस्तावद्व जलमिनार निर्माण, विकास कोश का सदउपयोग, मीटिंग हॉल निर्माण, वर्ग कक्षा निर्माण, विद्यालय की सुंदरीकरण,कॉमन रूम,सैनट्री नेपकिन की आवस्यकता, पेयजल आपूर्ति, स्टाप शौचालय, प्राथना सभा के आवश्यक सामग्री, सभी कक्षा में पंखा लाइट,बेंच, चहरदीवारी की ऊंचाई ,वाल पेंटिंग,भूमि दाता के नेम प्लेट,मॉडल किचन,ड्रम सेट,प्रत्येक कक्षा में वाइट बोर्ड लगाने सभी प्रस्ताव को पारित किया गया। मौके पर भागवत तिवारी ,जितेंद्र कुमार महतो ,रुपनाथ महतो ,अंगद महतो ,नित्यानंद महतो, अजय कुमार मिश्रा, कृपा सिंधु महतो, सिलविना लकड़ा, मनोज कुमार ,गौंदरी राम, आदित्य महतो, नरेश भगत, वरुण लाल , सुधीर चौधरी,अभिषेक खत्री, बिनोद कुमार सोनी,मुकेश कुमार सिंह उपस्थित हुए।

## प्रखंड स्तरीय 61 सदस्यी लोकसभा समन्वय समिति के सदस्यों की सूची जारी

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने पतरातू प्रखंड स्तरीय 61 सदस्यी लोकसभा समन्वय समिति के सदस्यों की सूची जारी किया। पतरातू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से जिला एवं प्रखंड कांग्रेस सहित वरिष्ठ कांग्रेसियों को मिलाकर एक जमबो जेट लोक सभा समन्वय कमिटी बनाई गई है । जिनमे मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ,झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान , डा.कृष्णकांत शर्मा ,चमन लाल ,सुरेंद्र राम ,प्रेमनाथ विश्वकर्मा , रूचन पांडे ,लखन राम ,राज किशोर पांडे , डब्ल्यू सिंह ,अमर यादव,असगर अली , नईम अंसारी ,प्रदीप साव , बालेश्वर बेदिया , शंभू सिंह ,रामा ठाकुर ,बबीता सिंह , खजांची राम ,अमित साव, जयप्रकाश सिंह , जयंत तुरी ,लियाकत अंसारी ,शिबू महतो ,संजय सिंह रमेश बेदिया , प्रदीप कुमार चक्रवर्ती,मदन दाँगी रमाकांत दुबे ,मुख्तार अंसारी ,शुभम सिंह ,सुनैना देवी ,सहमत अंसारी ,मकसूद अंसारी ,मो. आतउल्लाह खान, संजय शर्मा , मुखिया तिलेश्वर साहू ,मुखिया जगदीश सॉव अनिल कुमार सिंह ,संजीव कुमार सिंह ,सुनील महतो ,कमलेश राम डॉ. मनोज कुमार गुप्ता उपेंद्र प्रसाद यादव ,राजेश पाठक ,अशोक पांडे,अजय पांडे ,राजकुमार टूरी राजकिशोर सिंह मीना देवी विजय सिंह शशि बाउरी , राजकुमार पासवान ,राम शब्द राम ,हरिकांत सिंह ,मो. मुजफ्फर हुसैन , पंसस दीपक कुमार, मो. सफीक बाबु ,अनिल सिंह ,कृष्ण सिंह एवम हृदयआनंद यादव शामिल है।



## रामगढ़ छावनी परिषद को बचाने के लिए रविवार से आंदोलन की धनंजय कुमार पुटूस ने की घोषणा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ छावनी परिषद के नगर परिषद में विलय के विरोध में रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति (आरबीएसएस) के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आंदोलन की घोषणा कर दी है।मीडिया को बताते हुए धनंजय कुमार पुटूस ने कहा है कि छावनी परिषद को समाप्त कर रामगढ़ शहर को राज्य सरकार द्वारा संचालित नगर निकाय बनाने की साजिश चल रही है। इसका हमलोग शुरू से विरोध कर रहे हैं। पूर्व में भी हमलोगों ने जनता को बताने का प्रयास किया था कि अगर छावनी परिषद का नगर परिषद में विलय जाता है, तो यहां रहने वाले लगभग 01 लाख आम नागरिकों व व्यापारियों पर टैक्स का आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा। साथ ही साथ लोगो को अन्य बहुत सारी छुपी हुई टैक्स व प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही साथ आपराधिक घटनाओं में वृद्धि होने की भी संभावना बढ़ जाएगी। हमलोग जनता को व व्यापारियों को लगातार बता रहे है कि ऐसा नही है कि छावनी परिषद के नगर परिषद में विलय हो जाने से रातों रात विकास की गंगा बहनी शुरू हो जाएगी। वर्तमान में नगर परिषद क्षेत्र की क्या स्थिति है ये खुद देखा जा सकता है। इस विषय को लेकर रामगढ़ की आम जनता को भी जागरूक होना चाहिए नही तो धीरे धीरे रामगढ़ शहर वीरान हो जाएगा। लगभग सभी प्रक्रिया पूरी कर लेने के बाद अभी सिर्फ दिखावा करने के लिए आम लोगो से आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है । शुरू में ही रामगढ़ में नागरिकों से आपत्ति दर्ज कराने का अवसर देना चाहिए था।अगर रामगढ़ के आठो वार्डो का विलय नगर परिषद में हो जाता है और यहां के लोगो को परेशानी होती है तो कहीं न कहीं इसके दोषी सांसद,विधायक व सभी वार्ड सदस्य होंगे, क्योंकि इन सभी ने अपने स्वार्थ में इसका विरोध नही किया। इनके रामगढ़ शहर के प्रति सौतेले रवैये के कारण आज शहर वीरान होता जा रहा है। छावनी परिषद को बचाने के लिए रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति (आरबीएसएस) दिनाँक 17/03/2024 (रविवार) से चरणबद्ध आंदोलन करेगी ताकि शहर में रहने वाले लगभग 1 लाख गरीब, मजदूर, किसान, मिडिल क्लास व व्यापारियों पर टैक्स व अन्य छुपे हुए प्रशासनिक परेशानियों का बोझ नही पड़े। लगभग 1 लाख लोगो से भरे रामगढ़ को बचा पाऊंगा या नही इस आंदोलन में हमे जीत मिलेगी या नही ये मैं नही जानता, लेकिन रामगढ़ को बचाने के लिए मै प्रयास जारी रखूंगा।

## जनता के समस्याओं को लेकर विद्युत विभाग के विद्युत अधीक्षण अभियंता से मिले समाजसेवी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ के आठों वार्ड की समस्याओं को लेकर रामगढ़ के जाने-माने समाजसेवी आरिफ कुरैशी विद्युत विभाग के विद्युत अधीक्षण अभियंता (एसी) संतोष कुमार सिन्हा से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया । आरिफ कुरैशी ने बताया कि रामगढ़ में कई घंटे बाधित रहती है बिजली आम जनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है कई पोल सैकड़ो घरों की तार जर्जर स्थिति में लटकी पड़ी हुई रहती है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है कई पोल में लाइट नहीं जलती कई जगह 11000, 33000 गुजरी है वहां पर भी पोल सड़ रहे हैं जहां-जहां मरम्मती खोज रही है उसे दुरुस्त करवाने को कहा और भी कई तरह की समस्याओं से आरिफ कुरैशी द्वारा अवगत कराया गया विद्युत विभाग के एसी ने सारी समस्याओं को बारीकी से सुनते हुए अस्वस्थ किया कि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान हो जाएगा आप निश्चिंत रहिए।

## गांधी मैदान में संथाल समाज दिशोम मांझी परगना कि बैठक हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के संथाल समाज दिसोम मॉझी कर्णपुरा परगना की बैठक शुक्रवार को महात्मा गांधी स्टेडियम उरीमारी में सूरज बेसरा की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन विश्राम सोरेन ने किया।वहीं इस बैठक में सर्वसम्मति से अपने अपने गांव में 28 मार्च को जाहेर दाब और 29 मार्च को बाहा सर्दी होगा। एवं 31 मार्च को तीन परगना का धुमधाम से सामूहिक बाहा मिलान समारोह महात्मा गांधी स्टेडियम उरीमारी में किया जाएगा। वहीं इस बाहा मिलन समारोह में कर्णपुरा परगना, पलानी परगना और नागपुर परगना की संथाल समुदाय के सभी महिलाएं एंव पुरुष अपना संथाली वेशभूषा व पोशाक में शामिल होंगे। गांधी मैदान के बैठक में संथाल



समाज दिसोम मॉझी परगना केन्द्रीय महासचिव सोनाराम मांझी, केन्द्रीय सचिव मोहन सोरेन, मांझी हडाम सीताराम किस्कू, अजय बेसरा, मुरसिंगलाल हांसदा, केन्द्रीय सचिव सह केन्द्रीय मिडिया प्रभारी सन्नी सोरेन,पोटंगा पंचायत मांझी हड़ाम बिनोद हेम्ब्रोम, पोटंगा उप मुखिया रविन्द्र सोरेन,जतरू बेसरा, संजय टुडू, कार्तिक मॉझी, किशोर हंसदा,बिरसा टुडू, बिरसा हेम्ब्रोम, गणेश सोरेन, राजेन्द्र सोरेन, बिनोद बेसरा, महावीर मुर्मू, बहादुर मांझी, दिनेश सोरेन, महादेव हंसदा, बंशीलाल मुर्मू, बालदेव सोरेन, उदन सोरेन, विमल टुडू, रुपचारण सोरेन, बिनोद सोरेन, सूरज बेसरा, किशोर मुर्मू, बिश्रम टुडू, नरेश मांझी, लेचा मांझी,लाल बहादुर मांझी, लाल देव मांझी, पतीलाल मांझी, बुधन हेम्ब्रोम,राजेश बेसरा, प्रभु मांझी, राजु किस्कू, रोहित मरांडी, आनंद टुडू,मंटु हंसदा, बाबुराम मांझी,रवि मरांडी, संजय कुमार मुर्मू,पप्पु लाल टुडू, हरिलाल मांझी,बिरसा मांझी,लालदेव मांझी, अकला हंसदा,संजय मुर्मू,संजय हंसदा,सोनू लाल मुर्मू, लाल धारी मांझी, सरोज मुर्मू,बिगन मुर्मू,चेतलाल मांझी, कार्तिक मांझी,बुच्चा मांझी, रवि कुमार,पुरन मांझी,जगदीश मांझी,राजेश टुडू,सोमरा मुर्मू,तालो मांझी आदि दर्जनों लोग शामिल थे।

## रामगढ़ जिला के अंडर-14 वर्ष के क्रिकेटर देवेश गोयल ने रचा इतिहास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर -14 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 रामगढ़ जिला धनबाद में शुक्रवार को खूंटी के अगेंस्ट खेलते हुए एक नया कृतिमान बनाया है एक न टूटने वाला निजी स्कोर खड़ा किया है देवेश ने खूंटी जिला टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया और रामगढ़ जिला को बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया, देवेश गोयल एवं अरशद अंसारी ओपनिंग बल्लेबाज के रूप में आये पर उतरते ही पहले विकेट फर्स्ट ओवर में अरशद अंसारी आउट हो गए उनके साथ देने आए कप्तान सचिन कुमार सिंह देवेश गोयल ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते गए देवेश गोयल ने मात्र 115 बॉल खेलकर 22 छक्के एवं 42 चौक के सहायता से 346 रन निजी स्कोर खड़ा कर डाला सचिन कुमार सिंह नवाद रहते हुए 111 रन आलोक केसरी 83 रन रामगढ़ जिला का कुल स्कोर 3 विकेट के नुकसान पर 578 रन बना डाला जवाबी पारी खेलते हुए खूंटी की पूरी टीम 14.5 ओवर में मात्र 38 रन बनाकर ऑल आउट हो गया रामगढ़ 540 रन से जीतकर नेट रन रेट के सहायता से अंडर 14 टूर्नामेंट वर्तमान सत्र में प्रथम स्थान पूरे झारखंड में प्राप्त किया साथ ही गेंदबाजी में आलोक केसरी 1.5 गेंद पर खुटी की तीन विकेट अपने



नाम किया, पीयूष कुमार 6 ओवर 18 रन देकर तीन विकेट, चिरागनाथ 6 ओवर 15 रन देकर 2 विकेट रामगढ़ के गेंदबाजों ने अपने नाम करवाया। इस ऐतिहासिक स्कोर के लिए रामगढ़ के देवेश गोयल को बधाई देने के लिए रामगढ़ जिला के तमाम खेल प्रेमी खिलाड़ी रामगढ़ को बधाई दे रहे हैं साथ है रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू सीनियर उपाध्यक्ष सुबोध पांडेय, उपाध्यक्ष गिरधारी गोप, मानद सचिव अरुण कुमार राय, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद, सहसचिव रोहित कुमार वीरेंद्र पासवान संयुक्त सचिव ने, सुभाजित दत्ता महेंद्र राणा उपेंद्र सिंह ने देवेश के साथ पूरे टीम को शुभकामना व बधाई दिया नॉकआउट राउंड में 17/03/24 को गिरिडीह में जमशेदपुर व रामगढ़ का क्वार्टर फाइनल मैच होना है, के लिए शुभकामनाएं ।

## सभी विश्वविद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई हो : प्रो अनाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद के राँची प्रभारी अनाम अजनबी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखण्ड के राज्यपाल एवं झारखण्ड सरकार से माँग किया है कि अभी हाल में झारखण्ड के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अनुबंध सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है उसमें झारखण्ड के सबसे बड़े क्षेत्र की भाषा खोरठा के साथ-साथ सभी झारखंडी भाषाओं की उपेक्षा की जा रही है। इसे संशोधन कर झारखण्ड के सभी विश्वविद्यालय में झारखंडी भाषाओं की पढ़ाई शुरू की जाय । सरकार झारखण्डी भाषाओं के प्राध्यापकों की नियुक्ति करे जिससे झारखण्डी भाषा पढ़ने वाले छात्र लाभ ले सके । विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पाँच कॉलेजों में लगभग सात वर्षो से स्नातक स्तर में खोरठा पढ़ाई जा रही है लेकिन सरकार आज तक विनोबा भावे विश्वविद्यालय में पद सृजन नहीं



कर पायी है। झारखण्ड सरकार एक तरफ़ प्राथमिक स्तर पर झारखण्डी (मातृभाषा )भाषाओं की पढ़ाई की बात करती है और दूसरी तरफ़ ऊँच शिक्षा की तरफ़ अनदेखा कर रही है।खोरठा झारखण्ड की सबसे बड़ी आबादी की भाषा है और जिसकी अनदेखी की जा रही है । विनोबा भावे विश्वविद्यालय, सिद्धू कान्हू विश्वविद्यालय , नीलांबर पीताम्बर विश्वविद्यालय, विनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय , कोल्हान विश्वविद्यालय इन सभी विश्वविद्यालयों में झारखण्ड की सभी भाषाओं कि पढ़ाई हो।

## भाजपा पतरातू मंडल अध्यक्ष राजा राम प्रजापति का किया गया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पीटीपीएस स्थित कटिया पंचायत मुखिया आवासीय कार्यालय में भाजपा द्वारा पुनःराजाराम प्रजापति को पतरातू मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं स्वागत किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष सह मुखिया किशोर कु. महतो एवं संचालन महामंत्री पंकज कुमार सिंह ने किया। वहीं मंडल अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि आगमी लोकसभा चुनाव में भाजपा अबकी बार 400 पार और फिर से एक बार मोदी सरकार पर भाजपा पूर्ण रूपेण विजय प्राप्त करेगी। इसके साथ-साथ उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,पूर्व 20 सूत्र उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता को धन्यवाद दिया। मौके पर अवधेश सिंह,संतोष शर्मा,रामेश्वर महतो, असलम मियां, रंजन भगत,ऋषिराज भंडारी, विकास गुप्ता,वारिस खान, देवनारायण मुंडा,रणधीर कपूर और राकेश कुमार इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।


वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्याल, रॉंची
सर्वसाधारण के लिए सूचना।




**नाम–ज्ञान प्रकाश कुमार, उम्र–24 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट पहनावा–भूर रंग का जैकेट काला रंग का पैंट पहने हुए है।**

उपरोक्त लापता व्यक्ति ज्ञान प्रकाश कुमार पे0–प्रबोध कुमार सा0–देदौर बख्तियारपुर, थाना–बख्तियारपुर जिला–पटना जो दिनांक–07.02.2024 को नामकुम, से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिसके संबंध में नामकुम थाना सनहा संख्या 16/2024 दिनांक–08.02.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूश कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक मु0 प्रथम, रॉंची 9431706141
थाना प्रभारी नामकुम, रॉंची। 9431706173

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची।

PR 322758 Police(23-24)D


## भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल की बैठक में प्रत्याशी मनीष जायसवाल हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के गोला रोड में स्थित साहू धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मण्डल के द्वारा मण्डल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक परिचयात्मक बैठक कार्यक्रम रखी गई।जिसमे बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रत्यासी सह हजारीबाग सदर के विधायक मनीष जायसवाल उपस्थित हुए।बैठक में उनका कैंट मण्डल के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।साथ ही इस बैठक में वर्तमान रामगढ़ कैंट मण्डल के पदाधिकारी,मंच,मोर्चा के अध्यक्ष और सभी पदाधिकारीगण रामगढ़ कैंट में निवास कर रहे सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों समेत सभी बूथ अध्यक्षों और समर्पित कार्यकर्ताओं से इस परिचयात्मक बैठक में सभी से परिचय प्राप्त कर अपने संबोधन में सभी से लोकसभा चुनाव में युद्ध स्तर पर लग जाने को कहा।साथ ही उन्होंने कहा कि हम सब का प्रत्यासी कमल फूल का निशान है।सभी से अपने अपने क्षेत्रों में मिले दायित्वो को अच्छे से निभाना है।मोदी के द्वारा चलाए गए योजनाओं से लाभार्थियों के बीच जाना है और जन जन तक योजनाओं के लाभ के बारे में बताना है।मंच संचालन ऋषिकेश सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन संतोष साहू ने किया।वक्ताओं में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्री प्रवीण मेहता,पूर्व प्रत्यासी (रामगढ़ विधान सभा) सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार ÷कुण्टू बाबु÷जिला महामंत्री खिरोधर साहू,छोटन सिंह,जिला उपाध्यक्ष आनंद बेदिया, मंत्री बसूद तिवारी कोषाध्यक्ष दीनदयाल साहू,हजारीबाग जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद,वरिष्ठ नेता संजय



सिंह,आलोक सिंह,विजय जायसवाल,मनोज जायसवाल,उमेश प्रसाद शिवकुमार महतो के अलावे वरिष्ठ नेताओं में इलारानी पाठक, राजकुमार मुंडा, बिनोद राम,दीपक सोनकर,नमेंद्र चंचल, शहदेव ठाकुर, मोहन पांडेय,महेंद्र प्रजापति,महेश चौधरी, सुरजीत छाबड़ा, रोबिन गुप्ता और कैंट मण्डल के संतोष साहू, शीतल सिंह, बिनोद गोप, ऋषिकेश सिंह, मिथलेश मण्डल, अजित गुप्ता, अभिषेक चौधरी,विजय पाठक, विजय सोनकर, नवरंजन राम, सुरेंद्र शर्मा,रवि गुप्ता, ब्रजेश पाठक,संजय श्रीवास्तव और मंच मोर्चा से आए सत्यजीत सिंह,तरुण साव, मल्लिका दत्ता,सुनील पासवान, त्रिभुवन यादव,कुलजीत सिंह होरा के अलावे राजेश ठाकुर, सुमित अग्रवाल, सौरभ जायसवाल,धीरज साहू,नितेश कुमार,संजय अग्रवाल, संतोष सिंह,भगवान प्रसाद, राजा श्रीवास्तव, सनी राम,अमित ठाकुर, मणिशंकर ठाकुर, मुकेश तिवारी,मिना विश्वास,अनामिका मिश्रा ,मंजू सिन्हा ,महेश पांडेय,महेंद्र पांडेय,अरविंद सिंह,प्रफ्फुल त्रिपाठी,रवि सिन्हा, कुणाल दास,अमर भारती समेत भाजपा के सभी देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–71/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.03.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 22.03.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.03.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यो का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of 'B' Type Qtr. Block B Qtr. No. 5 & Block A Qtr. No.7, 30 Set at Near Nepal House, Doranda, Ranchi. (High Court Pool) | 341600.00 | 6900.00 | 750.00 | One Month |
| 2 | Renovation of 'C' Type Quarter No.-2/18, 18 Set at Sachiwalay Colony, Hinoo, Ranchi. (High Court Pool). | 422150.00 | 8500.00 | 750.00 | One Month |
| 3 | Renovation of B Type Quarter No. B-19 & 21, 30 Set at Rajendra Chowk, Doranda, Ranchi. (High Court Pool). | 545000.00 | 10900.00 | 1250.00 | One Month |
| 4 | Renovation of 'B' Type Quarter. No. Block - C 1/18, 18 Set Secretariat Colony, at Hinoo, Ranchi. (High Court Pool) | 356800.00 | 7200.00 | 750.00 | One Month |
| 5 | Renovation of "B" Type Quarter No-16/18, 18 Set at Secretariat Colony, at Hinoo, Ranchi. (High Court Pool) | 144700.00 | 2900.00 | 500.00 | One Month |
| 6 | Renovation of 'B' Type Quarter No.-47/124, 124 Set Doranda, Ranchi. (High Court Pool) | 378000.00 | 7600.00 | 750.00 | One Month |
| 7 | Renovation of B type Quarter No-106/124, 124 Set at Doranda, Ranchi | 382100.00 | 7700.00 | 750.00 | One Month |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 322787 Building(23-24).D

## महुदा में रेल कर्मियों ने एईएन शिशुपाल अहिरवार व उनकी पत्नी को दिया श्रद्धांजलि



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** धनबाद जिला के महुदा में ए ई एन और उनकी पत्नी को महुदा रेल कर्मियों ने दिया श्रद्धांजलि। मालूम हो की महुदा रेलवे के ए ई एन शिशुपाल अहिरवार और उनकी पत्नी का जोधपुर में सड़क हादसे में अकाश्मिक मौत हो गई। बताया जाता हैं की दो कारों में भिड़ंत से दोनो की मौत हुई। कर में सवार बेटा-बेटी और भाभी घायल हो गए। मौत की खबर सुनते ही महुदा रेल कर्मियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। ए ई एन के कार्यालय में सभी रेल कर्मियों ने बारी बारी से उनकी छाया चित्र में फूल माला अर्पित कर आत्मा की शांति के लिए मोन रखा गया।

## सालुजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में निःशुल्क करियर काउंसीलिंग का आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले के सालुजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में निशुल्क करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. संजीव आनंद साहू ने की, जो कि आईआईटी आईएसएम धनबाद में गणित और कंप्यूटिंग के उपाध्याय हैं। इस सत्र में डॉ. साहू ने छात्रों और उनके माता-पिता को विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान की और उनकी योग्यता और रुझानों को ध्यान में रखते हुए उन्हें सलाह दी। डॉ. साहू ने अपने अनुभव और ज्ञान से छात्रों को बताया कि वे कैसे अपने करियर को बना सकते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया और यह बताया कि उन्हें सफलता की ओर बढ़ने के लिए विभिन्न चुनौतियों का सामना करना होगा। डॉ. साहू से छात्रों को काफी कुछ सीखने का अवसर मिला और उन्होंने सभी छात्रों को सफलता की राह में मार्गदर्शन किया । इसके साथ ही, स्कूल के निर्देशक श्री जोरावर सिंह सालूजा, श्रीमती रमनप्रीत सालूजा, प्राचार्या श्रीमती नीता दास, उप प्राचार्य श्री सुरज कुमार लाला और शिक्षकों ने भी अपने अनुभवों और ज्ञान को साझा किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी दिनों में और ऐसे सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ आयेंगे और छात्रों को अपने कैरियर की सही दिशा में मदद की जाएगी। सालुजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल के निर्देशक, श्री जोरावर सिंह सालूजा ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित करके छात्रों को उनके करियर के निर्माण में मदद करने का संकल्प दिखाया है, और उन्हें विश्वास है कि इस प्रयास से छात्रों के सपनों को हकीकत में बदलने का मार्ग प्राप्त होगा।

## मुखिया रागिनी सिन्हा के अगुआई में महिलाओं ने चूड़ी बनाने का लिया प्रशिक्षण



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को ग्राम पंचायत पेशम में स्थानीय मुखिया रागिनी सिन्हा के अगुआई में नाबार्ड संस्था से किसान उत्पादक संगठन के द्वारा महिलाओं को चूड़ी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया, ताकि ग्रामीण महिलाओं को घर में हीं स्वरोजगार मिल सके। इस बीच गुड़िया देवी, बबली देवी, लक्ष्मी देवी, आशा देवी, अनीता देवी, विमला देवी, लीलावती देवी, उमा देवी समेत पंद्रह महिलाओं ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया।

## ब्रिटिश पार्लियामेंट भवन में नारी शक्ति बंधन का अभिनंदन का विमोचन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रीति पूजा की पुस्तक ÷नारी शक्ति वंदन का अभिनंदन÷ का विमोचन लंदन स्थित ब्रिटिश पार्लियामेंट भवन में 12 मार्च को किया गया। सांसद पदमश्री बॉब ब्लैकमन के हाथों यह विमोचन हुआ। संपूर्ण विश्व की भारतीय मूल की महिलाएं तथा ब्रिटेन के अनेक गणमान्य मौके पर उपस्थित थे। इस पुस्तक का डिजिटल लोकार्पण धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने अपने कार्यालय में गत दिनों किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष श्रवण राय भी उपस्थित थे। मौके पर अपने संबोधन में विधायक राज सिन्हा ने कहा की धनबाद की बेटी प्रीति पूजा ने धनबाद को विश्व स्तर पर नई पहचान दिलाई है। इससे धनबाद का मान बढ़ेगा। वहीं प्रीति पूजा ने लंदन में कहा कि अगली बार विदेश के दौरे से वापसी के बाद पुस्तक के भारतीय एडिशन का विमोचन किया जाएगा जिसमें भारत और ब्रिटेन के गण्यमान लोग रहेंगे।

## आरा एवं चकिया स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा हेतु कई ट्रेनों का विभिन्न स्टेषनों पर निम्नानुसार ठहराव प्रदान किया गया है-

1. 18639 आरा-रांची एक्सप्रेस 17.03.2024 से 10.10 बजे पीरो पहुंचेगी तथा यहां से 10.12 बजे प्रस्थान करेगी ।
2. 18640 रांची-आरा एक्सप्रेस 17.03.2024 से 05.43 बजे पीरो पहुंचेगी एवं 05.45 बजे प्रस्थान करेगी ।
3. 09451 गांधीधाम-भागलपुर स्पेषल 17.03.2024 से 12.22 बजे चकिया स्टेषन पहुंचेगी एवं 12.24 बजे प्रस्थान करेगी ।
4. 09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेषल 18.03.2024 से 11.53 बजे चकिया स्टेषन पहुंचेगी एवं 11.55 बजे प्रस्थान करेगी ।
5. 15529 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनस जनसाधारण एक्सप्रेस 20.03.2024 से 20.53 बजे चकिया स्टेषन पहुंचेगी एवं 20.55 बजे प्रस्थान करेगी ।
6. 15530 आनंद विहार टर्मिनस-सहरसा जनसाधारण एक्सप्रेस 22.03.2024 से 20.03 बजे चकिया स्टेषन पहुंचेगी एवं 20.05 बजे प्रस्थान करेगी ।
7. 15267 रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अंत्योदय एक्सप्रेस 16.03.2024 से 17.33 बजे चकिया स्टेषन पहुंचेगी एवं 17.35 बजे प्रस्थान करेगी ।
8. 15268 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल अंत्योदय एक्सप्रेस 20.03.2024 से 04.52 बजे चकिया स्टेषन पहुंचेगी एवं 04.54 बजे प्रस्थान करेगी ।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर की बैठक

## स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भय मुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव - 2024 की तैयारियों को लेकर सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक की गई।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी से आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी कोषांग के पदाधिकारी अपने अपने कोषांग के कर्मियों के साथ बैठक कर कोषांग से संबंधित कार्यों एवं दायित्वों पर विशेष फोकस करें। ताकि चुनाव के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जल्द से जल्द मेडिकल कमेटी बनाने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही सभी कोषांग के पदाधिकारी को आदर्श आदर्श आचार संहिता के दौरान की जाने वाली गतिविधियों की तैयारी करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा करने के उपरांत आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु अगले 24 घंटे, 48 घंटे और 72 घंटे के दौरान की जाने वाली कार्रवाइयों के बारे में जानकारी दी। वही एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल से संबंधित पदाधिकारी को एफएसटी, एसएसटी, चेक नाका, इंटर स्टेट चेक नाका से संबंधित तैयारी, बेरिकेटिंग एवं टेंट आदि लगाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर की सुविधा हेतु भी व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया। एलओ के लिए गाड़ी, बॉडीगार्ड आदि मार्क करने हेतु भी संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा स्ट्रांग रूम, वेब कास्टिंग आदि को लेकर जारी दिशा निर्देशों का जिले में अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर जारी दिशा निर्देशों को अच्छी तरह से समझ लेने एवं किसी तरह की कोई दुविधा होने पर त्वरित उसे दूर कर लेने का निर्देश दिया। वही आदर्श आचार संहिता के दौरान जनसभा एवं हेलीकॉप्टर आदि की अनुमति हेतु नोडल नियुक्त करने का दिशा निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी को सुविधा पोर्टल पर आवेदन कलेक्ट करने हेतु राजनीतिक पार्टी के लोग के साथ समन्वय स्थापित कर जानकारियां देने हेतु निर्देशित किया गया।

## सर जे सी बोस में नव पदस्थापित जिला शिक्षा अधिकारी को प्राचार्य ने किया स्वागत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले में नव पदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद का सर जे सी बोस मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय गिरिडीह में पहली बार आगमन हुआ। वही प्राचार्य मुन्ना कुशवाहा के साथ पापिया सरकार,अख्तर अंसारी ,इंद्रदेव साव ,राकेश कुमार सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने जिला शिक्षा पदाधिकारी का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया। वही सभागार में रविवार को झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन के परीक्षा के सफल आयोजन हेतु केंद्राधीक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित किया । जिला शिक्षा पदाधिकारी में झारखंड लोक सेवा आयोग के द्वारा दिए गए सभी अनुदेशक को शत प्रतिशत अनुपालन करने का निर्देश सभी केंद्राधीक्षकों को दिया ताकि परीक्षा शांति और कदाचार मुक्त संपन्न की जा सके। केंद्र अधीक्षकों को निदेश दिया गया । परीक्षा के पूर्व के सभी निर्देशों को, परीक्षा के दौरान बरती जाने वाली तमाम सावधानियां और परीक्षा समाप्त होने के पश्चात की तैयारियों को सभी प्रपत्रों सहित ओएमआर सीट्स के साथ नियमानुकूल सील करते हुए स्टेटिक मजिस्ट्रेट और फ्लाइंग स्क्वॉड के निर्देश पर कार्य करना सुनिश्चित करने को कहा गया।

## संजय सिंह चंदन को मिला आचार्य की उपाधि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** प्रबुद्ध साहित्यकार संजय सिंह चंदन को नीति आयोग भारत सरकार से संबद्ध संस्था परिवर्तन योगेश संस्थान नई दिल्ली पंजीकृत द्वारा इनके नैतिक शैक्षणिक सामाजिक व साहित्यिक मूल्यांकन के आधार पर 15 मार्च को आचार्य उपाधि से अलंकृत किया गया।

## लोकसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह पुलिस सोशल मीडिया पर रख रही कड़ी नजर

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में लोकसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रख रही है। चुनाव प्रभावित करने संबंधित किसी भी तरह का आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने पर पुलिस द्वारा विधिसम्मत कारवाई की जाएगी। उक्त जानकारी गुरुवार को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि आगामी आम चुनाव प्रभावित न हो इसलिए किसी भी तरह का आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, व्हाट्सएप, यूट्यूब, एक्स, इंस्टाग्राम आदि पर शेयर न करें। खास कर भ्रामक फोटो, वीडियो, मैसेज शेयर करने से बचें। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव में प्रशासन की मदद करे।


### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्याल, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम– आकाशदीप साव, उम्र– 25 वर्ष, रंग– गोरा, ऊँचाई– 5 फीट 6 ईंच
पहनावा– पीला रंग का टी शर्ट एवं नीला रंग का जीन्स पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति आकाशदीप साव पे0–योगेन्द्र सा0–लोअर चुटिया जिला–रॉंची जो दिनांक–23.02.2024 को वेतन लाने को कहकर निकले जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिसके संबंध में चुटिया थाना सनहा संख्या 20/2024 दिनांक–26.02.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूष कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक नगर, रॉंची 9431706139
थाना प्रभारी चुटिया, रॉंची। 9431706165

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 322864 Police (23-24)_D



### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
MINOR IRRIGATION DIVISION, HUSSAINABAD

e-Quotation No.- WRD/MID/HUSSAINABAD/01/2023-24

Letter No.:-221 Dated:- 14/03/2024

Rate through e-Quotations are invited for "Material" category annexed as 10 HP Solar AC pump supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacturer/Supplier having valid GSTIN for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under Minor Irrigation Division, Hussainabad Government of Jharkhand to be used in different Pump House replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in.

Details of work experience and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from 22/03/2024 at 2.00 PM to 06/04/2024 at 4.00 PM. The technical envelope will be opened on 08/04/2024 at 11.00 AM.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under Minor Irrigation Division, Hussainabad.

Executive Engineer
Minor Irrigation Division
Hussainabad

PR 322933 District (23-24)_D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

निविदा आमंत्रण सूचना सं0–41/2023–.24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 8.04.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 09.04..2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 09.04.2024 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Kitchen Cum Store in UM.S ,Amjhariya , Block-Barkagaon , District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 2 | Construction of Kitchen Cum Store in U.P.S.,Jojotola , Block-Barkagaon , District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 3 | Construction of Kitchen Cum Store in U.P.S.,Tilaiya , Block-Barkagaon , District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 4 | Construction of Kitchen Cum Store in U.P.S. ,Tetariya , Block-Barkagaon , District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 5 | Construction of Kitchen Cum Store in U.P.S. ,Asnatand , Block-Barkagaon , District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 04 माह |
| 6 | Construction of Kitchen Cum Store in U.P.S. ,Sikharbera , Block-Barkagaon , District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/-- | 5000/- | 04 माह |
| 7 | Construction of Kitchen Cum Store in U.P.S. ,Gobardaha , Block-Barkagaon , District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/ | 5000/- | 04 माह |
| 8 | Renovation work for RPM ,School Rewali , Block-Katkamdag , Hazaribag | 4828600/- | 97000/- | 5000/- | 06 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 322899 Building(23-24)#D



### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG

e-Procurement Tender Notice

Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-34/2023-24

Letter no - 365 Date:- 15.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Renovation of Daihar Patti Ahar M.I. Scheme Block-Chouparan, District- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 92,24,600.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 20.03.2024 at 3:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 13.04.2024 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 13.04.2024 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 15.04.2024 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division
Hazaribag

PR 322923 Minor Irrigation (23-24)_D



### ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची

अल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–07/2023-24/EE/BCD/DIV-2,RANCHI. दिनांक–17.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Renovation of Common Toilet of Engineering Hostel No-2, at HEC, Dhurwa, Ranchi. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0) | रू0 77,99,900/– (सतहत्तर लाख निनानबे हजार नौ सौ ) रूपये मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण की अवधि | 4 (चार) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 27.03.2024 को 11:00 बजे |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 03.04.2024 को 11:00 बजे तक |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | 04.04.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल संख्या–02, रॉंची। |
| 7. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 6203309676 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 7992430721 |

9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रकिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची

PR 322901 (Building)23-24*D



### झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (2nd Call)

निविदा सूचना संख्या–DWSD/CTR/RRP/28/2023-24 दिनांक – 15.03.2024

A: Name of Work :- Changing of Rotten Riser Pipe in I.M-II Drilled Tube Well with 32 mm Medium Class G.I Riser Pipe and Connecting Rod for Drilled Tube Well in Different Blocks of Chatra District on "TURNKEY BASIS" under D.W.&S. Division, CHATRA for the Year 2024-25

| | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूप संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CTR/RRP-02 | 73 Nos. | 10.65384 | 0.22 | 2,500/- | 90 Days |

| | | |
|---|---|---|
| B | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 16.03.2024 समय 02:00 बजे अपराहन तक |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 23.03.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौघोगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.03.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 26.03.2024 समय 05:00 बजे पुर्वाहन तक |
| F | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | ई0 अजय कुमार सिंह कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन संख्या | 9431325479, 9931972161 एवं 06541–253273 |
| I | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651–2480345 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 अजय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 322896 Drinking Water and Sanitation(23-24).D



e-Procurement Cell
### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi)
Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

RE- Short Term e-Procurement Notice
PR NO.- 317834 BUILDING(23-24)_D
2ND CALL

Date – 14-03-2024

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/28/ 2023-24 | Renovation of Administrative Building in RINPAS Kanke, Ranchi | 5607402.00 | Four Month |
| 2 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 22-03-2024 at 02.00 PM | |
| 3 | Date/Time of Opening of Bid | | 23-03-2024 at 03.00 PM | |
| 4 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 5 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 322804 (Building) 23-24 (D)

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# डॉ. रामेश्वर उरांव ने कैरों प्रखंड में नवनिर्मित पड़हा भवन व अखरा का किया उद्घाटन

## कहा आदिवासी संस्कृति धरोहर को बचाना एवं उत्थान करना ही मेरी पहली प्राथमिकता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार द्वारा लोहरदगा जिला अंतर्गत प्रखंड कैरो के ग्राम नरौली में विधायक निधि से नवनिर्मित पड़हा भवन का उद्घाटन किया। एवं ग्राम खंडा में विधायक निधि से निर्मित अखड़ा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की ग्रामीण जनता की सहायता से ही मैं विधायक बना और पार्टी ने मुझपर विश्वास जताया और मंत्री बनाया ताकि मैं जिले और क्षेत्र का विकास कर सकूं। हमारी सरकार झारखंड के विकास के पथ पर अग्रसर है मनुष्य को गरिमा पूर्ण



जीवन जीने के लिए रोटी कपड़ा मकान की आवश्यकता होती है,इसी के तहत हमारी गठबंधन सरकार ने हर राशन कार्ड बीपीएल परिवार को उपलब्ध कराया, अब राशन में पोषाहार युक्त भोजन के लिए दाल भी उपलब्ध कराया जा रहा है बाकी कुपोषण जैसी समस्याओं से निजात पाया जा सके और झारखंड की जनता स्वस्थ एवं सुरक्षित रहे। इसके साथ-साथ धोती साड़ी लूंगी योजना के तहत ?10 में ग्रामीण जनता को धोती लूंगी एवं साड़ी उपलब्ध कराया जा रहा है इस योजना के माध्यम से हमारे सरकार ग्रामीणों का तन ढकने का काम कर रही है, एवं सर ढकने के लिए अबुवा आवास के माध्यम से सभी को घर उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान युग में आधारभूत संरचना के साथ साथ सांकृतिक एवं पारंपरिक संरचना को भी बचाने की आवश्यकता है। आदिवासी संस्कृति परंपरा के उत्थान का प्रयास किया जा रहा है, और इसके लिए हमने पुरजोर प्रयास किया और फलस्वरूप नरौली में पड़हा भवन तैयार है। हमने पूरे विधानसभा क्षेत्र में 170 अखड़ा का निर्माण करवाया ताकि आदिवासी संस्कृति एवं सभ्यता को बचाया जा सके और यह सांस्कृतिक केंद्र समाज के काम आ सके। एवं सांस्कृतिक पारंपरिक वाद्य यंत्रों को बढ़ावा देने के लिए हमने 300 मांदर एवं नगाड़े का वितरण किया,एवं हमारी सरकार ने बजट में भी यह पेश किया की आदिवासी बहुल क्षेत्रों में अखड़ा का निर्माण किया जाए एवं पारंपरिक वाद्यंत्रों का वितरण किया जाए। हमने इस क्षेत्र के विकास के लिए नंदिनी डैम से सिंचाई के लिए एवं जल आपूर्ति के लिए 58 करोड़ की लागत से नहर का निर्माण कर रहे हैं,एवं जिले के सभी पंचायत में जलापूर्ति के लिए 10-10 चपाकल का निर्माण कराया जाएगा। हमारी गठबंधन सरकार प्रयास कर रही है कि राज्य का चहुमुखी विकास हो और राज्य की जनता की सहभागिता राज्य के विकास में हो। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शहदेव, रोहित प्रियदर्शी उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सुशील उरांव, हरिदास उरांव, मृत्यंजय तिवारी, कुलदीप साहू, रसीद अंसारी, गणपत उरांव, रौनक इकबाल, जुबेर अंसारी,जावेद अंसारी, जियाउल अंसारी, मंगल देव उरांव, धर्मराय पाहन, मनोज उरांव, सकलू उरांव, सबिता उरांव, कासी उरांव, फागू उरांव आदि उपस्थित थे।

# बेहतर ज्ञान और मस्तिष्क का विकास के लिए किताबों का करें अध्ययन : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि बेहतर ज्ञान और मस्तिष्क के सही विकास के लिए किताबों का अध्ययन सबसे श्रेष्ठ रास्ता है। आज सोशल मीडिया के माध्यम से कई तरह की सामग्री हमें उपलब्ध होती है लेकिन वे विश्वसनीय और सही कसौटी पर परखी नहीं होती हैं। किताबों से इतिहास, अर्थशास्त्र, अपने आसपास की चीजों को बेहतर ढंग से समझने का मौका मिलता है। किताब आपके व्यक्तित्व का सही तरीके से विकास करता है। सोशल मीडिया का ज्ञान सीमित होता है। उक्त बातें उपायुक्त ने आज समाहरणालय मैदान में आयोजित जिला स्तरीय पुस्तक मेला-सह-विज्ञान प्रदर्शनी का आज शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में कही। इससे पूर्व उपायुक्त द्वारा मेला का शुभारंभ फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उपायुक्त ने कहा कि आज पुस्तक मेला के जरिये विद्यालयों के लिए बेहतर पुस्तक का चयन करने का



अवसर आप सभी को मिला है। आज मेला में विभिन्न प्रकाशकों के द्वारा पुस्तकों की प्रतियां मेला में उपलब्ध करायी गई हैं। आप सभी इनमें से श्रेष्ठ पुस्तकों का चयन करें ताकि वे पुस्तकें आपके विद्यालय के पुस्तकालय में भेजी जा सकें। इसका लाभ आपके बाद पढ़नेवाले छात्र-छात्राओं को भी होगा। कार्यक्रम में उपायुक्त द्वारा पुस्तक मेला-सह-विज्ञान प्रदर्शनी के सभी स्टॉलों का अवलोकन किया गया। दिये गये अंक के आधार पर विज्ञान प्रदर्शनी में उच्च विद्यालय बगडू जामनुटोली के निशांत उरांव एवं टीम को बायोगैस प्रणाली से मिथेन गैस बनाये जाने के पर ट्रॉफी देकर प्रथम पुरस्कार विजेता के रूप में पुरस्कृत किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में सभी प्रखण्डों से कक्षा 8-10 के कुल 14 टीमों ने भाग लिया। इसी प्रकार पुस्तक मेला में कुल 11 प्रकाशकों द्वारा स्टॉल लगाया गया। आज के कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलिन टोप्पो, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आंबुज्य पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, सपना सिंह, जितेंद्र मित्तल समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

# एमबी डीएवी विद्यालय में शिक्षकों के लिए दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में पीजीटी शिक्षक यूसी दास द्वारा दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। बदलते परिवेश में विद्यार्थियों के कल्याण को बढ़ावा देने, शिक्षण- अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने, नवीन तकनीकियों से सुसज्जित छात्रों को उनके समुचित प्रयोग तथा नैतिक मूल्य के साथ सामंजस्य बनाने और जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालय पर्यावरण में कार्यशालाएं बेहद महत्वपूर्ण हैं। इन्हीं उद्देश्यों को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 14 व 15 मार्च को डीएवी लोहरदगा के प्रांगण में शिक्षकों के लिए दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक



शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यशाला में प्राचार्य महोदय, यू सी दास, रोहित ठाकुर, आर के झा,शितेश कुमार पाठक आदि विशेषज्ञो द्वारा विविध शीर्षकों पर चर्चा परिचर्चा किया गया। जिसमें शिक्षा की नवीन पद्धतियों प्रायोगिक शिक्षण, हैप्पी क्लासरूम, आर्ट इंटीग्रेटेड एजुकेशन, स्कूल हेल्थ एंड वेल बींग, ब्लूम टैक्सनॉमी, ब्रेनस्टॉर्मिंग, ब्लैंडेड लर्निंग आदि शीर्षकों तथा छात्रों के मनोविज्ञान व मनोविश्लेषण पर आधारित बारीकियों को समझाया गया। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## माह रमजान में इबादत में गुजारे समय हाफिज गुलाम मुस्तफा

# रमजान महिना के पहले जुम्मा में नमाजियो ने की इबादत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** रमजान माह के पहले जुम्मे पर मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने रमजान महीने के पहली जुम्मा की नमाज पढ़ी और दुआ मांगे। वही सेन्हा जमा मस्जिद के इमाम हाफिज गुलाम मुस्तफा ने मुस्लिम धर्मावलम्बियों को नमाज से पहले संबोधित करते हुए कहा की रमजान माह में इबादत कर जीवन गुजारे और रोजा रखें, रोजेदार को सीधा खोदा देखता है। अल्लाह जानता है की कौन व्यक्ती रोजा रखा है या नही इस महीने में एक नेकी के बदले 70 नेकी मिलता है। इस्लाम में बताया गया है की पड़ोसी से हर मामले में बेहतर व्यवहार करके रहें और खुशी गम में पड़ोसी का साथ दें रोजेदार को एक ग्लास पानी रोजा खोलने के समय और



एक खजूर देने से काफी नेकी प्राप्त होता है। और रोजेदारों की दुआ बहुत जल्द काबुल होती है। हर दौर में अंबियाओ ने अपने अपने तरीके से रोजा रखा है। आप सब रोजा रखे नमाज और रोजा बुराई से बचाता है। साथ ही कहा कि सदका, खैरात, जकात गरीब आदमी एवं अनाथ लोगों को दें और उसको भी खुशी में शामिल करें। प्रखंड क्षेत्र के उगरा, सेरेंगहातु, कल्हेपाट, अरु, सेन्हा, बुटी, झखरा, भड़गाँव, अरु बाँधटोली, भंगाडी, तोड़ार सहित सभी जगहों के मस्जिद में रमजान महीने का जुम्मे की नमाज एक साथ पढ़ी गई और लोगों ने क्षेत्र की खुशहाली अमन चैन की दुवाएं मांगे।

# बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भंडरा प्रखंड के विभिन्न गांव में मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सोमवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भंडरा प्रखंड के विभिन्न गांव में मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भंडरा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 89, 90, 91, 92 93, 94, 95, 96, 102, 103, 104 का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्था की जांच की। इस दौरान बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बलसोत मतदान केंद्र के ग्रामीणों से मुलाकात कर मतदाता सूची में नाम अंकित की जानकारी लेते हुए निर्भीक होकर मतदान करने को लेकर प्रेरित किया। उन्होंने स्थानीय मतदान केंद्र के पर्यवेक्षक व बीएलओ से मुलाकात कर स्वीप कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में मतदान के प्रति लोगों को जागरुक करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केंद्र में बिजली,पेयजल,शौचालय, लाइट,रैंप,नेटवर्क की जांच की। साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव में मतदान संपन्न कराने पहुंचने वाले मतदान कर्मियों के ठहराव के लिए गडरपो में बनाए गए क्लस्टर की भी जांच कर साफ-सफाई,पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। मौके पर सांख्यकी पदाधिकारी गौरिस गौरव मौजूद थे।

# नाबालिग बच्ची ने फांसी लगा किया आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अन्तर्गत कुंदगडी बड़का टोली गांव निवासी काशी महतो की नाबालिक पुत्री अजंती कुमारी 12 वर्ष ने अपने ही घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली मृतक के पिता द्वारा घटना गुरुवार देर शाम की बताई जा रही है। वही मृतक बच्ची के पिता काशी महतो का कहना है कि मुझे तथा मेरे नाबालिक पुत्र अजय कुमार को थाना लाया गया था। कारण पूछने पर पिता ने बताया कि गांव के ही एक मुखबधिर बच्ची के साथ अभद्र व्यवहार का मामला में गुरुवार को लाया गया था। मेरा पुत्र अजय कुमार को सेन्हा थाना में पुलिस लाया था जिसे हम भी बच्चा से मिलने सेन्हा आये थे। सेन्हा थाना से जब शाम को मैं घर गया तो रूम का दरवाजा बंद था। दरवाजा खोलवाने का काफी प्रयास किया जब अंदर से दरवाजा नही खुला तो किसी तरह दरवाजा खोल ग्रामीणों के साथ अंदर गया तो देखा कि मेरी नाबालिक पुत्री अजंती कुमारी फांसी लगा ली है। जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को दिया गया पुलिस प्रशासन सूचना मिलते ही मृतक का घर पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए घटना की तहिकात में जुट गई। इस संदर्भ में प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा आत्महत्या का मामला है इसमें क्या बताएं जांच प्रकिया चल रही है।

# जिला समन्वयक पोषण अभियान गौतम दत्ता ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में जिला समाज कल्याण के निर्देशानुसार जिला समन्वयक पोषण अभियान गौतम दत्ता की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में 9 मार्च से 23 मार्च तक पोषण पखवाड़ा के तहत कैलेंडर के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा मनाने का निर्देश दिया गया। तथा पोषण ट्रेकर द्वारा मोबाइल के माध्यम से आंगनबाड़ी से सम्बंधित सभी कार्यो को पोषण ट्रेकर में अपलोड करने का निर्देश दिया गया। साथ ही 21 मार्च को सभी आंगनबाड़ी केंद्र में एक साथ मातृ वंदना मनाने का भी निर्देश दिया गया। सभी आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका का आधार भेरिफाई कराना आवश्यक है। जिसे जल्दआधार भेरिफाई कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रवेक्षिका परमुनी देवी, अंगनी बेक के अलावे शहनाज बेगम, सुशीला उराँव, रजनी देवी, लक्ष्मी उराँव, सुमित्रा देवी, सालेन खेस, सरोज देवी, ललीता उराँव, सीता देवी, किरण देवी, निर्मला देवी, शिला कुमारी, निशा देवी, अंजनी उराँव, सुचिता उराँव सहित अन्य सभी आंगनबाड़ी सेविकाएँ उपस्थित थे।

# दिव्यांगों को एक ही परिसर में उपलब्ध कराई जाएगी सारी सुविधा : एनोस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** दिव्यांग सेवा आश्रम का 16वां स्थापना दिवस आश्रम के कार्यालय परिसर में मनाया गया मौके पर मुख्य रूप से झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री है एनोस एक्का और जिला अध्यक्ष मतियस बागे उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर की गई। मौके पर एनोस एक्का ने उपस्थित सभी दिव्यांगों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी के द्वारा दिव्यांग सेवा आश्रम के माध्यम से सभी दिव्यांगों को सभी तरह की सुविधा पहुंचाने के लिए प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों के लिए आश्रम परिसर में ही स्वास्थय केन्द्र, स्कूल, प्रशिक्षण केंद्र आदि बनाया जाएगा ताकि दिव्यांगों को आने जाने में परेशानी न हो।



दिव्यांग लोगों को समाज का अभिन्न अंग बताते हुए एनोस एक्का ने कहा कि सरकारी नौकरी में भी दिव्यांगो को आरक्षण देने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी को लोगों का प्यार और स्नेह मिलता है, तो विधायक बनने के साथ ही जिले के सभी दिव्यांगों को सुविधा दिलाने का सार्थक कार्य होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी घोषणा नहीं धरातल पर काम करने पर विश्वास रखती है। और झारखंड पार्टी ने काम करके दिखाया है। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। मौके पर दिव्यांगों ने भी अपनी कई समस्याओं से पूर्व मंत्रियों को अवगत कराया, मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने को लेकर भाजपा बुथ अध्यक्षों की हुई बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को बाघा शक्ति केन्द्र में शक्ति केन्द्र संयोजक, सह संयोजक बूथ अध्यक्ष की बैठक बाघा गाँव में आहूत की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लाल बिश्वजीत नाथ शाहदेव उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ता को चुनाव संबंधित बातों पर चर्चा करते हुए उन्होंने यह कहा कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में किस तरीके से हमें आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए जीत कैसे हासिल करनी है इस पर हमें विचार कर कार्य करने की जरूरत है। इस बैठक में मण्डल महामंत्री विवेक चौहान, मण्डल उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह, नगर मण्डल के उपाध्यक्ष श्याम वर्मा, पंचायत के संयोजक नागेन्द्र पांडे, पंचायत अध्यक्ष आदर्श कुमार, बूथ अध्यक्ष सुनील महली, देवनाथ महली, दिलेशवर लोहरा, जयसिंह महली, भूनेशवर, बालगोविन्द, अखिलेश, भोदवा यादव, बिरसु उराँव एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जनसेवा की भावना से काम करे पंचायत सहायक

# नौकरी स्थायी करवाने की दिशा में करेंगे पहल : विधायक भूषण बाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पंचायत स्वयं सेवकों की मांगे पूरी होने एवं उनका नाम पंचायत सहायक किए जाने पर संघ के लोगों ने राज्य सरकार एवं विधायक भूषण बाड़ा का जताया आभार। सिमडेगा जिला स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को विधायक भूषण बाड़ा से मिलकर बधाई दी। साथ ही संघ के हड़ताल को स्थगित करते हुए शुक्रवार से काम मे वापस लौटने की जानकारी दी। संघ के लोगों ने राज्य सरकार और विधायक भूषण बाड़ा के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर राज्य सरकार द्वारा पंचायत स्वयं सेवकों की कुछ मांगे मान ली गई है। सरकार द्वारा पंचायत स्वयं सेवकों के नाम बदलकर पंचायत सहायक रखने को सहमति दे दी है। जिसको लेकर संघ के लोगों में हर्ष है। संघ के लोगों ने बताया कि वे लोग अपनी



मांगों को लेकर काफी लंबे समय से अनिश्चितकालीन हड़ताल में थे। लेकिन सरकार द्वारा उनकी कुछ मांगों को पूरी करने के बाद काम मे वापस लौटने का निर्णय लिया है। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने पंचायत स्वयं सेवकों का नाम पंचायत सहायक पर होने एवं मांगे पूरी होने के लिए संघ के लोगों को बधाई दी। विधायक ने कहा कि वे पंचायत सहायकों के साथ है। संघ की मांगों को लेकर लगातार आवाज उठा चुके हैं और आगे भी उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायक हर पंचायत के गांव अंतिम ब्यक्ति से जुड़े रहते हैं। पंचायत सहायक के बदौलत ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान में खड़े ब्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने सभी पंचायत सहायको को पूरी ईमानदारी एवं जनसेवा की भावना के साथ काम करने की अपील करते हुए कहा कि वे पंचायत सहायको के साथ है। पंचायत सहायकों की हर मांगों को पूरा करने का प्रयास लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायकों को न सिर्फ संतोषजनक मानदेय दिलाने बल्कि इन्हें स्थायी करने की सरकार से मांग करेंगे। मौके पर उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी पंचायत सहायको को बधाई दी। साथ ही कहा कि पंचायत सहायक लगातार जनता की सेवा में जुटे हुए हैं। इसी को देखते हुए विधायक भूषण बाड़ा लगातार पंचायत स्वयं सेवकों की मांगों को लेकर आवाज उठाते रहे हैं। उन्होंने विधानसभा सत्र में भी लगातार आवाज उठाते रहे। जिसके बदौलत आज इनकी कुछ मांगे पूरी हो चुकी है। उन्होंने विधायक से आग्रह करते हुए कहा कि वे पंचायत सहायकों की नौकरी स्थायी कराने तक लड़ाई जारी रखें। मौके पर जिप सदस्य समरोम पौल टोपनो,जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल,नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद सहित संघ के कई सदस्य उपस्थित थे।

# कोलेबिरा प्रखंड के नवा टोली पंचायत सनबोथा में बांध का हुआ शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उक्त काम हो जाने से क्षेत्र के किसानों, मक्षुआरे आदि लाभान्वित होंगे। किसान अपने खेतों में पानी के बिना खेती नहीं कर पा रहे हैं,अब उनके खेतों तक पानी पहुंचेगा। विधायक ने कहा कि हमारा देश और प्रदेश कृषि पर आधारित है, यहां के किसान खेती और जंगल के उपज पर निर्भर है। इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए झारखण्ड सरकार ने किसानों के लिए अनेकों लाभकारी योजनाएं चलाई है। किसान कैसे सशक्त और समृद्ध हो इसपर सरकार कार्य कर रही है।कृषि विभाग के माध्यम से खाद बीज उपलब्ध कराया जा रहा है।कृषि को बढ़ावा देने के लिए जगह जगह डीप बोरिंग, तालाब निर्माण आदि किए जा रहे हैं। किसानों का जहां 50 हजार का कृषि ऋण माफी हो रहा था अब दो लाख तक माफी योजना सरकार ने लाई है। यही नहीं सभी क्षेत्रों में झारखण्ड राज्य की सरकार लाभकारी योजनाएं चलाई है।जो अभी धरातल पर कार्य हो रहा है। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग जिला उपाध्यक्ष श्याम लाल प्रसाद, फ्रांसिस बिलुंग, प, सुनील खड़िया, अशफाक आलम राकेश कोनगाड़ी, जमीर अहमद जमीर हसन राकेश कोनगाड़ी अमृत डुंगडुंग आदि मौजूद थे।

# विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त थानेदार को दी गई विदाई, नए प्रभारी का स्वागत

**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 15 मार्च शुक्रवार को कैरो थाना परिसर मे विदाई समारोह आयोजित कर कैरो थाना से सेवानिवृत्त 12 वें थानेदार शंखनाथ उराँव को दिया गया विदाई वही कैरो थाना के 13 वें थाना प्रभारी नीरज झा को किया गया स्वागत। समारोह मे उपस्थित थाना क्षेत्र के गणमान्य लोगो के द्वारा सेवानिवृत्त थानेदार को लोगों ने शाल, बुक्के, गिफ्ट देकर विदाई दिया वही 13 वें थानेदार नीरज झा को भी उपस्थित लोगो ने शाल ओढाकर थाना मे स्वागत किया।इस अवसर पर कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी छ्न्दा भट्टाचार्य ने कहा कि मुझे भी आपके प्रखंड मे योगदान दिये कुछ ही दिन हो रहे हैं,आप सभी लोगो के सहयोग से ही प्रखंड के विकास गाड़ी को आगे की और ले जाना है। वही नए थाना प्रभारी नीरज झा ने कहा कि थाना क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाने मे आप सभी का सहयोग आवश्यक। सेवानिवृत्त थानेदार शंखनाथ उराँव ने कहा कि मैने इस थाना को 04 साल दिया,आप सबो के सहयोह से मुझे कार्य करने मे ऊर्जा ऊर्जा मिलती थी, मुझे कभी लगा ही नहीं कि घर से बाहर मै यहाँ नौकरी कर रहा हूँ, अपने कार्यकाल मे हमने आप सबका सम्मान किया फिर नौकरी मे रह्ते हमसे किन्ही का अपमान हूआ हो तो उसके लिये मै आप सबसे क्षमाप्रार्थी हूँ, कहते हुए शंखनाथ उराँव भावूक हो गये। समारोह को अनेको गणमान्य ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विदाई का क्षण भावूकता का क्षण होता है।

## चलते चलते एक नजर

### रांची के मोरहाबादी मैदान में अहिंसा रन 31 को

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जीतो संस्था की ओर से 31 मार्च को मोरहाबादी मैदान में सुबह 5.30 बजे से अहिंसा रन का आयोजन किया गया है। दौड़ तीन श्रेणी में होगी। दस किमी की प्रतिस्पर्धा दौड़ में विजयी महिला और पुरुष को 21 हजार रुपए, दूसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागी को 15 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 11 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। संस्था की अध्यक्ष प्रियंका पाटनी ने बताया कि पांच किमी की दौड़ के विजयी को 11, सात और पांच हजार रुपये नगद इनाम मिलेंगे। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिला और पुरुष को दस किमी की दौड़ में सफल होने पर 21, 15 और 11 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसी आयु श्रेणी में तीन किमी की दौड़ के विजेता को 71 सौ रुपए का इनाम दिया जाएगा।

### राज्य कैबिनेट की बैठक आज




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक अब 16 मार्च को दोपहर 2:30 बजे से होगी। पहले यह बैठक पूर्वाह्न 11:00 बजे से होने वाली थी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने यह जानकारी दी है। यह बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### रेलवे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की पटरी पर, माल ढुलाई से लेकर ट्रैक बिछाने का रिकार्ड

**नई दिल्ली :** भारतीय रेल वित्तीय वर्ष 2023-24 में माल ढुलाई व्यवसाय, कुल राजस्व, ट्रैक बिछाने के मामले में अपने इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करने की राह पर है। रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, भारतीय रेल ने आज 15 मार्च को 1500 मिलियन टन की मूल माल ढुलाई को पार कर लिया है। इससे पहले, भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1512 मिलियन टन की अब तक की सबसे अच्छी माल ढुलाई की थी। इस वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, भारतीय रेलवे का कुल राजस्व अब तक 2.40 लाख करोड़ रुपये है। पिछले वर्ष 15 मार्च को कुल राजस्व 2.23 लाख करोड़ रुपये था। इसमें 17000 करोड़ की वृद्धि हुई। इस वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय रेल का कुल व्यय 2.26 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान यात्रा करने वाले कुल यात्रियों की संख्या 648 करोड़ है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के आंकड़ों की तुलना में 52 करोड़ अधिक है। पिछले वर्ष यात्रा करने वाले यात्रियों की कुल संख्या 596 करोड़ थी। जारी वित्तीय वर्ष में अब तक भारतीय रेल द्वारा 5100 किलोमीटर नई ट्रैक बिछाई गई है। इस वित्त वर्ष में औसत ट्रैक प्रतिदिन 14 किलोमीटर से अधिक है।

# आंगनबाड़ी सेविका चयन के दौरान हंगामा, 7 पर मुकदमा दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के आदिवासी बहुल गांव कामत में आंगनबाड़ी सेविका चयन में उस समय हंगामा हो गया जब ग्रामसभा में चयनित सेविका आरती किन्नू के नाम की घोषणा की गई। इसके बाद महिला पर्यवेक्षिका किरण कुमारी ने स्थानीय थाना में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और कार्यवाही पंजी छीन लेने का आरोप लगाते हुए ग्रामसभा में उपस्थित महिलाओं समेत सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसका कांड संख्या-55/24 है.गौरतलब है कि गत वर्ष 29 नवंबर को आयोजित ग्रामसभा में सकुन्ती उरांव का चयन मेधा के आधार पर किया गया था और स्थल पर चयन कमेटी ने औपबंधिक चयन पत्र भी दिया गया था। बाद में जिला स्तर पर इस चयन को रद्द कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि जिला समाज कल्याण कार्यालय में अंतिम चयन पत्र निर्गत करने के एवज में मोटी रकम की मांग की जा रही थी, जिसे नहीं देने पर सकुन्ती का चयन रद्द कर दिया गया। पुनः जब गत 12 मार्च को सेविका चयन के लिए ग्रामसभा आयोजित की गई तो सकुन्ती के स्थान पर आरती किन्नू के



चयन की घोषणा की गई। यह सुनते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए और हंगामा करने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि जब सेविका पद के लिए ग्रामसभा में उन्हीं महिलाओं ने आवेदन दिया जो गत वर्ष 29 नवंबर को आवेदन दी थीं। आश्चर्य की बात तो यह है कि उस समय जो आवेदक अयोग्य थी वह इस बार योग्य कैसे हो गयी? इस बार आयोजित ग्रामसभा में सकुन्ती के चयन के प्रस्ताव को निरस्त करने के कारण ग्रामीण हंगामा करने लगे। इसके विरोध में कामत गांव की आदिवासी महिलाएं गोलबंद हो गयीं। बताया जाता है कि 25-30 की संख्या में हुसैनाबाद थाना पहुंच कर महिलाओं ने बीडीओ रौशन कुमार एवं महिला पर्यवेक्षिका किरण कुमारी पर गाली-गलौच का आरोप लगाया है।इधर, सकुन्ती उरांव ने एक लिखित शिकायतपत्र हुसैनाबाद थाना प्रभारी को देकर आरोप लगाया है कि बीडीओ और महिला पर्यवेक्षिका ने उसके विरुद्ध जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज किया। साथ ही और उसे धांगर और वानर कहा है। बनियाडीह बराही पंचायत के कामत उरांव टोला निवासी सकुन्ती उरांव ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी व आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। हालांकि, अभी तक बीडीओ और महिला पर्यवेक्षिका के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। इससे आक्रोशित सैकड़ों महिलाओं ने शुक्रवार को स्थानीय विधायक के आवास पहुंच कर इस मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की जबकि विधायक अपने जपला स्थित आवास पर मौजूद नहीं थे।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आए रिकॉर्ड आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में संचालित 80 जिलास्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नामांकन के लिए शुक्रवार की शाम चार बजे तक 36,229 आवेदन प्राप्त हुए। उत्कृष्ट विद्यालयों में 8,984 सीटों पर नामांकन का लक्ष्य निर्धारित था। उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए इस बार ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड से आवेदन लिए गए थे। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक अब तक विभिन्न जिलों से 34,695 ऑफलाइन आवेदन आये हैं जबकि ऑनलाइन मोड से नामांकन के लिए 1534 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदन करने वाले बच्चे दिनांक 18 से 21 मार्च तक प्रवेश परीक्षा से संबंधित एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकेंगे। उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 22 मार्च को आयोजित की जायेगी। 30 मार्च को प्रवेश से संबंधित पहली मेधा सूची का प्रकाशन किया जाएगा। एक अप्रैल से सात अप्रैल, तक विद्यार्थियों का नामांकन लिया जायेगा। आठ अप्रैल से उत्कृष्ट विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो जायेगी।

**बढ़ाई गयी थी आवेदन की समय सीमा:** राज्य के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आवेदन करने की समय सीमा को बड़ा दिया गया था। राज्य के सभी जिलों के उत्कृष्ट विद्यालयों में अपने बच्चों के नामांकन के लिए अभिभावक दूर-दराज से पहुंच रहे थे। अभिभावकों और बच्चों के उत्साह को देखते हुए समय सीमा को 15 मार्च तक बढ़ा दिया गया था।

**उत्कृष्ट विद्यालयों में मिलती है निःशुल्क शिक्षा:** राज्य के 80 जिलास्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में निःशुल्क उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जाती है। सभी विद्यालय सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएससी) से मान्यता प्राप्त है। ये उत्कृष्ट विद्यालय स्मार्ट क्लास, खेल-कूद एवं तकनीकी कौशल प्रशिक्षण के साथ विज्ञान विषय के लैब, पुस्तकालय, प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक, लैंग्वेज लैब समेत कई आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। इन उत्कृष्ट स्कूलों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनमें रचनात्मक, सामाजिक और भावनात्मक कौशल का भी विकास किया जाता है।

## कार्यकर्ताओं से ही संगठन बनता है मजबूत : मंत्री मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा:** रंका प्रखंड के रंका कला पंचायत के मुखिया राजेश मधेशिया सहित कई लोग भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए।

शुक्रवार को सभी ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के रांची स्थित आवास पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

भाजपा छोड़ कर झामुमो में शामिल होने वालों में डुमरिया निवासी संजय मिश्रा, गांगी निवासी विजय पांडेय, तिलदाग निवासी उपेन्द्र चंद्रवंशी, शंकर राम आदि का नाम शामिल है।



मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को पार्टी का पट्टा व माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल कया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि कार्यकर्ताओ से ही संगठन मजबूत बनता है। कार्यकर्ता यदि पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें तो उस संगठन को कोई भी पछाड़ नहीं सकता है।

## लोस चुनाव को लेकर पुलिस सतर्क, अपराधियों पर कसेगी नकेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 की तैयारी के शांतिपूर्ण क्रियान्वयन के मद्देनजर महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची अजय सिंह की अध्यक्षता में 15 मार्च 2024 को एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संजय आनन्द राव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान-सह-स्टेटपुलिस नोडल पदाधिकारी प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, विशा, पंकज कम्बोज, पुलिस महानिरीक्षक, प्रोविजन, असीम बिक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक, अपअनुवि, अन्नेपु विजयालक्ष्मी, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, पटेल मयूर कन्हैयालाल, पुलिस उप-महानिरीक्षक, झासपु इन्द्रजीत महथा, पुलिस उप- महानिरीक्षक , झारखण्ड जगुआर, कार्तिक एस, पुलिस उप-महानिरीक्षक , विशेष शाखा, सुरेन्द्र कुमार झा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, बोकारो, धनन्जय कुमार सिंह, पुलिस उप-महानिरीक्षक, जंगलवार फेयर स्कूल, नेतरहाट, अश्विनी सिन्हा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, संचार एवं तकनीकी सेवाएं, झारखण्ड, नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक, कार्मिक, अमित रेणु, पुलिस अधीक्षक, अभियान तथा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, राँची, पलामू एवं बोकारो, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक, जमशेदपुर, धनबाद, राँची सहित सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों ने भाग लिया।



**कुर्कियों के निष्पादन, निरोधात्मक कार्रवाई :** बैठक में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड ने लंबित वारंटों / कुर्कियों के निष्पादन, निरोधात्मक कार्रवाई, सकिय अपराधकर्मियों तथा अन्य उपद्रवियों को चिन्हित करना एवं उनके विरूद्ध की जा रही कार्रवाई, अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट को सक्रिय किये जाने, अवैध मादक पदार्थों, अवैध हथियार, अवैध शराब तथा अन्य प्रतिबंधित पशुओं के विरूद्ध चलाये जा रहे सतत् अभियान, आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान चुनाव आयोग के निर्देश के अनुरूप प्रतिनियुक्त किये जाने वाले सीएपीएफ/ सैप तथा अन्य वाह्य बलों के आवासन व परिवहन की व्यवस्था करने, उग्रवादियों के विरूद्ध चलाये जा रहे नक्सल अभियान, नक्सल तथा आपराधिक आसूचना के आदान- प्रदान, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी एस ओपी के अनुपालन, की स्थिति, चुनाव संबंधी प्रशिक्षण तथा पूर्व में आहुत चुनावों से संबंधित लंबित काण्डों की स्थिति की समीक्षा की गई।लंबित वारंटों / कुर्कियों के निष्पादन, निरोधात्मक कार्रवाई एवं सक्रिय अपराधकर्मियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध करें कार्रवाई।पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड ने सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, झारखण्ड, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों से उनके क्षेत्राधीन जिलों में लंबित वारंटों / कुर्कियों के निष्पादन की स्थिति, निरोधात्मक कार्रवाई सक्रिय अपराधकर्मियों तथा अन्य उपद्रवियों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध की जा रही कार्रवाई, पूर्व में आहुत चुनावों से संबंधित लंबित काण्डों की अद्यतन स्थिति तथा उसमें हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया । तथा उनपर 01.01.2024 से -14.03.2024 तक अद्यतन कृत कार्रवाई की स्थिति के संदर्भ में वितृत जानकारी ली।राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों पर अन्तर्राज्यीय सभी चेक पोस्ट को सक्रिय करने, अवैध मादक पदार्थो, अवैध हथियार, अवैध शराब , प्रतिबंधित पशुओं पर अंकुश लगाने का दिया निर्देश। पुलिस महानिरीक्षक, अभियान-सह-स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी, ने लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए संगठित आपराधिक गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए सभी जिला में अपराधिक गिरोहों एवं उनके दस दुर्दांत सदस्यों को चिन्हित कर उसकी सूची तैयार कर फिरार अपराधकर्मियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार / कार्रवाई, जेल में बंद अपराधकमियों पर निगरानी रखने ताकि उसके द्वारा जेल से मोबाईल द्वारा अपने आपराधिक गिरोह का संचालन नहीं कर सके।

### अमेरिका की टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय ने दिया ये जवाब

## सीएए भारत का आंतरिक मामला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत ने नागरिकता संशोधन अधिनियम पर अमेरिका की टिप्पणी का जवाब दिया है. भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, सीएए भारत का आंतरिक मामला है. सीएए लागू होने पर अमेरिका का बयान गलत और अनुचित है. भारतीय विदेश मंत्रालय का ये जवाब अमेरिकी विदेश विभाग के उस बयान पर आया, जिसमें कहा गया था कि हम 11 मार्च को नागरिकता संशोधन अधिनियम की अधिसूचना को लेकर चिंतित हैं. अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था, हम बारीकी से निगरानी कर रहे हैं कि यह अधिनियम कैसे लागू किया जाएगा? मिलर ने कहा था, धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान और सभी समुदायों के लिए कानून के तहत समान व्यवहार मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत हैं. अमेरिका के बयान पर जवाब देते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 भारत का आंतरिक मामला है और इसके कार्यान्वयन पर संयुक्त राज्य अमेरिका का बयान गलत, गलत जानकारी वाला और अनुचित है.विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा,यह अधिनियम अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करता है, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में आ चुके हैं. सीएए



से नागरिकता मिलेगी, इससे किसी की नागरिकता नहीं छिनेगी. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है.रणधीर जयसवाल ने कहा, जहां तक अमेरिक विदेश विभाग के बयान का संबंध है. भारत का संविधान अपने सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है. अल्पसंख्यकों के प्रति किसी भी चिंता या व्यवहार का कोई आधार नहीं है. वोट बैंक की राजनीति को संकट में फंसे लोगों की मदद के लिए एक प्रशंसनीय पहल के बारे में विचार निर्धारित नहीं करना चाहिए. जिन लोगों को भारत की बहुलवादी परंपराओं और क्षेत्र के विभाजन के बाद के इतिहास की सीमित समझ है, उन्हें व्याख्यान देने का प्रयास नहीं करना चाहिए. भारत के भागीदारों और शुभचिंतकों को उस इरादे का स्वागत करना चाहिए, जिसके साथ यह कदम उठाया गया है.

## झामुमो गढ़वा प्रखंड कमेटी का किया गया विस्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झामुमो गढ़वा प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया है। इसमें कई नए चेहरों को शामिल किया गया है। गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद ने शुक्रवार को पार्टी के जिला कार्यालय में बैठक कर सभी नव चयनित पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा तथा उन्हें माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। विस्तार किए गए इस कमेटी में बाबर खां, विनय चंद्रवंशी को झामुमो प्रखंड सह सचिव, इफ्तेखार अंसारी को प्रखंड उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि गढ़वा प्रखंड झामुमो बुद्धिजीवी मोर्चा का विस्तार करते हुए महाबीर चौधरी को बुद्धिजीवी मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष, विजय पांडेय को सचिव, संजय मिश्रा को उपाध्यक्ष तथा उपेन्द्र चंद्रवंशी को कार्यकारी सदस्य बनाया गया है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद ने कहा कि सभी नवमनोनीत पदाधिकारी काफी ऊर्जावान एवं सक्रिय हैं। ये अपने-अपने क्षेत्र में संगठन के विकास एवं जनहित के लिए बेहतर कार्य करेंगे। ये संगठन की नीति, सिद्धांत एवं मंत्री श्री ठाकुर द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएंगे एवं सभी जरूरतमंद लोगों को आवश्यकता अनुसार योजनाओं से लाभान्वित भी करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, सचिव रितेश तिवारी, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी, अजय कुमार ठाकुर, मीडिया प्रभारी धनंजय पासवान, अखिलेश तिवारी, गुड्डू राम, जावेद अंसारी, रविन्द्र तिवारी, जितेंद्र चौधरी, कमल सिंह आदि उपस्थित थे।

### ईडी ने इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के खिलाफ दायर किया चार्जशीट

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) ने हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी और रिश्तेदार इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को चार्जशीट (आरोप पत्र) दाखिल किया है। ईडी ने जांच में पाए गए तमाम साक्ष्य के साथ आरोप पत्र दाखिल की है। ईडी ने कोर्ट को यह जानकारी दी है कि इजहार कैसे कोयले के कारोबार में संलिप्त था और अवैध कोयले के कारोबार से कैसे अकूत संपत्ति अर्जित की। इजहार अंसारी कई शेल कंपनियों के संचालक हैं। वह शेल कंपनियों के जरिए काले धन का संचालन करता है। 16 जनवरी को ईडी ने इजहार अंसारी के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी में 13 लाख कैश के साथ कई अहम दस्तावेज ईडी ने बरामद किया था।

## भारतीय सेना की उत्तरी कमान का अलंकरण समारोह 21 को

**एजेंसी**

**प्रयागराज :** भारतीय सेना की उत्तरी कमान 21 मार्च को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज सैन्य स्टेशन में आयोजित एक भव्य अलंकरण समारोह में अपने वीर और प्रतिष्ठित सैनिकों और यूनिटों को सम्मानित करेगी। पुरस्कार विजेताओं को उनकी असाधारण बहादुरी, कर्तव्य के प्रति सराहनीय समर्पण और प्रशंसा के लिए सम्मानित किया जाएगा। उत्तरी कमान में सेवारत सैनिकों की राष्ट्र के प्रति विशिष्ट सेवा, बहादुरी और बलिदान, अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए उनके त्याग और अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करता है। रक्षा मंत्रालय प्रयागराज के विंग कमांडर एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी समीर गंगाखेडकर ने बताया कि उत्तरी कमान भारतीय सेना की सबसे सक्रिय कमान है और राष्ट्र सुरक्षा के लिए सबसे



गम्भीर चुनौतियों, आतंकवाद के संकट और जम्मू कश्मीर में भयानक छद्म युद्ध का मुकाबला करने के प्रयासों में सबसे आगे है। उत्तरी कमान, एक महत्वपूर्ण सैन्य संगठन है जिसे भारत की उत्तरी सीमाओं की सुरक्षा का काम सौंपा गया है। इसका इतिहास ऑपरेशन मेघदूत, कारगिल युद्ध, आतंकवाद विरोधी अभियान, सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक तथा मानवीय सहायता और आपदा राहत संचालन एवं शांति मिशन जैसी कई उपलब्धियों से चिह्नित है। इसकी उपलब्धियां भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा, सीमाओं की रक्षा और इसकी सम्प्रभुता को बनाए रखने में उत्तरी कमान की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है। विंग कमांडर ने बताया कि इस अलंकरण समारोह के दौरान भारतीय सेना की वीरता के बारे में पता चलेगा। भारतीय सेना के वीरता की कोई सीमा नहीं है। उत्तरी कमान के ये सैनिक गुमनाम नायक हैं, जिनकी वीरता घाटियों से होकर पूरे देश में गूंजती है और प्रयागराज स्टेशन को अपनी समृद्ध संस्कृति और परम्परा के कारण यह जिम्मेदारी दी गई है। लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ, उत्तरी कमान, भारतीय सेना के अधिकारियों और सैनिकों को पुरस्कारों से सम्मानित करेंगे। यूनिटों को राष्ट्र की विशिष्ट सेवा, बहादुरी एवं उनकी असाधारण कार्य और अद्वितीय उपलब्धियों के लिए जीओसी-इन-सी यूनिट प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया जाएगा।